e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 289
रविवार
22.10.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

हमारी समस्या का हल सिर्फ हमारे पास ही है, दूसरों के पास तो हमारी समस्या का सुझाव है !

**अष्टमी** **महागौरी**



नवरात्रि के सातवें दिन मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। इनके पूजन से सभी सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। कालरात्रि माता दैत्यों के नाश के लिए और भक्तों को अभय देने के लिए विकराल रूप धारण करती हैं। ये अपने हाथ में खड्ग और नरमुण्ड धारण करती है।

## राजस्थान : कांग्रेस 33 व बीजेपी ने 83 प्रत्याशियों की जारी की सूची

# कांग्रेस व भाजपा ने अपने टॉप चेहरों को मैदान में उतारा

*** सीएम अशोक गहलोत को सरदारपुरा व पूर्व सीएम वसुंधरा राजे को झालरापाटन से मिला टिकट**

एजेंसी

**जयपुर :** राजस्थान में कांग्रेस के 33 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी गई। कांग्रेस की सूची जारी होने से ठीक पहले बीजेपी ने भी 83 नामों की जंबो सूची जारी की। जिसमें वसुंधरा राजे को झालरापाटन से फिर से टिकट दिया गया है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने इस लिस्ट में अपने टॉप चेहरों को उतार दिया है। कांग्रेस ने सीएम अशोक गहलोत को सरदारपुरा से, सचिन पायलट को टोंक से,हरीश चौधरी को बायतू से , प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को लक्ष्यमण गढ़ और विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी को नाथद्वारा से रिपीट प्रत्याशी बनाया है। ये सभी पिछला चुनाव भी इन्हीं सीटों से लड़े थे। वहीं, भाजपा ने पूर्व सीएम वसुंधरा राजे को उनकी सीट झालरापाटन से फिर से मैदान में उतार दिया है। भाजपा की सूची में यह नाम सबसे ज्यादा चौंकाने वाला था। पहली सूची में वसुंधरा राजे को जगह नहीं दी गई थी। इसलिए यह सवाल खड़े हो रहे थे कि क्या भाजपा ने राजे को साइडलाइन कर दिया है।

### भाजपा ने 5 विधायकों के टिकट काटे, 14 नए चेहरे

भाजपा ने लिस्ट में अपने 5 विधायकों के टिकट काट दिए हैं और दो की सीट बदली है। जिन विधायकों के टिकट काटे गए हैं उनमें अशोक लाहौटी, ललित ओस्तवाल, चंद्रभान आक्या और सुभाष पूनियां हैं। वहीं गुलाबचंद कटारिया अब राज्यपाल हो गए हैं। इसलिए उनका टिकट बदलना तय था।



### कांग्रेस ने बदले 2 टिकट

कांग्रेस ने 33 में से सिर्फ 2 टिकट बदले हैं। इसमें एक नाम कुशलगढ़ एसटी सीट से रमीला खड़िया को प्रत्याशी बनाया है। रमीला खड़िया ने पायलट गुट के बगावत के समय अशोक गहलोत का साथ दिया था। वहीं, मंडावर सीट पर ललित यादव को टिकट दिया गया है। यहां कांग्रेस लगातार चुनाव हार रही थी।

### पायलट समर्थकों को भी टिकट



गौरतलब है कि लिस्ट जारी होने से पहले ही अशोक गहलोत ने बयान दिया था कि उन्होंने पायलट कैंप के प्रत्याशियों के नामों पर कोई आपत्ति नहीं है। लिस्ट में यह नजर भी आया है। पायलट समर्थक इंद्रराज गुर्जर, मुकेश भाकर को सूची में जगह दी गई है।

**भाजपा ने पूर्व सीएम वसुंधरा राजे को उनकी सीट झालरापाटन से फिर से मैदान में उतार दिया है। पहली सूची में वसुंधरा राजे को जगह नहीं दी गई थी।**

### एमपी में भाजपा ने जारी की पांचवीं सूची

मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपनी एक और सूची जारी कर दी। इस सूची में 92 नामों की घोषणा की गई है। इसमें 12 महिला हैं। चुनाव केंद्रीय समिति की बैठक में शेष 94 नामों पर चर्चा हुई है। इसके बाद ये सूची जारी की गई। बता दें कि गुना और विदिशा से भाजपा ने नाम रोके हैं। प्रदेश की 227 सीटों पर मुकाबला लॉक हो गए हैं।
भाजपा अब तक कुल 228 नाम पर मुहर लगा चुकी है। 2 सीटों पर नामों का एलान होना बाकी है।

## पूजा पंडालों के खुले पट मां के दर्शन को उमड़े भक्त



छाया : नसीम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** शनिवार को विभिन्न पूजा पंडालों में मां दुर्गे की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा किए जाने के साथ ही भक्तों के दर्शन के लिए पंडालों के पट खोल दिए गए। पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ मां के दर्शन के लिए उमड़ पड़ी।इससे पहले शहर के विभिन्न पूजा समितियों के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं के द्वारा ढोल-ढाक और शंख ध्वानि के साथ कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें शामिल लोग माथे पर कलश और कांधे पर डोली लिए बड़ा बांध तालाब पहुंचे, जहां पंडितों की देख-रेख में बेलभरनी पूजा कर कलश में जल भरा गया तथा मां को डोली में बिठाकर पूजा मंडप में लाया गया। इसके बाद धार्मिक अनुष्ठान के साथ कलश स्थापित कर प्रतिमाओं में प्राण प्रतिष्ठा की गई। इसके साथ ही मां दुर्गा की सप्तमी पूजा प्रारंभ हो गई। महासप्तमी को मां के सप्तम स्वरूप कालरात्रि की अराधना की गई। मां का यह स्वरूप तीन नेत्रों वाली तथा शरीर का रंग धने अंधकार की तरह काला है। मां कालरात्रि दुष्टों का विनाश करने वाली तथा ग्रह बाधाओं को दूर करने वाली है। ये सदैव शुभ फल देने वाली हैं। इसी कारण इन्हें शुभंकारी भी कहा जाता है। इनकी पूजा से समस्त पापों से मुक्ति मिलती है। मां के इस स्वरूप की पूजा अर्चना के लिए शहर के विभिन्न दुर्गा मंदिरों एवं पूजा पंडालों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। वैदिक मंत्रों और दुर्गा सप्तशती के पाठ तथा ढोल-ढाक और शंख ध्वनि एवं भजन आरती से यहां हर तरफ भक्ति का माहौल है। पूजा पंडालों के श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है।माता को प्रसाद चढाने के लिए श्रद्धालु, पान, पुष्प, नारियल, फल, पकवान आदि पवित्र चीजो की खरीदारी कर माता को अर्पित कर धन्य-धन्य महसूस करने लगे है। शहर के विभिन्न जगहो पर पूजा समिति के लोग श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी नहीं हो, नतीजतन पूरी मुस्तैदी के साथ जुट गये है। इसके अतिरिक्त पुलिस की गश्त सहित जगह-जगह तैनात पुलिस बल के जवान लगातार यातायात आदि को सुचारू रखने के लिए मुस्तैदी के साथ कार्य कर रहे है। सप्तमी तिथि के अपेक्षा अष्टमी एवं नवमी तिथि को भीड़ बढ़ने की संभावना है। ऐसा अनुमान है कि अष्टमी एवं नवमी को भक्तो का सैलाब माता के दर्शन को घरो से निकलेगे। ऐसे में पूजा समिति के सदस्यों सहित शासन-प्रशासन के लोग भी पूरी तैयारी कर ली है।

## क्विक न्यूज

### झारखंड में ठंड की दस्तक, रात में बढ़ी सिहरन

**रांची :** राज्य में ठंड ने दस्तक दे दी है। रांची और आसपास के क्षेत्रों में रात के दौरान सिहरन बढ़ने लगी है। न्यूनतम तापमान में गिरावट आ रही है। शनिवार को रांची का अधिकतम 27 तापमान और न्यूनतम तापमान 16 डिग्री दर्ज किया गया। शहर के तापमान से कांके और आसपास का तापमान करीब दो डिग्री नीचे आ गया है। हालांकि, दिन में आसमान साफ होने के कारण धूप खिल रही है। अन्य शहरों के तापमान में भी गिरावट आ रही है। रांची मौसम केन्द्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शनिवार को बताया कि पूरे राज्य से मानसून की विदाई हो चुकी है। दुर्गा पूजा में लोग घूमने फिरने का आनंद ले सकते हैं। मौसम बढ़िया रहेगा। वर्षा होने की कोई संभावना नहीं है। इसके अलावा राज्य के बाकी हिस्सों में मौसम शुष्क बना रहेगा। रांची में 20 से 23 अक्टूबर को आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है। इसके बाद राज्य के तापमान में गिरावट होगी, जिससे राज्य में ठंड का प्रकोप बढ़ेगा। राज्यवासियों को सुबह और शाम ठंड परेशान करेगी।

### रूस के कलाकार अयोध्या में करेंगे रामलीला

**लखनऊ :** रामनगरी अयोध्या में होने वाले विश्व प्रसिद्ध दीपोत्सव में इस वर्ष रूसी कलाकार भी रामलीला का मंचन करेंगे। अयोध्या शोध संस्थान के निमंत्रण पर रूसी-भारतीय मैत्री संघ दिशा ने पूर्वाभ्यास की तैयारी भी शुरू कर दी है। डॉ.रामेश्वर सिंह ने बताया कि दीपोत्सव में पद्मश्री गेनादि पेचनिकोव की स्मृति में रूसी कलाकार 9-11 नवंबर तक दीपोत्सव के मंच पर दिशा रामलीला प्रस्तुत करेंगे।रामलीला कमेटी के निर्माता एवं निर्देशक डॉ.रामेश्वर सिंह ने बताया कि रूस में रामलीला मंचन का इतिहास 1960 से है। रूसी राम के तौर पर लोकप्रिय रहे गेनादि मिखाइलोविच पेचनिकोव ने 20 वर्षों तक रामलीला का मंचन किया। वह कई बार भारत आए उन्हें बाल मित्र सहित पद्मश्री जैसे सर्वोच्च पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दुर्गा पूजा के अवसर पर लोगों को दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दुर्गा पूजा के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं. राष्ट्रपति ने अपने एक संदेश में कहा कि दुर्गा पूजा का त्योहार बुराई पर अच्छाई, अज्ञान पर जागरूकता और असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है. इसके साथ ही उन्होंने मां दुर्गा से नैतिकता के मार्ग पर चलने और समाज के कल्याण के लिए काम करने के लिए मार्गदर्शन करने की भी कामना की.

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 29° |
| न्युनतम | 16° |

# गगनयान मिशन का पहला ट्रायल सफल



एजेंसी

**नई दिल्ली :** इसरो ने मिशन गगनयान के पहले चरण की सफल लॉन्चिंग कर इतिहास रच दिया. गगनयान के क्रू मॉड्यूल एस्केप सिस्टम का लाइव परीक्षण सफलतापूर्वक हो गया, लेकिन यह इतना आसान नहीं था. इससे पहले इसरो को कई परेशानियों का सामना करना पड़ा था, तब जाकर इसकी सफल लॉन्चिंग हो सकी. शनिवार को गगनयान मिशन के पहले चरण का ट्रायल सफलतापूर्वक पूरा हो गया.श्रीहरिकोटा से उड़ान भरने के बाद गगनयान ने बंगाल की खाड़ी में लैंडिंग की.घड़ी में 10 बजते ही इसरो ने अपने महत्वाकांक्षी मिशन गगनयान के पहले चरण का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण कर इतिहास रच दिया. खास बात यह है कि महज आधे घंटे में तकनीकी खराबी को दूर कर मिशन को फिर से लॉन्च कर दिया गया, ये इसको के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है. श्रीहरिकोटा से उड़ान भरने के बाद सबसे पहले टेस्ट व्हीकल क्रू मॉड्यूल और क्रू एस्केप सिस्टम को आसमान में लेकर गया और फिर 594 किमी की रफ्तार के साथ क्रू मॉड्यूम और क्रू एस्केप सिस्टम 17 किमी. की ऊंचाई पर अलग हुआ. इसके बाद पानी से ढाई किमी. की ऊंचाई पर मॉड्यूल के मुख्य पैराशूट खुलने के साथ ही इसकी लैंडिंग बंगाल खाड़ी में हो गई. अब यहीं से क्रू मॉड्यूल और एस्केप सिस्टम की रिकवरी होगी. इसरो के इस परीक्षण का मकसद 2025 के लिए गगनयान मिशन को तैयार करना है. वहीं इस मिशन की सफलता के लिए इसरो चीफ ने साथी वैज्ञानिकों को बधाई दी और खुशी भी जाहिर की.

## कोडरमा : फूड प्वाइजनिंग से 70 लोग बीमार

# फूड प्वाइजनिंग के दोषियों पर होगी कार्रवाई : उपायुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कोडरमा :** जिले के लोकाई स्थित गोसाई टोला और बलरोटांड़ में फूड प्वाइजनिंग से महिलाएं और बच्चे बीमार हो गए.

फिलहाल सभी बीमार बच्चों और महिलाओं को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा में भर्ती कराया गया है. जहां फूड प्वाइजनिंग से बीमार बच्चों और महिलाओं का इलाज किया जा रहा है. कोडरमा डीसी के मुताबिक करीब 70 लोग बीमार हैं.

बताया जाता है कि गांव में गोलगप्पा बेचने वाला आया हुआ था. इस दौरान गांव के कई लोगों ने गुपचुप खाया.जिसके बाद से सभी की तबीयत बिगड़ने लगी. देखते ही देखते कई लोगों को उल्टी और दस्त होने लगा.

जिसके बाद आनन-फानन में सभी बीमार लोगों को सदर अस्पताल कोडरमा में भर्ती कराया गया. जहां फूड प्वाइजनिंग से पीड़ित लोगों का इलाज चल रहा है.



घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन सक्रिय हो गया. कोडरमा की उपायुक्त मेघा भारद्वाज और एसडीओ संदीप मीना सदर अस्पताल पहुंचे और बीमार बच्चों और महिलाओं का हाल जाना. उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने चिकित्सकों को मरीजों का सही ढंग से इलाज करने का निर्देश दिया है. डीसी ने कहा कि फूड प्वाइजनिंग के कारणों की जांच होगी और जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा।

उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी को सभी प्रमुख मेले और होटलों की जांच करने का निर्देश दिया गया है। मिलावटी सामान बेचते पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उपायुक्त ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि दुर्गा पूजा के मेले में खान पान पर विशेष सावधानी बरतें। जहां तक सम्भव हो खुले में रखे मिठाईयां, चाट, गुपचुप, पकौड़ी खाने से परहेज करें। होटलों में जाने से पहले साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें।

# दिल्ली से पलामू जा रहा था एक परिवार, सड़क हादसे में पांच की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**नई दिल्ली-पलामू :** राजधानी दिल्ली के कालिंदीकुंज थाना क्षेत्र के मदनपुर खादर जेजे कॉलोनी में रहने वाले एक परिवार के लोग भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गया. इसमें परिवार के चार लोगों समेत पांच की मौत हुई है. साथ ही परिवार के तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. उनका उपचार चल रहा है.यह परिवार झारखंड के पलामू स्थित हुसेनाबाद जाने के लिए शुक्रवार देर शाम घर से निकाला था. रात करीब एक बजे गौतम बुद्ध नगर में कार यमुना एक्सप्रेसवे पर हादसे का शिकार हो गई. इसमें आठ लोग सवार थे, जिसमें पांच लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए.हादसे के बाद से मदनपुर खादर जेजे कॉलोनी में मातम पसरा है. लोग गमगीन हैं.

हादसे में जान गंवाने वाले लोग पड़ोसियों से मिलकर घर से निकले



थे. इसके कुछ ही घंटे बाद हादसे की सूचना मिली तो लोगों को यकीन नहीं हुआ.पड़ोसियों ने बताया कि ये परिवार झारखंड के पलामू स्थित एक श्राद्ध कार्यक्रम में जाने के लिए निकला था. हादसे में उपेंद्र बैठा (38 साल), विजेंद्र बैठा (36 साल) और उनकी पत्नी कांति देवी (30 साल), बेटी ज्योति (12 साल) और कार चालक सुरेश (45 साल) की मौत हुई है. वहीं उपेंद्र का बेटा सूरज (16 साल) और विजेंद्र के दो बेटे आयुष (8 साल) और आर्यन (10 साल) गंभीर रूप से घायल हुए हैं.

### बीजेपी सांसद ने महुआ मोइत्रा के खिलाफ जांच के लिए लोकपाल को लिखी चिट्ठी

**नई दिल्ली :** महुआ मोइत्रा से जुड़ा कैश-फॉर-क्वेश्चन विवाद बढ़ता जा रहा है. अब बीजेपी के सांसद निशिकांत दुबे ने लोकपाल को पत्र लिखकर तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा के कार्यों की जांच करने की मांग की है. बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा है।सीबीआई- सीबीआई सुनते-सुनते थक गया हूं.लोकपाल को शिकायत दर्ज करा दी.सांसद मंत्री का भ्रष्टाचार लोकपाल ही देखता है, सीबीआई ही उसका माध्यम है.

### पश्चिमी सिंहभूम में तीन आईईडी बम बरामद

**पश्चिमी सिंहभूम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) पुलिस ने टोंटो थाना के पाटातोरब के पास सर्च अभियान के दौरान तीन आईईडी और एक स्पाइक हॉल बरामद किया गया है।एसपी आशुतोष कुमार ने शनिवार को बताया कि नक्सलियों के खिलाफ सर्च के दौरान आईईडी और स्पाइक हॉल बरामद किया गया।

असर्फी कैंसर संस्थान
हर प्रकार के कैंसर का इलाज़ अब धनबाद में
कैंसर रोग विशेषज्ञों की टीम
Dr. Ramesh Kumar MD, DNB Medical Oncology
Dr. Shibaji Basu MS, MCh Onco.Surgery
Dr.Biplab Mishra MBBS, DNB Radiation Oncology
Dr Vivek Dokania MS (ENT), Fellowship In Head & Neck Onco. Surgery.
दिन : सोमवार से शनिवार
समय : सुबह 10 बजे से 4 बज़े तक
9297970030
Asarfi Educity,Ranguni,Bhuli Rd. Dhanbad-828105

**संक्षिप्त खबरें**

## एक ही परिवार के चार लोग समेत पांच की मौत, तीन घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** थाना क्षेत्र अंतर्गत कचरा गांव के एक ही परिवार के चार एवं एक ड्राइवर पांच लोगों की मौत हो गयी,बताया जा रहा है कि सभी दिल्ली से पलामू के कचरा गांव घर रहे थे बतादे की मृतक उपेंद्र बैठा व बिजेंद्र बैठा के बहनोई की मौत हो गयी थी उसी के श्राद्ध कार्यक्रम में सभी आ रहे थे,उसी क्रम में दिल्ली से झारखंड की आने के क्रम में यमुना एक्सप्रेसवे पर कार से दूसरे वाहन की टक्कर हो गयी, जिसमे एक ही परिवार के चार लोग एवं एक ड्राइवर कुल पांच लोगो की मौत हो गयी, वही तीन बच्चा घायल है जिनका ईलाज चल रहा है, घटना के बात रिश्तेदार वहां पहुच चुके है पोस्टमार्टम के बाद शव को मृतक के गांव लाया जाएगा, मृतकों में उपेंद्र बैठा 38 वर्ष, बिजेंद्र बैठा 36 वर्ष पिता रामप्रीत बैठा, कांति देवी 30 वर्ष पति बिजेंद्र बैठा, ज्योति कुमारी 12 वर्ष पिता बिजेंद्र बैठा, ड्राइवर एवं घायलो में सूरज कुमार बैठा 16 वर्ष, आर्यन 10 वर्ष, आयुश 8 वर्ष का नाम शामिल है।

**संस्मरण दिवस पर शहीदों को याद किया गया**

# आईजी और एसपी ने परिजनों से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर के पुलिस लाइन में संस्मरण दिवस समारोह पर पलामू आईजी राजकुमार लकड़ा, एसपी रीष्मा रमेशन, एडीपीओ सुरजीत कुमार समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। आईजी राजकुमार लकड़ा ने आईजी ने सभी शहीद होने वाले जवान और अधिकारियों के नाम पढ़ा और उन्हें श्रद्धांजलि दी. आईजी ने कहा कि झारखंड की पुलिस सभी शहीद जवानों के परिजनों के साथ खड़ी है और उनकी सभी समस्याओं का समाधान कर रही है। पलामू एसपी रीष्मा रामेशन ने कहा कि यह एक भावुक क्षण होता है और जब हम शहीदों को याद करते है, उनके परिजनों के साथ पुलिस खड़ी है। इस समारोह में पलामू में शहीद 12 जवान और अधिकारी के परिजन मौजूद रहे, 12 में 07 शहीदों के पत्नी शामिल रहीं। हाल ही चाईबासा में नक्सल अभियान में शहीद हुए सब इंस्पेक्टर अमित तिवारी के पिता भी इस समारोह में मौजूद रहे। पलामू पुलिस के अधिकारियों ने सभी शहीद के परिजनों को सम्मानित किया। इस मौके पर शहीद के परिजनों ने पोस्टिंग, बच्चों की फीस और पेंशन संबंधी समस्याओं को अधिकारियों के सामने रखा। बता दें कि पलामू पुलिस लाइन में शहीद पार्क बनाया गया है जहां शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी जाती है. प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस संस्मरण दिवस के अवसर पर समारोह का आयोजन किया जाता है।

## प्रशासन की ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिशुनपुरा :** शारदीय नवरात्र व दशहरा पूजा शांतिपूर्ण संपन्न करने को लेकर प्रशासन की ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च में बिशुनपुरा अंचलाधिकारी निधि रजवार व थाना प्रभारी संजय कुमार कुशवाहा शामिल थे। फ्लैग मार्च थाना परिसर से ब्लॉक मोड़ होते हुए संध्या मोड़, लाल चौक, शंकर मोड़, चकचक मोड़, गांधी चौक होते हुए पुणः ब्लॉक मोड़ पहुंचा। मौके पर अंचलाधिकारी निधि रजवार ने कहा कि दुर्गा पूजा व दशहरा पर्व को देखते हुए बिशुनपुरा में शांति व्यवस्था काम करने के लिए फ्लैग मार्च निकाला गया है। वहीं थाना प्रभारी संजय कुमार कुशवाहा ने कहा कि दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए बिशुनपुरा प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। पुलिस शहर के हर तरह की गतिविधियों पर नजर रखी हुई है। उन्होंने तमाम लोगों से अपील किया कि दुर्गा पूजा के दौरान किसी तरह की अफवाह में ना पड़े, किसी तरह की घटना की सूचना प्रशासन को तुरंत दे। मौके पर अंचल अमीन जयप्रकाश गुप्ता, पुलिस अवर निरीक्षक अजीत गिरी सहित पुलिस के जवान मौजूद रहे।

## ऑटो पलटने से 50 वर्षीय व्यक्ति घायल



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर थाना क्षेत्र के मुस्लिम नगर निवासी साबिर कुरेशी उम्र 50 वर्ष टेंपो बैटरी पलटने से गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बारे में बताया जाता है कि साबिर कुरेशी शनिवार की सुबह छह मुहान से टेंपो पर स्वर होकर शाहपुर किसी काम से जा रहा था।इसी बीच रास्ते में टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गई।जिसमें वह गंभीर से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में लाया गया। जहां इलाज के बाद वह खतरे से बाहर है। बताते चले की अक्सर देखा जाता है कि बैटरी ऑटो पलटने से लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।वही दुर्घटना की खबर सुनकर परिजन अस्पताल पहुंचकर अपने देख-रेख में साबिर कुरेशी का इलाज करवा रहे हैं।

## पूजा पंडाल का खुला पट

**पांकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री राम जानकी मंदिर परिसर स्थित पूजा पंडाल का खुला पट। प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी राजकुंवर सिंह, थाना प्रभारी उपेंद्र नारायण सिंह,भाजपा नेत्री लवली गुप्ता, मुखिया प्रेम प्रसाद, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद, मंदिर अध्यक्ष मुरली प्रसाद, उप प्रमुख अमित कुमार चौहान, मंदिर सचिव उपेंद्र गुप्ता,भाजपा नेता अजय गुप्ता, उप मुखिया अनारिक राम के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया शुभारंभ।

## दुर्गा सप्तमी के अवसर पर पांकी शिवाला मंदिर से निकली भव्य शोभायात्रा



**पांकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के शिवाला मंदिर से शनिवार की सुबह ढोल बाजे एवं भगवा ध्वज के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई, इस दौरान शोभायात्रा कार्यक्रम में शामिल सैकड़ो श्रद्धालुओं ने जय माता दी के नारे लगाते हुए प्रखंड के मुख्य बाजार भगत सिंह चौक एवं कर्पूरी ठाकुर चौक होते हुए एवं महावीर चौक का भ्रमण भ्रमण किया, मौके पर शोभायात्रा कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे मिथिलेश पांडे, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद, भाजपा नेता अजय गुप्ता, सोनू गुप्ता सहित अन्य लोगों ने बताया कि इस वर्ष शिवाला मंदिर परिसर में बड़े ही धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाया जा रहा है, शोभायात्रा कार्यक्रम के पश्चात भव्य पंडाल का पट खोला जाएगा इसके पश्चात श्रद्धालु माता का दर्शन कर सकेंगे। शोभायात्रा कार्यक्रम में पांकी बस्ती के सैकड़ो महिला पुरुष एवं बच्चे शामिल थे।

## महावीर जी भवन में दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा पट का हुआ उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** महावीर जी भवन में दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा का शनिवार को पट उदघाटन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष मिंटू अग्रवाल ने की। संचालन सचिन आनंद ने किया। पुजारी गोपाल पाठक व यज्ञ आचार्य धर्मराज पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार से विधिवत आह्वान किया। हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण, भाजपा के वरिष्ठ नेता बिनोद कुमार सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह, प्रकाश लाल अग्रवाल, दिनेश प्रसाद कश्यप, नवाह समिति अध्यक्ष राजेंद्र पाल आदि ने संयुक्त रूप से आरती से की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये एसडीओ कमलेश्वर नारायण ने कहा कि दशहरा पर्व खुशनुमा माहौल में मनाने की जरूरत है। अभिमन्यु अग्रवाल, डॉ शिवकुमार विश्वकर्मा, मोहन सोनी, दीनानाथ सोनी, पूर्व नपं अध्यक्ष रामेश्वर राम, निवर्तमान वार्ड पार्षद सह महायज्ञ समिति के अध्यक्ष राजेंद्र पाल, सचिव राजेश सिंह, सूरज गुप्ता, अरविंद ओझा, श्रवण अग्रवाल, उदयनाथ विश्वकर्मा, देवेंद्र नाथ गुप्ता, सुबोध कश्यप, रंजन सौंडिक, हर्ष, प्रियांशु, कल्लू, पप्पू, संतोष गुप्ता, उदय सोनी, राजकुमार कश्यप, मोनू, सोनू ठाकुर, छोटेलाल समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## विधायक ने किया पूजा पंडाल का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज (पलामू) :** मेन बाजार स्थित नवयुवक सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में आयोजित दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने शनिवार को फीता काट कर किया। इस दौरान कमेटी की ओर से विधायक श्री सिंह को स्मृती चिह्न और अंग वस्त्र भेंट की गई। मौके पर विधायक ने दुर्गा मंदिर निमार्ण कार्य में 2.50 लाख रुपए आर्थिक सहयोग करने की घोषणा की। कहा कि जनप्रतिनिधि किसी जात के नहीं जमात के होते हैं। जब मंत्री थे तो जनता की मांग पर पिपरा को प्रखंड बनाया। तब से लगातार जनहित के कार्यो के साथ ही विकास कार्यो को धरातल पर उतारने में जुटे हैं। कहा कि गरीबों के हितों की रक्षा और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना हर जनप्रतिनिधि का कर्तव्य बनता है। उन्होंने कमेटी के संस्थापक सदस्य अवध गुप्ता को माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश अकेला, सचिव संजय कुमार, व्यवस्थापक रॉबर्ट गुप्ता, कोषाध्यक्ष भोला प्रसाद गुप्ता, सांस्कृतिक मंत्री बीनू जायसवाल, अजय स्वर्णकार, विधायक प्रतिनिधि अजीत कुमार सिंह, एनसीपी नेता अखिलेश मेहता, पप्पू सिंह, योगेंद्र सिंह उर्फ गुडडू सिंह, मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा, अजय सिंह, मनीष सिंह, सुरेश कुमार सिंह, उदय सिंह, जनेश्वर भुईयां, रामप्रसाद भुईयां, चंचल सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। बाद में विधायक ने क्षेत्र के रक्सेल तेंदुआ, कटैया, कोसडीहरा, ढाब, सूलतानी, बलरा सहित कई पूजा पंडालों में जाकर माथा टेका और मां दुर्गा से क्षेत्र में अमन चैन और खुशहाली की कामना की।

## शारदीय नवरात्रि के सप्तमी दिन सैकड़ो लोग कलश यात्रा में लिए भाग



**खरौंधी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी माँ शारदीय नवरात्रि के सप्तमी के दिन प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में कलश यात्रा में हज़ारों लोग शामिल हुए। वंही नव युवा क्लब बैतरी के द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाला गया, जिसकी अध्यक्षता मनीष प्रजापति ने किया। इस जुलुश में सैकड़ों माताओं बहनों ने शामिल होकर बैतरी स्कूल से होकर चंदनी डोमणी नदी में जल यात्रा किया। इसके बाद जल यात्रा कर सभी लोग पूजा पंडाल में कलश रखकर पूजा में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में उपस्थित नवयुवक क्लब बैतरी अध्यक्ष मनीष प्रजापति, सचिव पिंटू प्रजापति, कोषाध्यक्ष संतोष यादव, संचालक रुद्र प्रताप गुप्ता, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बेलवरण पुजा के बाद माता रानी को पालकी में बैठकर नगर भ्रमण किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** प्रखंड के अंतर्गत लंगर कोट गांव में बेलवरण पुजा के बाद माता रानी को पालकी में बैठकर गांजे बाजे के साथ समस्त नगर भ्रमण किया गया मां के छठे स्वरूप देवी कात्यायनी की पुजा हुई बेलवरण अनुष्ठान हुआ बेलवरण अनुष्ठान के लिए बेल सहित अन्य वृक्षों की पूजा की गयी इसके साथ पंडलो पट खोल दिये गये हुसैनाबाद क्षेत्र के विभिन्न पंडालों में मां दुर्गा के विभिन्न रूपों को देखकर भक्त भाव को विभोर हो गए शाम होते ही सभी पूजा पंडाल बनाए गए एवं तोरण द्वार आकर्षक लाइट से जगमगा हो उठे मां के भक्त पुरे साल इस समय का इंतजार करते हैं इस बार मां दुर्गा हाथी पर आयी है जो बेहद शुभ माना गया है। मौके पर आर्चय रामाकांत तीवारी दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष सुदेश्वर प्रसाद गुप्ता मुख्य यजमान संतोष कुमार सिंह मुन्ना कुमार पटेल लवकुश कुमार दिनेश्वर चौधरी अरुण कुमार सिंह गोपाल चौधरी सुरज कुमार पासवान सुनिता देवी सविता देवी सरस्वती देवी अंजलि शर्मा पुनिता देवी सोनिया देवी ललीता देवी मीणा देवी सहित अन्य महिला पुरुष श्रद्धालुओं मौजूद भक्त थे।

## मां दुर्गा की भक्ति से मिलती है शक्ति : प्रमुख पंचम प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांकी :** प्रखंड के श्री रामजानकी मंदिर के प्रांगण में दुर्गा पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है, शनिवार की दोपहर सप्तमी तिथि पर माँ दुर्गा का पट पांकी प्रमुख पंचम प्रसाद, अंचलाधिकारी राजकुँवर सिंह, थाना प्रभारी उपेंद्र नारायण सिंह, उपप्रमुख अमीत चौहान, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष शंकर प्रसाद, मंदिर अध्यक्ष मुरली प्रसाद, पांकी मुखिया प्रेम प्रसाद के द्वारा संयुक्त रूप से विधिवत पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर पूजा पंडाल का पट खोला गया। मौके पर प्रमुख पंचम प्रसाद ने कहा कि माँ की भक्ति से हमें शक्ति मिलती है, माँ की उपासना से सभी संकट दूर होती है उन्होंने प्रखंड वीडियो को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं देते हुए शांति और सौहार्द के साथ पूजा मनाने की अपील की। मौके पर मंदिर सचिव उपेंद्र गुप्ता, अजय गुप्ता, उपमुखिया अनारिक राम विकाश कुमार, पप्पू यादव मौजूद थे।

## झरहा में नवरात्रि कलश स्थापना को लेकर निकाली गई भव्य शोभायात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** प्रखंड अंतर्गत महुअरी पंचायत के झरहा गांव में शारदीय नवरात्रि कलश स्थापना के लिए शनिवार को पारंपरिक ढोल सिंघा व बैंड बाजे डीजे के साथ पंडित विरेन्द्र पाठक के नेतृत्व में भव्य कलश जल यात्रा व शोभा यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा पूजा मंडप से आरंभ होकर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए चिरैयांखाड़ गरोही नदी घाट पर पहुंची जहां पुजारियों ने वैदिक मंत्रोचार के साथ जल भरी कराया। जल भरकर श्रद्धालु पुनः पूजा स्थल पर पहुंचे जहां विधिवत विधी विधान के साथ माता रानी की पूजा आरंभ हुई। शोभा यात्रा के दौरान जय माता दी जय श्रीराम, जय हनुमान व हर-हर महादेव के उद्घोष से वातावरण गूंज उठा। जल यात्रा में महुअरी पंचायत के मुखिया सरिता देवी पूर्व मुखिया लवकुश सिंह लालधन ठाकुर बिमलेश पासवान राजेश सिंह अमरेन्द्र सिंह सुनिल सिंह सुभाष कुमार कुंदन सिंह सुनील पासवान राजू बैठा गुड्डु बिट्टू विकी अमन सहित सैकड़ों महिला पुरुष तथा युवा भक्तगण शामिल थे।

## माता का खुला पट्ट, दर्शन को उमड़े श्रद्धालु



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शारदीय नवरात्र के सप्तमी तिथि को सभी पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का पट्ट खुल गया। जहां एक ओर प्राण प्रतिष्ठा की पूजा हो रही है वहीं दूसरी ओर एक साल के इंतेजार के बाद श्रद्वालु पंडाल पहुंच मां का दर्शन कर रहे हैं। उधर गढ़देवी मंदिर में स्थापित मां की प्रतिमा के दर्शन के लिए भी भारी भीड़ मंदिर पहुंच रही है। मां का पट्ट खुलते ही गढ़देवी मंदिर के अलावे विभिन्न पूजा पंडाल में मां का दर्शन करने के लिए श्रद्वालुओं की भीड़ उमड़ रही है। मां का पट्ट खुलते ही पंडाल में दुर्गा मईया के जयकारे से गूंज उठा। मां का दर्शन करने के लिए भक्तों का उत्साह देखने लायक था। दिन के दो बजे के बाद पूरा शहर दुर्गामय हो गया था। मानों हर तरफ भक्ति की बयार बह रही हो।

## जिले के उपायुक्त और एसपी के अलावे कई पदाधिकारियों ने यज्ञ स्थल पहुंच कर तैयारियों का लिया जायजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के पाल्हे-जतपुरा में आगामी 23 अक्टूबर से आयोजित होने वाले लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर जिले के उपायुक्त शेखर जमुआर और एसपी दीपक पांडेय के अलावे कई पदाधिकारियों ने यज्ञ स्थल पहुंच कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान पदाधिकारियों ने महान संत जीयर स्वामी जी महाराज से आशीर्वाद लिया। इसके बाद निमियाडीह में बनने वाले तीन हेलीपैड का जायजा पदाधिकारियों ने लिया। डीसी और एसपी ने भवन निर्माण विभाग और एनएचएआई के पदाधिकारियों को ससमय कार्य पूरा करने का निर्देश देते हुये एनएचएआई को हेलीपैड का बैरिकेटिंग करने का निर्देश दिया। वहीं डीसी ने यज्ञ स्थल पर पेयजल व शौचालय की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश पीएचईडी के पदाधिकारी को दिया। अंचल पदाधिकारी को यज्ञ स्थल पर टैंकर की व्यवस्था और बिजली विभाग को नियमित बिजली आपूर्ति करने की बात कही। दोनों पदाधिकारियों ने यज्ञ स्थल पर यज्ञ समिति के लोगों से यज्ञ के दौरान होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी लिया. एसपी ने एसडीपीओ से विधि व्यवस्था को लेकर जानकारी लेते हुये कई निर्देश दिये। पत्रकारों से डीसी ने कहा की हमारे जिले में ऐतिहासिक यज्ञ होने वाला है। यज्ञ में देश के विभिन्न इलाकों से बड़ी संख्या में लोग आएंगे. लोगों को कोई असुविधा ना हो इसके लिए कई प्रबंध किए जा रहे हैं. जिला प्रशासन विधि व्यवस्था को लेकर पूरी तरह से सजग है। आम लोगों से ऐतिहासिक यज्ञ को सफल बनाने में सहयोग की अपील किया। एसपी ने कहा कि यज्ञ में भारी भीड़ होने की संभावना है। ऐसे में विधि व्यवस्था में कोई दिक्कत ना हो इसके लिए तमाम प्रबंध किए जा रहे हैं। पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। आम लोगो से पुलिस सहयोग की अपेक्षा करता है।

## जय मां शेरावाली के 23 वें भंडारे की हुई भव्य शुरूआत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** दुर्गा पूजा के अवसर पर जय मां शेरावाली भंडारा की ओर से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य भंडार का आयोजन किया गया है। शेरावाली भंडारा की ओर से 23वां भव्य भंडारा का किया गया है। भंडारा का उद्‌घाटन डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक कुमार पांडेय,जय मां शेरावाली भंडारा के अध्यक्ष सुनील कुमार उर्फ नागर, कार्यकारी अध्यक्ष सन्नी चंद्रवंशी, युवा समाजसेवी राकेश पाल, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, भाजपा नेता जवाहर पासवान, अंजली गुप्ता, भगत सिंह, गुप्तेश्वर ठाकुर, शैलेंद्र कुमार पाठक ने संयुक्त रूप से मां दुर्गा की तस्वीर पर दीप जलाकर एवं नारियल फोड़कर किया। इसके बाद अतिथियों ने नव कन्याओं को प्रसाद खिलाकर भंडारा का शुभारंभ किया।मौके पर उपस्थित उपायुक्त ने कहा कि जय मां शेरावाली भंडारा की ओर से भव्य भंडारा का आयोजन किया गया है यह बहुत की खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि मां भगवती से प्रार्थना कर रहे है यहां के लोगों को सुख, शांति दे। यहां के लोग आपसी भाईचारा के साथ दुर्गा पूजा मनाने का काम करें। उन्होंने कहा कि जय मां शेरावाली भंडारा में सभी श्रद्वालु लाकर प्रसाद अवश्य ग्रहण करें। एसपी दीपक कुमार पांडेय ने कहा कि जय मां शेरावाली भंडारा की ओर से भव्य भंडारा का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि 23 वर्षो से लगातार भंडारा का आयोजन करना बहुत बड़ी बात है। भंडारा के अध्यक्ष सुनील कुमार उर्फ नागर ने कहा कि पिछले 23 वर्षो से दुर्गा पूजा के अवसर पर भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भंडारा का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि एकम से लेकर षष्ठी तक प्रसाद का वितरण किया जाता है। सप्तमी से लेकर दसमी तक भव्य भंडारा का आयोजन किया जाता है। कार्यकारी अध्यक्ष सन्नी चंद्रवंशी ने बताया कि शारदीय नवरात्र के अवसर पर जय मां शेरावाली भंडारा की ओर से भव्य भंडारा का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि भंडारा में शहरवासियों का भरपुर सहयोग मिलता है। सभी के सहयोग से ही भंडारा फलतापूर्व संपन्न होता है।

## ज्योति क्लब द्वारा निकाली गई भव्य कलश यात्रा सैकड़ों श्रद्धालु हुए शामिल



**बिशुनपुरा (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिशुनपुरा प्रखंड मुख्यालय के श्री विष्णु मंदिर पोखरा चौक स्थित जीवन ज्योति क्लब द्वारा शनिवार को दुर्गा पूजा के सप्तमी तिथि को निकाली गई भव्य कलश यात्रा। जो कलश यात्रा बिशुनपुरा के श्री विष्णु मंदिर पोखरा चौक से निकलकर लाल चौक होते हुए बिशुनपुरा थाना समीप बांकी नदी तट गया जहां से सैकड़ों श्रद्धालुओ ने जल उठाकर पुनः उसी रास्ते विष्णु मंदिर परिसर आकर समाप्त हुई। वहीं विष्णु मंदिर परिसर में कलश यात्रा में आए श्रद्धालुओं हेतु शिक्षक छोटू चंद्रवंशी, राजू ठाकुर, ज्वाला मेहता द्वारा महाप्रसाद की व्यवस्था की गई थी। मौके पर जीवन ज्योति क्लब दुर्गा पूजा कमिटी के अध्यक्ष ललन प्रसाद गुप्ता, सचिव सचितानंद गुप्ता, कोषाध्यक्ष शिक्षक छोटू चंद्रवंशी, विष्णु मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष नारायण शर्मा, सचिव नवल किशोर गुप्ता, पुजारी तीरदीप मिश्रा, ज्वाला मेहता, परमानंद ठाकुर, शंकर पासवान (माही), नागेंद्र ठाकुर उर्फ छून्नू ठाकुर, मखन पासवान, रंजय शर्मा सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बैंक ऑफ इंडिया ने राँची के प्रमुख चार पहिया वाहन विक्रेताओं के साथ साझा स्टाल लगाया

**रांची।** त्योहारों के इस ख़ास दौर में चार पहिया वाहनों के प्रति ग्राहकों के रूझान और उनकी सहूलियत को देखते हुए बैंक ऑफ़ इंडिया ने राँची के प्रमुख वाहन डीलर्स शोरूम के साथ त्वरित वाहन ऋण प्रसंस्करण हेतु संयुक्त रूप से स्टाल लगाना जारी रखा है। इसी क्रम में शनिवार को एस एस मोटोजेन टाटा, फेयरडील हुंडई तथा बासुदेब टाटा के साथ संयुक्त रूप से बैंक ऑफ़ इंडिया द्वारा स्टाल लगाया गया। बताते चले कि बैंक ऑफ़ इंडिया झारखंड राज्य का लीड बैंक है, जो त्योहारी ऑफ़र के अंतर्गत कम से कम काग़ज़ी कार्यवाई पर न्यूनतम 8.75 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर के साथ तथा प्रसंस्करण शुल्क में 100 फ़ीसदी की छूट पर वाहन ऋण उपलब्ध करा रहा है।

### शारदीय नवरात्रि की महाअष्टमी के 251 कुंवारी कन्याओ का होगा पूजन

**रांची।** सत सदानंद जी महाराज के शिष्य 115 वें नि:शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे के साथ शारदीय नवरात्रि की महा अष्टमी रविवार 22 अक्टूबर के दिन 251 कुंवारी कन्याओ का पूजन किया जाएगा। संत शिरोमणी श्री श्री 108 स्वामी सदानंद जी महाराज के द्वारा संचालित रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक एव धार्मिक संस्था एमज़ आरज़ एसज़श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजिज़) दिल्ली शाखा रांची शहर की जानी मानी समाजिक संस्था है। रविवार 22 अक्टूबर को संस्था के सदस्यों के सामुहिक रूप से 251 कुंवारी कन्याओ का पूजन पूर्ण आस्था के साथ किया जायेगा। कन्या पूजनके साथ संस्था के द्वारा 115 वाँ नि:शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का भी भव्य आयोजन किया जायेगा।

# दुर्गोत्सव को लेकर नगर निगम प्रशासक ने जलाशयों का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** दुर्गोत्सव के मद्देनजर रांची नगर निगम क्षेत्रांतर्गत विशेष सफ़ाई अभियान चलाया जा रहा है। दूर्गा पूजा के उपरांत परम्पराओं के अनुरूप देवी/देवताओं के मूर्तियों का विर्सजन जलाशयों यथा नदी/तालाब/झील आदि में किया जाता है, जिसे देखते हुए निगम द्वारा जलाशयों में विशेष तैयारियां की गई है ताकि जलश्रोत की गुणवत्ता प्रभावित ना हो। नगर प्रशासक अमीत कुमार, भाप्रसे, के द्वारा विभिन्न प्रतिमा विसर्जन स्थलों में निगम द्वारा की गई तैयारियों तथा साफ़-सफाई का निरीक्षण किया गया। इस क्रम में उनके द्वारा अरगोड़ा तालाब, दिव्यायन तालाब, कांके डैम, जेल तालाब, चडरी तालाब इत्यादि का निरीक्षण किया गया।मौके पर उन्होंने स्वच्छता शाखा की टीम को निदेश दिया कि विसर्जन की प्रक्रिया पूरी होने के 24 घंटे के अन्दर विसर्जित मूर्तियों के अवशेषों को पानी से बाहर निकालना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मूर्तियों में कई तरह के कृत्रिम आभूषण, कपड़े, फूल, माला, पत्तियों का प्रयोग किया जाता है, जिसे विसर्जन के समय जलश्रोत में ही डाल दिया जाता है, जिसके कारण जलश्रोत की गुणवत्ता प्रभावित होती है, इसलिए यह आवश्यक है कि दुर्गा पूजा समितियों के साथ समन्वय स्थापित कर विसर्जन की जाए और प्रतिमा विसर्जन चिन्हित विसर्जन स्थलों में ही की जाए। इसके अलावा उन्होंने विर्सजन स्थलों पर आवश्यकतानुसार विद्युत की व्यवस्था, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव तथा झाड़ियों की कटाई करने का निदेश संबंधित टीम को दिया। बता दे रांची नगर निगम द्वारा निगम क्षेत्राधीन चिन्हित विसर्जन स्थलों (जल श्रोतों) पर सुरक्षात्मक उपाय के तौर खतरनाक गहरे स्थलों को लाल रिबन एवं बांस से घेरा गया है तथा सूचना पट्ट लगाना लगाया गया है। जलाश्यो में बांस एवं ग्रीन नेट से घेराबंदी कर जलकुंड का निर्माण किया गया है।प्रशासक ने सभी पूजा समितियों को निदेश दिया गया है कि निगम द्वारा चिन्हित विसर्जन स्थलों (जलकुंड) में ही प्रतिमा विसर्जन करना सुनिश्चित करेंगे।

मौके पर उप प्रशासक रजनीश कुमार, नगर प्रबंधक मृत्युंजय कुमार, संदीप कुमार, अंबुज कुमार, कनीय अभियंता एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

**दुर्गा पूजा में प्रतिमा विसर्जन हेतु कुल 12 प्रमुख स्थल है**

अरगोड़ा तालाब, कांके डैम, मधुकम तालाब, बड़ा तालाब, चडरी तालाब, जेल तालाब, दिव्यायन तालाब, बटन तालाब, जगन्नाथपुर तालाब, हंदरू तालाब, हेसाग तालाब, धुर्वा डैम।

# महिला एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर की मेजबानी करेगा भारत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** महिला एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के रांची में स्थानांतरित होने पर भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता कहती हैं, यह हमें पेरिस ओलंपिक के लिए जगह पक्की करने के लिए पहले से कहीं अधिक प्रेरित करेगा। बेंगलुरु, 21 अक्टूबर 2023 एफआईएच ने शुक्रवार को महिला एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर को चीन के चांगझौ से भारत के रांची में स्थानांतरित कर दिया। यह विकास चीनी महिला हॉकी टीम द्वारा 2022 में हांगझू में 19वें एशियाई खेलों को जीतकर पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए सीधी योग्यता अर्जित करने के बाद हुआ। महिला एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर 13 से 19 जनवरी 2024 तक रांची, झारखंड के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। भारतीय महिला हॉकी टीम के अलावा आठ टीमें पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए भिड़ेंगे। इसके अलावा, अन्य तीन एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर मस्कट, ओमान (पुरुष - 15-21 जनवरी 2024) और वालेंसिया, स्पेन (महिला और पुरुष - 13-21 जनवरी) में खेले जाएंगे। रांची द्वारा महिला एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर की मेजबानी के बारे में बोलते हुए, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा, रांची, झारखंड में वैश्विक हॉकी बिरादरी का स्वागत करना सम्मान की बात है। हम आने वाले समय में कुछ सर्वश्रेष्ठ एशियाई हॉकी टीमों की मेजबानी करने के लिए तैयार हैं। दिन, क्योंकि झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक होने वाली है। और अब, इस आयोजन की मेजबानी से देश में बढ़ते खेल केंद्र के रूप में झारखंड की स्थिति मजबूत होगी। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा, भारतीय प्रशंसक निस्संदेह हमारे खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और पेरिस 2024 ओलंपिक में अपना स्थान सुरक्षित करने के दृढ़ संकल्प को बढ़ावा देंगे। उक्त जानकारी इंडिया हॉकी टीम के महासचिव सह झारखंड हॉकी टीम के अध्यक्ष ने दी।

## ओसीसी दुर्गा पूजा क्लब समिति की तरफ से सम्मानित किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** दुर्गा पूजा के चारों तरफ धूम है। वहीं शनिवार को ओसीसी क्लब दुर्गा पूजा समिति की तरफ से झारखंड फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता जितेंद्र गुप्ता को चुनरी ओढ़ कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ओ सीसी दुर्गा पूजा क्लब समिति की ओर से अध्यक्ष रमेंद्र सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

# न्याय की आस में चल बसी इन्द्रासिनी देवी : रामप्रकाश तिवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** स्वतंत्र राष्ट्रवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रामप्रकाश तिवारी ने जिला प्रशासन, डोरंडा थाना पुलिस की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि पत्रकार ओमप्रकाश चौधरी की मां इन्द्रासिनी देवी को न्याय देने में असफल उपायुक्त रांची, डोरंडा थाना से लेकर सीनियर एसपी, अनुमंडल पदाधिकारी की उपेक्षा मानसिक तनाव में बीमार रहकर न्याय लेने की आखिरी क्षण तक संघर्ष,जंग करती हुई बुजुर्ग विधवा महिला इन्द्रासिनी देवी - 20.10.2023 को रात्रि लगभग 8 बजे मॅकोन अस्पताल में जिंदगी के लिए संघर्ष करते हुए बड़े पुत्र भानू प्रकाश चौधरी के मानसिक प्रताड़ना झेलते हुए मौत के आगे हार गई। न्याय के लिए पुलिस थाने से लेकर न्यायालय में बुजुर्ग अवस्था में दौड़ने के बावजूद न्याय नहीं मिला। वह ओमप्रकाश चौधरी पत्रकार की मां थी छोटे बेटे ओमप्रकाश चौधरी और बहू पोते पोती की हमेशा अच्छा सेवा देखभाल में रही। उसने कहा था कि मैंने अपनी खरीद की जमीन, मकान को अपने छोटे बेटे ओमप्रकाश चौधरी को रजिस्ट्री कर दी। उसके बाद से मेरा बड़ा बेटा भानूप्रकाश चौधरी मुझे मानसिक तनाव देते हुए मेरे साथ शारीरिक अत्याचार करने लगा मेरे खिलाफ कोर्ट में केस करके तनाव दे रहा है। लेकिन दिए गए मानसिक तनाव को झेल नहीं सकी, आखिर उनकी मृत्यु हो गई। यदि पुलिस,जिला प्रशासन,न्यायालय समय पर इन्द्रासिनी देवी को न्याय दे देते तो आज जीवित रहती।

## आदर्श दुर्गा पूजा समिति टंकी साईड पंडाल का उद्घाटन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आदर्श दुर्गा पूजा समिति टंकी साईड पंडाल का उद्घाटन मुख्य अतिथि डीएसपी हटिया राजा मित्रा, वरिष्ठ पत्रकार धर्मेन्द्र गिरी के द्वारा किया गया। गरिमामई उपस्थिति जगन्नाथ पुर नगरीय दुर्गा पूजा के कृष्ण मोहन सिंह, विजय बहादुर सिंह , मुकेश सिंह , सचिदानंद तिवारी, विजय बहादुर सिंह , शिवेश सिंह, पप्पू साहदेव, जेपी शर्मा महामंत्री, धर्मवीर सिंह समिति अध्यक्ष, भोला झा महासचिव, संजय झा सचिव, मनोज मिश्रा, गौरव सिंह, अमित सिंह, सुभम राय,अमन, वरीय उपाध्यक्ष गुंजन सिंह, उपाध्यक्ष छोटू सिंह, लालू , अंश सिंह , राजेश , कोसाध्यक्क अजय ।

# राजयोग ज्ञान एवं ध्यान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



**प्रभाात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आध्यात्मिक ज्ञान एवं राजयोग प्रशिक्षण केंद्र के द्वारा कोकर स्थित परिधान के सामने विजयवर्गीय सदन में चार दिवसीय निःशुल्क राजयोग ज्ञान एवं ध्यान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। आयोजन का उद्घाटन निवर्तमान उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय ने एवं केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने किया। निःशुल्क राजयोग ज्ञान एवं ध्यान प्रदर्शनी 20 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक सुबह 10 बजे से शाम रात के 10 बजे तक रहेगा। उद्घाटन के मौके पर निवर्तमान उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय ने कहा कि, दुर्गा पूजा के पर्व पर आध्यात्मिक प्रदर्शनी से जहां लोग अच्छाई की तरफ प्रेरित होंगे वही उन्हें अपने विकारों को त्यागने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा की, अध्यात्म शक्ति से ही मानव अपने मानसिक विकारों को त्याग कर मोक्ष के मार्ग को तय करता है। ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने संस्था का उद्देश्य बताते हुए कहा कि, संस्था देश व दुनिया के लोगो को परमात्म और अध्यात्म के बारे में जागरूक कर रही है इस क्षेत्र में 1936 से कार्य कर रही है, उन्होंने कहा कि राजयोग के सहज अभ्यास से मानसिक शांति, उत्तम स्वास्थ्य व प्रसन्नता, सम्पन्न व्यक्तित्व का निर्माण करना और ईश्वरीय ज्ञान के माध्यम से मनुष्य में आत्म चेतना जागृत करना और उन्हें आत्मबल संयम बनाना है लक्ष्य है।

# एनटीपीसी ने ट्रैफिक पुलिस को बॉडी वॉर्न कैमरे वितरित किया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय और एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) ने पुलिस नियंत्रण कक्ष , रांची में अपनी सीएसआर पहल के तहत झारखंड पुलिस, रांची को 50 बॉडी बॉडी-वॉर्न कैमरे प्रदान किए हैं।इस अवसर पर, अनिमेष जैन, सीजीएम (प्रभारी), एनटीपीसी सीएमएचक्यू और सीईओ, एनएमएल ने कुमार गौरव, पुलिस अधीक्षक (आईपीएस), यातायात पुलिस रांची को श्रीनिवास के मूर्ति, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) की गरिमामय उपस्थिति में बॉडी-वॉर्न कैमरा सौंपा। एनटीपीसी से बॉडी-वॉर्न कैमरे प्राप्त करने के बाद, एसपी (यातायात पुलिस), कुमार गौरव ने उन्हें इस अवसर पर उपस्थित यातायात कर्मियों को सौंप दिया। कैमरा उपलब्ध कराने में एनटीपीसी के प्रयासों की सराहना किया और कहा ÷बेहतर पारदर्शिता के लिए प्रौद्योगिकी के हस्तक्षेप, यातायात प्रबंधन को बेहतर ढंग से नियमित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यातायात कर्मियों द्वारा बॉडी कैमरों के उपयोग से सार्वजनिक बातचीत और शिकायतों को साक्ष्य के रूप में रिकॉर्ड करने में मदद मिलेगी जो विवादों को सुलझाने में मदद कर सकती है। एनटीपीसी सीएमएचक्यू के सीजीएम (प्रभारी) जैन ने कहा कि एनटीपीसी की झारखंड राज्य में कोयला खनन परियोजनाएं हैं और उन्होंने समाज के कल्याण के लिए अपनी विभिन्न सीएसआर पहलों के तहत एनटीपीसी और एनएमएल से समर्थन दोहराया।इस मौके पर यातायात डीएसपी जीतवाहन उरांव सहित कई पुलिस कर्मी गण उपस्थित रहे।

# उर्दू शिक्षक बहाली की मांग को लेकर मुख्यमंत्री आवास का घेराव 28 को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सहायक आचार्य बहाली के साथ उर्दू शिक्षकों की बहाली शुरू नहीं कियें जाने से नाराज़ उर्दू टेट पास अभ्यर्थियों ने मौलाना आजाद कांफ्रेंस हॉल अंजुमन प्लाजा रांची में बैठक किया। मुख्य अतिथि के रूप में शामिल झारखंड छात्र संघ व आमया संगठन के अध्यक्ष एस अली ने कहा कि 23 वर्ष पूर्व 1999 में बिहार सरकार द्वारा झारखंड परिक्षेत्र में अवस्थित वैसे प्राथमिक और मध्य विधालय जहां 10 या उससे अधिक संख्या में उर्दू भाषी छात्र पढ़ते है उनके लिए 4401 उर्दू शिक्षक के पद सृजित किया था। वर्ष 2008, 2010 में जेपीएससी ने 4401 उर्दू शिक्षक के बहाली हेतु ड्राफ्ट के साथ आवेदन लिया लेकिन परीक्षा नही हुई।वर्ष 2011में जैक ने परीक्षा का आयोजन किया लेकिन प्रक्रिया गलत होने के कारण हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया।सरकार द्वारा पुराने सभी नियमवाली को रद्द कर सहायक शिक्षक नियुक्ति नियमावली 2012 के आधार पर टेट परीक्षा का आयोजन करवाया जिसके बाद वर्ष 2015 एवं 2016 में 4401 उर्दू शिक्षक के पद पर मात्र 701 शिक्षक बहाल हो पायें चुकी सरकार ने पुराने नियमवाली और संकल्प को रद्द कर दिया था जिसके कारण टेट उत्तीर्ण होने के बावजूद स्नातक प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को अवसर नही दिया गया और 3712 उर्दू शिक्षक के पद खाली रह गए।महागठबंधन सरकार ने चुनावी में वादा किया था कि उर्दू शिक्षक के पदों पर बहाली कि जाएगी लेकिन चार वर्ष होने को है।15 दिनों के अंदर उर्दू शिक्षक के रिक्त 3712 पदों पर बहाली प्रक्रिया शुरू नही किया जाता है तो 28 नवंबर को मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा।

## झारखंड में मिले डेंगू के सात मरीज



**रांची :** राज्य में डेंगू के सात मरीज मिले हैं। शनिवार को राज्य भर में 96 संदिग्ध मरीज मिले। इनमें सबसे ज्यादा दुमका में संदिग्धों की संख्या 30 है। हालांकि जांच के बाद किसी भी मरीज में डेंगू की पुष्टि नहीं हुई है। धनबाद में दो, हजारीबाग में तीन और पश्चिमी सिंहभूम में दो डेंगू के मरीज मिले हैं। वहीं चिकनगुनिया के भी 16 संदिग्ध मरीज मिले। सभी देवघर जिले के हैं। हालांकि जांच के बाद किसी में भी चिकनगुनिया की पुष्टि नहीं हुई है।

# गढ़ाटोली में जलसा ए दस्तारबंदी का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** 20 अक्टूबर 2023 को मदरसा गौसिया में पढ़ रहे 5 बच्चों ने पवित्र कुरान शरीफ को मुकम्मल किया। बच्चों के हाफिज़ ए कुरआन बनने पर सदर थाना क्षेत्र के गढ़ा टोली करीम गंज कांटा टोली में अज़ीमुस्शान जलसा ए दस्तारबंदी का आयोजन किया गया। दस्तारबंदी में हाफिज ए कुरआन बने बच्चों को कुरआन शरीफ ,पगड़ी,एक जोड़ा कुर्ता-पैजामा,जुब्बा,एवं दीनी किताबें देकर सम्मानित किया गया। जलसा ए दस्तारबंदी गढ़ा टोली गौसिया पंचायत के सदर शाहजहां कुरैशी, उपाध्यक्ष इंतेखाब आलम, कांटा टोली जमीयतुल कुरैश पंचायत के अध्यक्ष गुलाम गौस कुरैशी की देखरेख में मुकम्मल हुआ । जिसकी सदारत कांटाटोली कुरैशी मुहल्ला जामा मस्जिद के इमाम-ओ-खतीब मौलाना मंज़ूर हसन बरकाती कर रहे थे,साथ में थे मस्जिद ए गौसिया के इमाम मौलाना असरार। मौके पर देश के जाने-माने पीर ए तरीकत हज़रत मौलाना सैयद मखमूर ज़ामी शाहबादी ने इल्म (शिक्षा) और इस्लाम पर अपनी तकरीर किए । पीर ए तरीकत मौलाना सैयद असगर इमाम की तकरीर का मौजू कुरआन व हदीस की रौशनी में रहा। नातखां नदीम रज़ा फैज़ी मधुपुरी ने अपनी प्यारी आवाज़ में महफिल में समा बांधा। मुफ्ती अब्दुल मालिक जमशेदपुर , मौलाना अफजल हुसैन सहित कई मौलाना, हाफीज शामिल रहे। इस जलसे में उलेमाओं ने मुख्य रूप से समाज में फैली दहेज प्रथा को खत्म करने,नौजवानों में नशा की आदत से बचाने एवं बेटियों के साथ भेदभाव नहीं करने आदि बुराइयों पर कुरआन और हदीस की रौशनी में तकरीर पेश किया। जलसे में स्थानीय लोगों के साथ साथ दूर दराज से भी लोग आलिमों को सुनने के लिए आए हुए थे। मौके पर हाफिज मोहम्मद रेहान रजा,हाफिज मोहम्मद साहिल रजा,हाफिज मोहम्मद अरमान अंसारी,हाफिज मोहम्मद अरशद रजा और पंचायत के कोषाध्यक्ष गुलाम ख्वाजा, सेक्रेटरी कासिम मल्लिक, केयरटेकर शहबाज़ कुरैशी, बबलू, जाकिर कुरैशी, मारूक, फिरोज़ कुरैशी, गुफरान खान, मौलाना राजा, भोलू खान, जमीयतुल पंचायत के महासचिव परवेज़ सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# मटेट सफल सहायक अध्यापकों ने राजद कार्यालय का किया घेराव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** टेट सफल सहायक अध्यापकों ने शनिवार को राजद के प्रदेश कार्यालय का एक दिवसीय घेराव किया। इसमें चतरा और लातेहार के टेट पास सहायक अध्यापकों ने राजद कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगायी। मौके पर प्रदेश संरक्षक सह सदस्य प्रमोद कुमार ने बताया कि इस दुर्गा पूजा जैसे पावन पर्व पर भी हमें आंदोलन करना पड रहा क्योंकि झारखंड सरकार अभी तक कोई ठोस पहल नहीं की है। इसलिए पारा शिक्षक सरकार के द्वार की तर्ज पर सरकार में शामिल राजद कार्यालय का घेराव कर न्याय की गुहार लगा रहे हैं। सरकार वादा कर अपने वादे से मुकर रही है। महाधिवक्ता की स्पष्ट वेतनमान की राय के साथ साथ एनसीटीई के सभी गाइड लाइन को पूरा करने के बावजूद भी बीते 61 दिनों से सहायक अध्यापक अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर डटे हुए हैं। इसके बावजूद भी सरकार टेट सफल सहायक अध्यापक के एकमात्र मांग वेतनमान पर कोई पहल नहीं कर रही है। टेट पास सहायक अध्यापकों की ओर से सरकार में शामिल राजद पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पार्टी के सरकार में मंत्री को ध्यान आकृष्ट कराने के लिये आज का घेराव किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश उपाध्याय ने बताया कि टेट सफल सहायक अध्यापकों को जब तक वेतनमान नहीं मिल जाता है तब तक आंदोलन जारी रहेगा। वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय जनता दल के युवा प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव और उपाध्यक्ष अनिता यादव टेट पास पारा शिक्षकों के बीच आकर मंत्री से फोन के माध्सम से बात करायी। साथ ही हमारे आंदोलन का भी समर्थन किए और आश्वासन दिए कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के माध्यम से मुख्यमत्री को वेतनमान देने के लिए दबाब बनायेंगे।

# नवीन पुलिस केंद्र रांची में शहीद संस्मरण दिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** नवीन पुलिस केंद्र रांची में शहीद संस्मरण दिवस मनाया गया। शहीद स्मारक में मल्यार्पण किया गया। शहीद के परिजनों को उपहार एवं सम्मानित किया गया, जिसमे उपस्थित एसएसपी रांची चंदन सिन्हा, सिटी एसपी राजकुमार मेहता, ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो सहित सभी पुलिस उपाध्यक्ष, परिचारी प्रवर प्रथम, द्वितीय, सभी परिचरी, एवम पुलिसकर्मी, शहीद के अभी परिवार ले लोग उपस्थित थे ।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# नवपत्रिका प्रवेश के साथ मां दुर्गा के जयकारों से गूंज उठा खलारी-कोयलांचल








**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी कोयलांचल क्षेत्र में नवरात्र की महासप्तमी की पूजा के साथ शनिवार को पंडालों में मां दुर्गा के दर्शन को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी. नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा की गई. नव पत्रिका प्रवेश के साथ मां दुर्गा की विधिवत आराधना शुरू हो गई.

शनिवार की सुबह गाजे-बाजे के साथ श्रद्धालु नंगे पांव नदी व तालाबों से जल लेकर मंडप में प्रवेश किया. ब्राह्मणों द्वारा विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा व आराधना की गई.

श्रीदुर्गासप्तशती सचित्र का शुभारंभ में अथ सप्तश्लोकी दुर्गा, श्रीदुर्गाष्टोत्तरशतनामस्तोत्रम्, अथ देव्याः कवचम्, अथार्गलास्तोत्रम्, अथ कीलकम्, अथ तन्त्रोक्तं रात्रिसूक्तम् के बाद अथ श्रीदुर्गासप्तशती प्रथमोऽध्यायः से त्रयोदशोऽध्यायः तक पाठ किया गया. तत्पश्चात सिद्धकुञ्जिकास्तोत्रम्, अथ तन्त्रोक्तं देवीसूक्तम्, श्रीदेवीजीकी आरती, अथ देव्यपराधक्षमापनस्तोत्रम् एवं मां से क्षमा-प्रार्थना किया गया. उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण हुई.

पूरा क्षेत्र में सर्वमलमल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके, शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तु ते. मंत्र की ध्वनि व दुर्गा पाठ की गुंजायमान होता रहा. श्रद्धालु दर्शन और आराधना के लिए मां की दरवार पहुंचते रहे. क्षेत्र के करकट्टा दुर्गा मंडप, रामजानकी रमण मंदिर केडी व चुरी में बांगोली संस्कृति से पूजा की जा रही है. इसके अलावा क्षेत्र के धमधमिया, खलारी बाजारटांड़, चामा, केडीएच, मोहननगर, राय सहित अन्य जगहों पर क्षेत्र के पूजा स्थलों पर श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के दर्शन किए. सभी पूजा पंडालों में संध्या आरती की गई.

## पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा ने पूजा पंड़ाल का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** प्रखंड अंतर्गत प्रखंड लोधमा मे दुर्गा पूजा में सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति लोधमा के पंड़ाल का फीता काटकर पूर्व लोकसभा अध्यक्ष कड़िया मुंडा ने उद्घाटन किया. लोधमा पूजा पंडाल का चारों पूजा पंडाल का भ्रमण भी किया. वही खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा द्वारा केसरी क्लब लोधमा और साहू टोली दुर्गा पूजा समिति के पंडाल का फीता काटकर उद्घाटन किया और सभी भक्तों को आपसी प्रेम से दुर्गा पूजा मानने के लिए बोले इस मौके पर वरिष्ठ विनोद प्रसाद सोनी मुनी नाथ मिश्रा जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार, सांसद विभागीय प्रतिनिधि ज्योतिष भगत, विजय घोष, भाजपा खूंटी जिला उपाध्यक्ष विष्णु प्रसाद सोनी, प्रखंड सांसद प्रतिनिधि घूरन महतो, राम प्रताप देव, अंजय महतो, विष्णु प्रसाद सोनी, मनोज गुप्ता, रमन कुमार, दीपक गुप्ता, बनवारी गुप्ता, संतोष कुमार, तपन कुमार, पवन कुमार के अलावे भाजपा अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली/मुरी :** सिल्ली मुरी क्षेत्र में, दुर्गा पूजा को लेकर सिल्ली मुरी के प्रशासन ने शनिवार की शाम क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकला।एवं हर पुजा पंडाल का निरीक्षण किया साथ ही सभी से अपील करते हुए कहा की पुजा को शांति एवं सोहरद पूर्ण तरिके से मनाए। किसी भी तरह का अफवाह में ध्यान ना दें। नशापान से दुर रहें। शराब पिकर मंदिर मे प्रवेश ना करे। अगर किसी तरह भी किसी पर शक हो तो इसकी सुचना तुरंत प्रशासन को करे पुलिस उसपर कानुनी कारवाई करेगी।इस मौके पर शामिल सिल्ली थाना प्रभारी आकाश दीप, ओपी प्रभारी विपुल कुमार ओझा, राजकीय रेल थाना प्रभारी जमादार मुंडा,एस आई रंजीत कुमार, समेत पुलिस बल मौजूद थे।

## पूजा पंडालों में मां दुर्गा के दर्शन के लिये पट खुले



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री दुर्गा पूजा महासमिति, दुर्गा पूजा समिति पाकलमेढ़ी, खत्रीखटंगा, तुको, मुरतो, दिघिया, घाघरा व ईटाचिल्द्री गांव स्थित पंडालों में नव पत्रिका प्रवेश पूजा के साथ ही पूजा पंडालों में मां दुर्गा के दर्शन के लिये पट को खोल दिया गया। वहीं शारदीय नवरात्र में स्थापित मां दुर्गे की महासप्तमी को कालरात्रि स्वरूप की पूजा-अर्चना व आराधना की गई। जहां लोगों की आस्था है कि दुर्गा मां की सांतवी स्वरूप मां कालरात्रि की पुजा करने से भक्तो को मां भय एवं दुःख हरण कर मनोकामना पूर्ण करती है। इधर रविवार को मां के आठवें रूप मां महागौरी की पूजा आराधना की जायेगी। उधर विजयादशमी को महादानी मैदान, तुको बाजार टांड़ व मुरतो बगीचा में रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इधर पूरे ग्रामीण क्षेत्रों में नवरात्रा को लेकर वैदिक मंत्रों के उच्चारण व भक्ति गीतों से पूरा क्षेत्र मां की भक्तिमय हो गया है। वहीं बीडीओ सुमंत तिर्की व थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम ने विभिन्न पंडालों का निरीक्षण किया। साथ ही समिति के सदस्यों को सुरक्षा व अन्य सावधानियां बरतने का दिशा निर्देश दिया। वहीं सीओ ने कहा लोग सौहार्द पूर्ण वातावरण में दुर्गा पूजा मनाएं।

### नवपत्रिका प्रवेश के साथ पूजा प्रारंभ

**सिल्ली/मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता)** सिल्ली मुरी क्षेत्र मे शनिवार की सुबह महासप्तमी की पुजा को लेकर ढाक ढोल एवं गाजे बाजे के साथ सिल्ली मुरी के मां दुर्गा पंडालों से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान सप्तमी की सुबह ही बच्चीयां एवं महिलाएं मंदिर परिसर पहुंचने लगे।इसके साथ ही कलश यात्रा पुजा पंडाल से स्वर्णरेखा नदी तक पहुंची साथ ही विधीवत कलश मे जल भर नव पत्रिका लेकर मंदिर मे प्रवेश किया। कलश यात्रा मे शामिल सबों के द्वारा जय माता दी जय मां अंम्बे जय जगदम्बे मां शेरोवाली का जयकारा लगाते हुए मंदिर पहुंचे। नव पत्रिका प्रवेश के साथ ही पुजा पंडाल मे स्थापित मां दुर्गा का सांतवा रुप कालरात्रि की विधीवत पुरोहित द्वारा पुजा अर्चना किया गया। आज मां का आंठवा रुप महागौरी की पुजा होगी।

### पीआरपी बीएपी का मानदेय महीनों से नहीं मिला

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा त्योहार में पीआरपी बीएपी का मानदेय महीनों से नहीं मिला इसी विभाग में दो तरह का व्यवहार किया जाता आ रहा हैं ।

झारखंड राज्य आजीविका पीआरपी बीएपी संघ के अध्यक्ष मुन्ना कापरी द्वारा बताया गया कि पीआरपी और बीएपी का मानदेय का भुगतान अत्यधिक जिलों में अगस्त सितम्बर 2023 तक नहीं हो पाया है जबकि अभी दुर्गा पूजा का इतना बड़ा त्योहार है जिसमें पूरा परिवार का आशा रहता हैं लेकिन पीआरपी और बीएपी को समय से मानदेय नहीं मिलने के कारण सभी का आस टूट जाता हैं ऐसे में अन्य कर्मियों का मानदेय अक्टूबर माह का समय से अतरिक्त मानदेय भुगतान किया गया हैं इसी विभाग में पीआरपी बीएपी के नाम से भी कर्मचारी हैं परंतु इनका मानदेय लम्बे समय से नहीं हो पाया है जो खेद की बात है ।

सचिव मुस्तकीम रजा के द्वारा बताया गया कि हर वर्ष पीआरपी बीएपी के साथ सरकार और विभाग इसी तरह करते आ रहे हैं और सरकार मौन बन कर चुप चाप है 2019 से सरकार और विभाग पीआरपी बीएपी को आश्वासन देते आ रही है कि आप सभी का समस्या का समाधान जल्द किया जाएगा परन्तु यह दिन कभी नही आ रहा है ।

दिसंबर 2022 से 25 जनवरी 2023 तक पीआरपी बीएपी हड़ताल पर थे रांची राज भवन के समीक्ष तब माननीय मुख्यमंत्री और माननीय ग्रामीण विकास विभाग मंत्री द्वारा आश्वासन दिया गया कि आपकी मांगे उचित है जल्द ही पूरा किया जाएगा आज 10 माह हो गया और परेशानी और बढ़ी पीआरपी बीएपी के लिए किसी तरह का मांग नही पूरा किया गया हैं अगर ऐसे ही रहा तो सरकार से सभी पीआरपी बीएपी की उम्मीद खत्म होता दिख रहा है ।

## बचरा में विजयादशमी को 70 फीट के रावण का होगा दहन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के बचरा स्वर्ण जयंती स्टेडियम में सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति बचरा के द्वारा विजयीदशमी के दिन करीब 70 फीट उंचे विशाल रावण का दहन किया जाएगा।इसको लेकर पूजा समिति के द्वारा जोर-शोर से तैयारी की जारी है।बाहर से आए हुए कारीगर के द्वारा बचरा स्टेडियम में रावण बनाने का कार्य किया जा रहा है।सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष विद्यापति सिंह और कार्यकारी सचिव राजेंद्र गुप्ता ने बताया कि इस बार 24 अक्टूबर की शाम विजयीदशमी के दिन बचरा स्वर्ण जयंती स्टेडियम में 70 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा।इस दौरान जमकर आतिशबाजी करने की भी तैयारी है।उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष बचरा स्टेडियम में जमकर आतिशबाजी के साथ रावण का दहन किया जाता है। जिसमें हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ती है। इधर रावण दहन को लेकर स्थानीय पिपरवार पुलिस के द्वारा बचरा स्टेडियम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली गई। स्टेडियम के प्रवेश द्वार और निकासी द्वार का निरीक्षण कर कई बातों की जानकारी ली गई।इस मौके पर पूजा समिति के लोग मौजूद थे।

## पूजा पंडाल का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** गोंदली पोखर दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडाल का उद्घाटन शनिवार को सिल्ली विधायक सह पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव आदित्य प्रसाद साहू कमलेश राम ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया । एवं साल्हन मे पूजा पंडाल के उद्घाटन मुखिया सरिता देवी पूजा पंडाल के अध्यक्ष गौतम चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया । साथ ही उन्होंने पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख शांति की कामना की । षष्ठी को विभिन्न पंडाल में ढाक भी बजाने शुरू हो गए हैं । षष्ठी से मां के दर्शन को भक्तों की भीड़ पंडाल में जुटने लगी हैं । पंडाल के समीप मेला लगा हुआ है । बजारों में रौनक है । कमेटी के सदस्य पूजा व्यवस्था की कमान संभाल रहे हैं । चाइनीज बल्ब कलरफुल बल्ब से पंडालो में रोशनी की गई है । पूजा पंडाल के उद्घाटन पर मुख्य संरक्षक भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो ओबीसी मोर्चा उपाध्यक्ष नरेश साहू अध्यक्ष रामकृष्ण चौधरी रोशन लाल मुंडा नीलकंठ चौधरी अमित कुमार विक्की सूरज गुप्ता पंकज चौधरी संतोष साहू रणधीर महतो ज्योतिष महतो सचिन केसरी के साथ समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे ।

## पिपरवार कोयलांचल में पूजा अर्चना के साथ खोला गया पूजा पंडालों का पट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों के सभी पूजा पंडालों का पट खुलने के साथ ही श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ पूजा पंडालों में देखी गई।

बचरा पुजा पंडाल और मेला का उद्घाटन पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय ने फीता काटकर किया।इस मौके पर जीएम सीबी सहाय सहित अन्य लोगों ने मां दुर्गा के दर्शन कर क्षेत्र की सुख शांति और खुशहाली की कामना की। साथ ही सभी अतिथियों ने मेला परिसर का निरीक्षण किया।इस मौके पर एजीएम निरजंन सेनापति, अशोका पीओ संजय कुमार, सीएचपी पीओ धनजंय कुमार,एसओपी आलोक मनीष सोय,एके पाठक, अरूण महतो,विद्यापति सिंह,राजेंद्र साव,मुखिया गुंजन कुमारी सिंह,रीना देवी,रविंद्रनाथ सिंह,भीम सिंह यादव,भीम प्रसाद मेहता,एसके चौधरी,अभय सिंह,धीरेंद्र शर्मा,रविन्द्र सिहं, रवि भारद्वाज सहित पूजा समिति के सभी लोग मौजूद थे।राय कोलियरी मे पूजा पंडाल का उद्घाटन मुखिया सेवा उंराव ने फीता काटकर किया।वही बेंती और बहेरा पुजा पंडाल का भी विधिवत पूजा अर्चना के बाद उद्घाटन किया गया।वहीं राय बाजार पुजा समिति द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई,जिसमें काफी संख्या में महिलाओं एवं युवकों ने भाग लिया।इधर सुरक्षा को लेकर पुलिस पूरी तरह से सर्तक है।सभी पूजा पंडाल और मेला में पुलिस बल के जवानों को तैनात किया गया है।

## सप्तमी पूजन के साथ दुर्गा पूजा पंडाल का पट खुला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** प्रखंड अंतर्गत करा सहित गोविंदपुर लोधमा जरियागढ़ में आज सप्तमी पूजन के बाद दुर्गा पूजा की धूम शुरू हो गयी है. दुर्गा पूजा समिति कर्रा शिवालय और सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति महतो टोली कर्रा में पट खोलना के साथ सप्तमी पूजन की गयी. जिसके बाद पंडालो में भक्तों की भीड़ लगी रही. समिति के सदस्य सुबह 6ः00 बजे नव पत्रिका लेकर ढोल नगाड़े घंटे और शंख बजाते हुए लोंगकेल तालाब पहुंचे जहां पंडित धनंजय पाठक द्वारा नौ पत्रिका का महा स्नान एवं पूजन विधिवत कराया गया. जिसे वापस पूजा पंडाल में लाकर स्थापित किया गया. सुबह 9ः00 बजे पट खोलने के बाद सप्तमी पूजन प्रारंभ कराया गया. इसके पूर्व संध्या में षष्ठी बेलबरण का पूजन किया गया. मौके पर रामचंद्र पांडे, सुदामा प्रसाद, बंशीधर साहू, विनोद प्रसाद सोनी, प्रदीप देवघरिया, मनोज सिन्हा, आशीष कुमार, दीपू केसरी, शक्ति गुप्ता, राजेश सिंह, धनपत प्रधान, करनो बड़ाईक, भोपाल बड़ाइक के अलावे अन्य लोगों उपस्थित थे।

## टाटीसिल्वे में मां दुर्गा पंडाल का उद्घाटन

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुर्गा पूजा समिति चौक टाटीसिल्वे के भव्य पांडाल एवम माँ दुर्गा का पट खोलकर उद्घाटन भा ज पा के प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने किया । माननीय प्रदीप वर्मा ने इस अवसर पर कहा माँ भवानी कि कृपा सभी भक्तो पर बनी रही। माँ भवानी को शक्ति प्रदान करे। आयोजन समिति को भी भव्य आयोजन पर बधाई दी। इस शुभ अवसर पर यदुवीर सिंह, विनोद अग्रवाल, राजन साहू, राजेश मिश्रा, ब्रजेश सिंह, उमेश प्रसाद, के डी शर्मा,राजकुमार सिंह,मदन सिंह, मनोज ठाकुर,रामचंद्र झा, मिंटू सिंह, गौतम सिंह, थाना प्रभारी महेंद्र करमाली, पुनित गोयल,राजा सिंह इत्यादि के साथ ग्रामीण उपस्थित थे।

# आईआरबी-3 के पिपरवार कैम्प में मनाया गया पुलिस संस्मरण दिवस

## शहीद हुए जवानों और पुलिसकर्मियों को दी गई श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** इंडियन रिजर्व बटालियन आईआरबी-थ्री के पिपरवार कैम्प मे शनिवार को पुलिस संस्मरण दिवस मनाया गया।इस मौके पर कैम्प परिसर मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमे देशभर मे शहीद हुए पुलिस कर्मियो और शहीद जवानो को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों ने पुलिस संस्मरण दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की रक्षा करते हुए कई पुलिसकर्मियों और जवानों ने अपनी शहादत दी है उनकी शहादत को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है।

कार्यक्रम में सभी पुलिस पदाधिकारी और जवानों से समर्पित भाव से राष्ट्र की सुरक्षा के लिए काम करने का आह्वान किया गया।पुलिस संस्मरण दिवस पर शहीद और बलिदान देने वाले जवानों, पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई।दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।इस मौके पर डीएसपी रेमेजियुश टोप्पो, सब इंस्पेक्टर परेश मंराडी, हवलदार संजय यादव,राजेन्द्र उंराव,पुलिस मेंस एसोसिएशन अध्यक्ष शमशेर खान,मंत्री सुजीत कुमार,सयुक्त मंत्री सुशील कुमार पाण्डेय,कन्हैया कुमार,गौतम पासवान,मनीष कुमार,राहुल तिवारी,पवन कुमार,कमलेश कुमार,राजीव रवि,कुलदीप प्रजापति, सुशील पॉल,लोरेन्स आईन, हरेन्द्र दास,महिला आरक्षी लक्ष्मी कुमारी,अनिता बांडो सहित बटालियन के सभी पदाधिकारी और जवान सहित पुलिस एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद थे।

## महासप्तमी पर जगन्नाथपुर में निकली भव्य कलश यात्रा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जगन्नाथपुर :** दुर्गा पूजा के महासप्तमी के अवसर पर शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई. इसमें युवतियां माथे पर कलश शोभा यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे. जहाँ दुर्गा मंदिर की कशल में जल लेने के लिए बलियाडीह व राम महवीर मंदिर बड़ा तालाब पहुंची. दुर्गा मंदिर के पुजारी रितेश पाणिग्रही व राम मंदिर पुजारी प्रभात पाणिग्रही की अगुवाई में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नवपत्रिका पूजन के साथ कलशों में जलाभरण किया गया. महासप्तमी पूजन, पुष्पांजलि, मां का श्रृंगार के साथ महाआरती की गई. इसके साथ ही मां दुर्गा का पट खोला गया. पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी. वहीं जगन्नाथपुर प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त कर रखे है. पूजा पंडालों के पास सशस्त्र बल तैनात किये गये है.

### नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी के जमशेदपुर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

# बचे एक वर्ष में सरकार को पुरजोर तरीके से घेरेंगे : बाउरी

प्रभात मंत्र संवाददाता




**जमशेदपुर :** भाजपा एक परिवाररूपी पार्टी है। जहां किसी को भी दायित्व मिलने से पूरे परिवार के कार्यकर्ता संकल्पित होकर दायित्व को पूरा करते हैं। यह अवसर भाजपा को चार साल पहले मिलना चाहिए था, परंतु हेमंत सरकार ने जानबूझकर विपक्ष की आवाज को दबाकर रखा। राज्य में नेता प्रतिपक्ष ना होने से अनेकों संवैधानिक मुद्दे गौण रहे। जनता के मुद्दे जिस तरह से विधानसभा के पटल पर उठने चाहिए उनसब जनमुद्दों पर सरकार ने इस प्रकरण में एक कवच के रूप में इस्तेमाल कर खुदको बचाये रखा। अब एक वर्ष शेष बचे हैं और पार्टी ने जो दायित्व दिए हैं उनमें झारखंड की जनता के जो प्रश्न है, जो विषय है, जिनका सरकार के द्वारा लगातार उपेक्षा की गई है, उनमें प्रमुख रूप से गलत बयानबाजी, भ्रष्टाचार, ध्वस्त कानून-व्यवस्था, बेरोजगारी, वादाखिलाफी, महिला अपराध जैसे मुद्दों को सदन के अंदर पुरजोर तरीके से रखकर लड़ाई लड़ेंगे। उक्त बातें मीडिया से बात करते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा। श्री बाउरी शनिवार को जमशेदपुर पहुंचे। नेता प्रतिपक्ष बनने के पश्चात प्रथम शहर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने साकची स्थित जिला कार्यालय में उनका पूरे गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ताओं ने अमर बाउरी को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं पुस्तक भेंटकर उन्हें संगठन द्वारा मिले दायित्व पर शुभकामनाएं व्यक्त की। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी ने जनसंकल्प यात्रा के माध्यम से सभी विधानसभा में दौरा कर जमीनी स्तर पर सरकार की खामियों और जन आक्रोश को लेकर जनमत संग्रह किया है। आने वाले दिन में इन सभी विषय और मुद्दों को लेकर विधानसभा के पटल पर सरकार को घेरने का काम करेंगे।

## स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने पूजा पंडाल में रक्तदान कर पेश किया मिसाल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** दुर्गापूजा की महासप्तमी के दिन कदमा जुस्को स्कूल के समक्ष ओल्ड फार्म एरिया पूजा पंडाल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें पहुंचकर झारखंड के स्वास्थ्य सह चिकित्सा शिक्षा मंत्री बन्ना गुप्ता ने रक्तदान किया. रक्तदान के पश्चात संबोधित करते हुये बन्ना गुप्ता ने कहा कि मैं माँ दुर्गा की आराधना करने आया हूँ. जिस प्रकार माँ की आराधना हेतु भक्त फल मिठाई और लाल पुष्प लेकर पहुंचते हैं, मैं भी रक्त देने पहुंचा हूँ. ताकि यह रक्त माँ के ही किसी जरूरतमंद बेटे बेटियों को काम आ सके. बन्ना गुप्ता ने कहा कि देश भर में डेंगू बीमारी ने अपना जाल फैलाया हुआ है. इस परिस्थिति में रक्त की बहुत आवश्यकता है. दुर्गा पूजा के माहौल में सभी लोग घूमने फिरने व मनोरंजन में व्यस्त हैं. पर्व त्यौहार में ब्लड बैंक में रक्त का स्टॉक काफी कम हो जाता है. अतएव आवश्यक है कि ऐसे अवसरों पर भी रक्तदान किये जाएं.

## उड़िसा के नव मनोनित राज्यपाल रघुवर दास ने किया फुड प्लाजा पंडाल का उद्घाटन



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सार्वजनिक दुर्गा पूजा फुड प्लाजा में पुजा पंडाल का उद्घाटन उड़िसा के नव मनोनित राज्यपाल रघुवर दास के कर कमलों के द्वारा हुआ। इस अवसर पर पूजा कमिटी के अध्यक्ष मोहन ठाकुर, महासचिव धर्मेश झा लड्डु, वरीय संरक्षक डॉ सरोज कुमार मिश्र, एमसी मधुकर, गणेश झा उपाध्यक्ष, प्रमोद मिश्रा, संयोजक राजेश कुमार झा, मिथिला संस्कृतिक परिषद् के अध्यक्ष शिशिर कुमार झा, महासचिव सुजीत कुमार झा एवं काफी संख्या मे पुजा कमिटी के पदाधिकारी, सदस्य के अलावा मैथिल समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## नवमनोनीत राज्यपाल रघुवर दास से मिलने पहुंचे मंत्री बन्ना गुप्ता



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ओडिशा के राज्यपाल मनोनीत किये जाने पर जमशेदपुर के वरीय नेता और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को बधाई देने उनके आवास पहुँचे राज्य के स्वास्थय मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि झारखंड गठन के बाद संभवतः यह पहला अवसर है कि यहाँ के किसी विधायक को राज्यपाल का महत्ती दायित्व प्रदान किया गया है, यह ना केवल रघुवर जी बल्कि पूरे कोल्हान प्रमंडल एवं झारखंड प्रदेश के लिये गौरव का विषय है. इस अवसर पर कमल किशोर अग्रवाल, संदीप मुरारका, सन्नी संघी, कुलवंत सिंह बंटी, सतबीर सिंह सूमो, दिनेश कुमार इत्यादि उपस्थित थे.

## सनातन उत्सव समिति ने किया रघुवर व बाउरी का अभिनंदन



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सनातन उत्सव समिति ने शनिवार को उड़ीसा के नवमनोनित राज्यपाल रघुवर दास एवं झारखंड सरकार के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी का भव्य अभिनंदन किया। नेता प्रतिपक्ष का दायित्व संभालने के उपरांत अमर बाउरी पहली बार जमशेदपुर पहुंचें और रघुवर दास से सौजन्य भेंटकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद एग्रिको स्थित पूर्व मुख्यमंत्री आवास के समक्ष सनातन उत्सव समिति ने रघुवर-बाउरी का अभिनंदन किया। स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व चिंटू सिंह ने किया। इस दौरान विशेष रूप से बीजेपी महानगर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार सहित पूर्व प्रवक्ता अंकित आनंद सहित विक्रम पंडित, ललित राव, राहुल दुर्गे, कैलाश मिश्रा, विकास शर्मा, दलबीर सिंह आदि उपस्थित थे।

## समृद्धि ने टांगराईन स्कूल के बच्चों के साथ बांटी खुशियां

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महिलाओं का बिजनेस ग्रुप समृद्धि के सदस्यों ने टांगराईन स्कूल के बच्चों के साथ पूजा की खुशियां बांटी। स्कूल के प्रधानाध्यापक अरविंद तिवारी ने इसके लिए समृद्धि ग्रुप के प्रति आभार जताया । समृद्धि की शर्मिष्ठा नाग ने बताया कि ग्रुप में सभी महिलाएं हैं और मेले में दुकान लगाकर बच्चों एवं महिलाओं के कपड़े, सजावट के समान एवं घरेलू उत्पादों की बिक्री कर आत्मनिर्भर बनने का प्रयास करती हैं ।हम सभी महिलाएं अपनी आय का एक हिस्सा समाज के वंचित वर्क के साथ भी बांटने का प्रयास करते हैं। कार्यक्रम में रत्ना पात्रा संदीपा दत्ता ,श्रमिष्ठा नाग,पालोमी मजूमदार, दोलन सेन गुप्ता, अर्पिता रॉय, मीता घोष शिल्पा घोष, माहुली दास, राजश्री चटर्जी ,आराधना चौधरी सहित कई महिलाएं उपस्थित थीं।

## सन्नी उरांव ने किया पूजा पंडाल का उद्घाटन

**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दिशोम गुरु आर्शीवाद योजना के अध्यक्ष सह झामुमो नेता सन्नी उरॉव ने चैनपुर पूजा पंडाल का उद्घाटन किया। सन्नी उरॉव, शोशोधर नायक, बन्दगॉव प्रखण्ड बीस सूत्री अध्यक्ष दोड़ाय जोंको ने संयुक्त रूप से शनिवार को चक्रधरपुर प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत चैनपुर के दुर्गा पूजा पंडाल का फीता काटकर उद्घाटन किया. इसके साथ ही श्रद्धालुओं के लिए पट खोल दिया गया। मौके पर उन्होंने मां के दरबार में माथा टेक आशीर्वाद प्राप्त किया । इस अवसर पर झामुमो के जिला संयुक्त सचिव प्रदीप महतो, चक्रधरपुर नगर संगठन सचिव चन्दन विश्वकर्मा सहित सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति, चैनपुर के सदस्य एवं श्राद्धालु मौजूद रहे।

## सिखों के प्रतिनिधिमंडल ने रघुवर दास को बधाई दी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** कोल्हान के सिखों का प्रतिनिधिमंडल उड़ीसा के नव मनोनित राज्यपाल रघुवर दास से उनके आवासीय कार्यालय में मिला। उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई भी और उम्मीद जताई कि उनके इस संवैधानिक दायित्व से उड़ीसा का और ज्यादा विकास होगा। वहीं प्रतिनिधिमंडल ने गुरु नानक देव जी को याद करते हुए कहा कि गुरु जी ने महामहिम के रूप में उनकी सेवा ली है। भुवनेश्वर कटक एवं पूरी में ऐतिहासिक स्थल है और वहां सिक्खों की आपसी भाईचारा एकता विकसित करने के साथ सिख धार्मिक केंद्र के रूप में विकसित करने में राज्यपाल अपनी सार्थक भूमिका अदा करेंगे। प्रतिनिधि मंडल में शामिल लोगों ने उन्हें शॉल गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया। प्रतिनिधि मंडल में प्रधान तारा सिंह, प्रधान हरमिंदर सिंह मिन्दी, पूर्व प्रधान हरविंदर सिंह मंटू, पूर्व प्रधान तरसेम सिंह सेम्मे, पूर्व प्रधान दलजीत सिंह दल्ली, अजीत सिंह गंभीर, प्रधान सह अधिवक्ता कुलविंदर सिंह, पूर्व प्रधान जसवीर सिंह पदरी आदि शामिल थे।

# पुलिस लाइन में मनाया गया पुलिस संस्मरण दिवस

प्रभात मंत्र संवाददाता



**सरायकेला :** सरायकेला के दुगनी स्थित पुलिस लाइन में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार की अगुवाई में शहीद पुलिसों की स्मृति में पुलिस संस्मरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस उपाध्यक्ष चंदन कुमार बत्स, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक पूजा कुमारी सहित अन्य अधिकारियों ने पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पर रीट चढ़ाकर एवं पुष्पांजलि देकर शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी। पुलिस अधीक्षक ने विगत एक वर्ष में पूरे देश एवं झारखंड में शहीद हुए पुलिसकर्मी के नाम पढ़कर सुनाया। उन्होंने कहा कि पूरे देश में 188 पुलिसकर्मी अपने कर्तव्य निर्वहन करते हुए शहीद हुए हैं। एसपी सहित उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों ने पूरे भारतवर्ष में शहीद हुए पुलिस कर्मियों की याद में दो मिनट का मौन रखा एवं सलामी दी। जिला अंतर्गत शहीद पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों के परिजन भी इस अवसर पर उपस्थित थे। पुलिस अधीक्षक ने उन्हें बुके एवं साल भेंट कर सम्मानित किया।

## कर्ज से परेशान युवक ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा थाना क्षेत्र के लावा टोला बहड़ाडीह निवासी करीब 24 वर्षीय युवक पोल्टू दास ने शुक्रवार को अपने ही घर में गमछी के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने देर शाम उसके घर जाकर घटना की जांच की। बताते हैं कि स्व नंद दास का छोटा बेटा पोल्टु पेशा से वाहन चालक था। उसपर 10 से 15 लाख रुपए का कर्ज बैंक व अन्य जगहों पर होने की वजह से वह काफी परेशान रहता था। घटना के वक्त वह घर पर अकेले ही था। पटमदा थाना प्रभारी रणजीत कुमार सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि लाश को पोस्टमार्टम हेतु एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेजा दिया गया । ग्रामीणों के मुताबिक पिछले करीब 20 वर्षों पूर्व उसके पिता नंद दास भी किसी कारणवश फांसी लगाकर ही आत्महत्या की थी।

## महावीर मुर्मू ने श्राद्धकर्म में किया सहयोग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पोटका निवासी पिंटू मदीना का विगत दिनों आकस्मिक निधन हो गया था, जिसका श्राद्धकर्म के लिए झामुमो नेता महावीर मुर्मू ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ उनके पुत्री तानिया मदीना सह परिवार से मिलकर शोक संवेदना प्रकट किया एवं श्राद्धकर्म हेतु सुखा राशन देकर सहयोग किया गया। सुखा राशन दिया। मुर्मू ने पीड़ित परिवार से कहा की आगे भी हर संभव दुःख सुख में आप सभी के साथ रहूंगा। मौके पर पोटका प्रखंड झायूमो पूर्व अध्यक्ष उज्जवल मंडल, युवा नेता शंकर मुंडा, माटकू पंचायत के पूर्व मुखिया बिल्टु हांसदा, झामुमो नेता रायसेन सोरेन, पंचायत समिति सदस्य जालिम मार्डी, गुड्डु पाल, मनोज तांती, कारण कालिंदी, आनंद मदीना, अजय मदीना,सुजय मदीना आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## महासप्तमी पर कई पूजा पंडालों के पट खुले



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** महासप्तमी के अवसर पर शनिवार को कांड्रा व गम्हरिया में विभिन्न पूजा कमेटियों द्वारा बनाए गए पंडालों के पट खुल गए। पंडालों के पट खुलते ही भक्त श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई है। भक्तों ने पूरे विधि विधान के साथ माता रानी की पूजा अर्चना कर आशीष लिया। इससे पूर्व महासप्तमी के अवसर पर श्री श्री दुर्गापूजा कमेटी, कांड्रा एसकेजी कॉलोनी की ओर से प्रातःकाल में कलश यात्रा निकाली गई जिसमें काफी संख्या में महिलाएं और कन्याओं ने भाग लिया। इस दौरान स्थानीय तालाब से कलश में जल लेकर पंडाल में उसे स्थापित कर माता का आह्वान किया गया। तत्पश्चात विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। इसके आयोजन में पूजा कमेटी के अध्यक्ष होनी सिंह मुंडा, महासचिव के दुर्गाराव, कोषाध्यक्ष स्वाधीन चंद्र महतो, चंदन प्रताप सिंह, विजय तिवारी, बिपिन वार्ष्णेय, राजू मंडल, अदित्य चौधरी समेत सभी सदस्यों का योगदान रहा।

# आईजी व खान निदेशक ने चक्रधरपुर के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का लिया जायजा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**चक्रधरपुर :** दुर्गा पूजा को लेकर शहर की विधि व्यवस्था व शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में पूजा संपन्न कराने के लिए शनिवार को विशेष शाखा के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) माइकल राज, खान निदेशक अरवा राजकमल चक्रधरपुर पहुंचे। इस दौरान कोल्हान के डीआईजी अजय लिंडा, डीसी अनन्य मित्तल, एसपी आशुतोष शेखर, पोड़ाहाट अनुमंडल पदाधिकारी रीना हांसदा समेत अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद थे। चक्रधरपुर पहुंचने पर प्रशासनिक पदाधिकारियों ने शहर के विभिन्न पूजा पंडाल में पहुंचकर विधि व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान चक्रधरपुर के कपड़ा पट्टी दुर्गा पूजा पंडाल, शीतला मंदिर दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडाल, भगत सिंह चौक स्थित दुर्गा पूजा पंडाल समेत अन्य पूजा पंडाल का सभी प्रशासनिक पदाधिकारियों ने जायजा लिया। मौके पर वरीय पदाधिकारियों ने भीड़-भाड़ वाले स्थान पर अतिरिक्त पुलिस जवानों को तैनात करने, ट्रैफिक व्यवस्था दुरस्त करने समेत अन्य निर्देश अधिकारियों को दिए। इस मौके पर थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राहुल यादव, बीडीओ सीमा कुमारी समेत विभिन्न विभागों के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### शहीद स्थल तिरुलडीह में अजित धनंजय का 42 वीं शहादत दिवस समारोह आयोजित

# जनप्रतिनिधियों ने शहीदों के आश्रित को दिया आश्वासन





प्रभात मंत्र संवाददाता

**तिरूलडीह :** कुकडु प्रखंड अंतर्गत तिरुलडीह में शहीद अजित महतो व धनंजय महतो का शहादत स्थल में 42 वीं शहादत दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहीद धनंजय के पुत्र उपेन महतो, ईचागढ़ के विधायक सविता महतो, झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति के केंद्रीय सदस्य मोतीलाल महतो, जिप उपाध्यक्ष मधुश्री महतो, आजसु के केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो, झामुमो के वरिष्ठ नेता सुखराम हेंब्रम, भाजपा के जिलाध्यक्ष विजय महतो, जे बी के एस एस के सक्रिय सदस्य गोपेश महतो, जिला परिषद सदस्य उषा देवी, झारखंड आंदोलनकारी सुनील कुमार महतो, जे बी के एस एस के चांडिल अनुमंडल के सक्रिय सदस्य तरुण महतो, भाजपा नेता बिनोद राय आदि ने शहीद अजित महतो एवं धनंजय महतो के शहीद बेदी पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने शहीदों के आश्रित को बड़े बड़े आश्वासन दिया कि उन लोगों के हक अधिकार के लिए हर संभव प्रयास किया जायेगा। लेकीन 42 साल बीतने के बाद भी शहीद अजित महतो व धनंजय महतो को शहीद का दर्जा नहीं देना अनेक अनसुलझी पहेली को जन्म दे रहा है। शहादत दिवस पर बड़े बड़े आश्वासन दिया जाता है, वादे किए जाते हैं लेकिन आज तक एक वादा पूरा नहीं हुआ है।

## भव्य कलश यात्रा के साथ दूर्गा पूजा शुरू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चांडिल :** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के चाकुलिया में मां दूर्गा की पूजा के लिए भव्य कलश यात्रा का आयोजन कर मां दूर्गा पूजा का शुभारंभ किया गया। सैकड़ों की संख्या में कुंआरी कन्या व महिलाओं ने दलमा के प्राकृतिक नहर से माथे पर कलश लेकर शोभा यात्रा के साथ करीब तीन किलोमीटर पैदल चलकर दूर्गा मंदिर पहुंचे। वही पंडित लालटू दैव ने विधिवत पूजा अर्चना कर पवित्र दलमा नहर से माथे पर कलश लेकर शोभा यात्रा का शुभारंभ किया गया। भजन कीर्तन व गाजे-बाजे के साथ जय माता दी की जोश के साथ कलश यात्रा का काफिला मंदिर परिसर पहुंचे व कलश स्थापना की। गांव व आस पास के श्रद्धालुओं ने बड़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कलश यात्रा में शामिल डॉ मुरलीधर हाजरा , समाज सेवी धन्नजय महतो, काशीनाथ महतो व काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# जैंतगढ़ शनिवार हॉट में सब्जियों की हो रही कालाबाजारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**प्रशासन से कारवाई की मांग**



**जगन्नाथपुर :** प्रखंड जैंतगढ़ शनिवार हॉट में सब्जियों की कालाबाजारी होने के कारण स्थानीय लोगों अथवा सुदूर ग्रामीण इलाकों से आए हुए ग्रामीणों को बहुत महंगी रेट पर सब्जी लेना पड़ रहा है। असल में शनिवार हाट के दिन तड़के सुबह बाहर के सब्जी व्यापारी आकर जमा हो जाते हैं, तथा जैसे ही कोई किसान बोरी में सब्जी लेकर आता है उस पर वे टूट पड़ते हैं, तथा मनमाने ढंग से उसे थोड़ा पैसा देकर सब्जी ले लेते हैं। अगर वह किसान स्वयं अपने सब्जी को खुदरा बेचता तो उसको सब्जियों का अच्छा मुनाफा मिलता, परंतु व्यापारियों द्वारा किसानों से जबरन सब्जियां छीन कर ली जा रही है, तथा उसका उचित मूल्य भी नहीं दिया जा रहा है। कुछ व्यापारी तो ऐसे हैं की शनिवार हॉट से ही सस्ती दरों पर सब्जियां खरीदते हैं, और फिर स्थानीय लोगों को महंगी दरों पर बेचते हैं। इस मुद्दे पर सामाजिक कार्यकर्ता आमीर हिंदुस्तानी ने कहा कि आज इस महंगाई के दौर में हर वस्तु का मूल्य आसमान छू रहा है, अगर रोज खाने वाली चीज भी इस तरह महंगी हो जाएगी तो फिर आम आदमी क्या खाएगा। उन्होंने कहा कि फिर इन साप्ताहिक हॉटो का क्या महत्व रह जाएगा, उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जैंतगढ़ शनिवार हॉट में सब्जियों पर हो रहे कालाबाजारी की रोकथाम के लिए प्रशासन कार्रवाई करें।

# पटमदा में कलश यात्रा के साथ महासप्तमी की पूजा शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता





**पटमदा :** शनिवार को पटमदा, कमलपुर व बोड़ाम थाना क्षेत्र के सभी दुर्गा पूजा पंडाल एवं मंदिरों में कलश यात्रा के साथ महासप्तमी की पूजा शुरू हुई। क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों का जिले के ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने निरीक्षण किया। उन्होंने बेलटाड़ स्थित भव्य पूजा पंडाल एवं सभी सरकारी गाइडलाइन का पालन करते देख कमेटी की प्रशंसा की। मौके पर सीओ चंद्रशेखर तिवारी, थाना प्रभारी रणजीत कुमार सिंह, धनंजय बैठा, अवर निरीक्षक विनय कुमार, कमेटी के अध्यक्ष ईशान चंद्र गोप, उपाध्यक्ष महावीर महतो, कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसाद मंडल आदि मौजूद थे। इससे पूर्व दोपहर को पहुंचे भाजपा के किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, जिप उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा व जिप प्रदीप बेसरा ने पंडाल का निरीक्षण करते हुए मां दुर्गा से आशीर्वाद लिया। वहीं सुबह में बेलटाड़ स्थित श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की ओर से कलश यात्रा निकाली गई और रांगाबांध तालाब से कलश लाकर स्थापना की गई। मौके पर पुरोहित शक्तिपद मुखर्जी, यजमान के रूप में शिशुपाल सिंह सरदार व प्रदीप पैड़ा, ईशान चंद्र गोप, चंद्रमोहन गोराई, विजय सिंह, सुरेन्द्र प्रमाणिक, सुदामा कर्मकार आदि शामिल थे।

संपादकीय

# पांच सौ का हत्यारा कौन?

**गाजा** पट्टी में एक महाविस्फोट हुआ और 'अल अहली अरब' अस्पताल में 500 लाशें बिछ गईं। यकीनन यह नरसंहार है और युद्ध के नियमों और नैतिकताओं के विपरीत है। अस्पताल में लोग उपचाराधीन थे अथवा इजरायल की बमबारी से बचने के लिए छिपे थे। उनकी हत्या कर दी गई। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पहले हमास और फिलिस्तीन के पक्ष में रूस और चीन ने 'वीटो' का इस्तेमाल किया। फिर इजरायल के 'आत्मरक्षा के अधिकार' को लेकर अमरीका ने 'वीटो' का प्रयोग किया। दोनों प्रस्ताव ही ढह गए और सुरक्षा परिषद में कोई निर्णय नहीं लिया जा सका। अस्पताल पर मिसाइल हमला किया गया अथवा कोई रॉकेट मिसफायर हो गया। उसका हत्यारा हमास था अथवा इजरायल की सेना ने वह नरसंहारी प्रहार किया? इस सवाल पर विरोधाभासी आरोप हैं। अरब और इस्लामी देश इजरायल को 'नरसंहारी' मान रहे हैं, जबकि इजरायल की दलील है कि यह महाविस्फोट हमास के आतंकियों ने किया था, क्योंकि इसके रॉकेट, मिसाइल मिसफायर करने का इतिहास रहा है। बीती मई, 2023 में ही हमास ने 1469 रॉकेट दागे थे, जिनमें से 291 रॉकेट बीच रास्ते में ही फट गए। कुछ रॉकेट समंदर में गिर गए। इजरायल अस्पताल वाले महाविस्फोट के मद्देनजर कुछ सबूत सुरक्षा परिषद के सामने पेश करना चाहता है। मुस्लिम देशों को ईरान भडक़ा रहा है और इजरायल के खिलाफ सडक़ों पर लामबंद होने की धमकियां दे रहा है। अमरीका ने ईरान को ऐसे रवैये के लिए आगाह किया है। अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडेन कुछ घंटों के लिए इजरायल गए थे। कुछ लोगों पर प्रतिबंध लगाए, इजरायल को खुला समर्थन दिया, हमास को आईएसआईएस से भी घातक और बदतर करार दिया और वॉशिंगटन लौट गए। बाइडेन और नेतन्याहू में क्या गुप्त बातचीत हुई है, उसकी कोई ब्रीफिंग नहीं की गई। अलबत्ता बाइडेन जॉर्डन जाकर अरब देशों के नेताओं संग शिखर वार्ता नहीं कर सके, इसे कितना गंभीर माना जा सकता है? बहरहाल इजरायल ने गाजा के अलावा, लेबनान और सीरिया में भी हवाई हमले किए हैं। इजरायल पर अब भी रॉकेट, मिसाइल दागे जा रहे हैं। ये विभीषिकाएं कहां जाकर थमेंगी? गाजा से लाखों लोग विस्थापित हो चुके हैं, लेकिन लाखों अब भी गाजा में ही हैं। वे 'नारकीय चक्रव्यूह' में फंसे हैं। हमास उन्हें 'मानव ढाल' की तरह इस्तेमाल कर रहा है, लेकिन मार भी रहा है। कुछ पानी, बिजली, ईंधन, दवा आदि की सप्लाई गाजा वालों के लिए इजरायल ने शुरू की है, लेकिन इजरायल की बमबारी बदस्तूर जारी है। मौत के बाद लोगों को एक 'सामूहिक कब्रगाह' में दफनाया जा रहा है। यदि संयुक्त राष्ट्र के पास विशेषाधिकार हैं, तो वह दखल देकर इन हत्याओं और युद्ध को रुकवा क्यों नहीं सकता? हमें तो संयुक्त राष्ट्र 'सफेद हाथी' लगता है, क्योंकि विश्व के अलग-अलग चार हिस्सों में युद्ध लड़े जा रहे हैं। गाजा में किए गए महाविस्फोट के हत्यारे को कौन तय करेगा, क्योंकि दोनों पक्षों के अपने-अपने दावे हैं। संयुक्त राष्ट्र में 22 अरब देशों के समूह 'अरब लीग' ने कहा है कि इजरायल को तुरंत हमले बंद करने होंगे। इजरायल युद्धविराम की भी घोषणा करे। मौजूदा युद्ध में दोनों तरफ के 4500 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और घायल 13,000 से ज्यादा बताए जा रहे हैं। विश्व दो हिस्सों में बंटता-सा लग रहा है। एक ओर मुस्लिम तथा फिलिस्तीन समर्थक हैं। वे स्पष्टतः हमास-विरोधी भी नहीं हैं। दूसरी तरफ यहूदी और उनके समर्थक हैं। अमरीका, भारत, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस आदि देश इजरायल का समर्थन कर रहे हैं। क्या यह विभाजन विश्व-हित में है? अरब देशों के लाखों नागरिक इन बड़े देशों में नौकरियां कर रहे हैं या व्यवसाय में जुटे हैं। यदि उन्हें उन देशों से निष्कासित करने की नौबत आ गई और अरब देशों ने भी पलटवार किया, तो पूरी विश्व-व्यवस्था ही गड़बड़ा जाएगी। दरअसल यह मुस्लिम-यहूदी युद्ध है, जो सनातन है। 21वीं सदी में ऐसे सांप्रदायिक युद्ध अस्वीकार्य होने चाहिए।

इजरायल अस्पताल वाले महाविस्फोट के मद्देनजर कुछ सबूत सुरक्षा परिषद के सामने पेश करना चाहता है। मुस्लिम देशों को ईरान भडक़ा रहा है और इजरायल के खिलाफ सडक़ों पर लामबंद होने की धमकियां दे रहा है। अमरीका ने ईरान को ऐसे रवैये के लिए आगाह किया है। अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडेन कुछ घंटों के लिए इजरायल गए थे। कुछ लोगों पर प्रतिबंध लगाए, इजरायल को खुला समर्थन दिया, हमास को आईएसआईएस से भी घातक और बदतर करार दिया और वॉशिंगटन लौट गए। बाइडेन और नेतन्याहू में क्या गुप्त बातचीत हुई है, उसकी कोई ब्रीफिंग नहीं की गई। अलबत्ता बाइडेन जॉर्डन जाकर अरब देशों के नेताओं संग शिखर वार्ता नहीं कर सके, इसे कितना गंभीर माना जा सकता है? बहरहाल इजरायल ने गाजा के अलावा, लेबनान और सीरिया में भी हवाई हमले किए हैं। इजरायल पर अब भी रॉकेट, मिसाइल दागे जा रहे हैं। ये विभीषिकाएं कहां जाकर थमेंगी? गाजा से लाखों लोग विस्थापित हो चुके हैं, लेकिन लाखों अब भी गाजा में ही हैं। वे 'नारकीय चक्रव्यूह' में फंसे हैं। हमास उन्हें 'मानव ढाल' की तरह इस्तेमाल कर रहा है, लेकिन मार भी रहा है। कुछ पानी, बिजली, ईंधन, दवा आदि की सप्लाई गाजा वालों के लिए इजरायल ने शुरू की है, लेकिन इजरायल की बमबारी बदस्तूर जारी है। मौत के बाद लोगों को एक 'सामूहिक कब्रगाह' में दफनाया जा रहा है। यदि संयुक्त राष्ट्र के पास विशेषाधिकार हैं, तो वह दखल देकर इन हत्याओं और युद्ध को रुकवा क्यों नहीं सकता? हमें तो संयुक्त राष्ट्र 'सफेद हाथी' लगता है, क्योंकि विश्व के अलग-अलग चार हिस्सों में युद्ध लड़े जा रहे हैं।

कुछ अलग

## हिमाचली कलाकारों की उपेक्षा

**कुल्लू** दशहरा यूं तो हिमाचली संस्कृति के नाम एक पैगाम है, लेकिन आश्चर्य यह कि कुल सात सांस्कृतिक संध्याओं में से केवल एक ही प्रदेश के कलाकारों के नाम होगी। यानी जिस दशहरा की बदौलत हिमाचल की देव संस्कृति सारे देश को आमंत्रित करेगी, वहां 85 फीसदी कार्यक्रम गैर हिमाचली कलाकारों के नाम होंगे। यह चयन की पराकाष्ठा है जो ऐसे अवसर को बालीवुड व पंजाबी कलाकारों के नाम ही नहीं करती, बल्कि समारोह के नाम पर की गई उगाही भी बाहरी कलाकारों में बांट देती है। हिमाचल एकमात्र ऐसा राज्य है जहां राज्य स्तरीय सांस्कृतिक समारोह भी बिना किसी परिपाटी के प्रशासनिक व सियासी चाटुकारिता में गुम हो रहे हैं। सुक्खू सरकार से व्यवस्था के सांस्कृतिक दायरे में जबरदस्त परिवर्तन की गुजारिश है ताकि ऐसे समारोह प्रदेश के पर्यटन परिदृश्य को मजबूत करें। सांस्कृतिक व धार्मिक समारोहों के अलावा मंदिर व्यवस्था का एक प्रादेशिक ढांचा निर्मित होना चाहिए ताकि संसाधनों का सही इस्तेमाल हो सके। मंदिर व्यवस्था के लिए एक केंद्रीय ट्रस्ट व प्राधिकरण का गठन स्थायी रूप से धार्मिक पर्यटन की योजनाओं-परियोजनाओं का संचालन करके आय को कम से कम पांच हजार करोड़ तक ले जा सकता है। इसी तरह क्षेत्रीय व ग्रामीण मेलों, सांस्कृतिक समारोहों तथा व्यापारिक मेलों के लिए एक मेला विकास प्राधिकरण का गठन करके आय-व्यय की पारदर्शी व्यवस्था अमल में लाई जा सकती है। मेला विकास प्राधिकरण के तहत प्रदेश के मेला ग्राऊंड, व्यापारिक प्रदर्शनियां तथा सांस्कृतिक समारोहों की एक परिपाटी बनाएंगे, तो हिमाचल के हर कलाकार को प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। कलाकारों का चयन वार्षिक कांट्रैक्ट के तहत अगर किया जाए, तो लगभग सौ के करीब सांस्कृतिक समारोहों के आयोजन से कला को रोजगार पाने का अवसर मिलेगा। विडंबना यह है कि जिलावार आयोजनों का मकसद सांस्कृतिक रहा ही नहीं, बल्कि कुछ दलालों के मार्फत बाहरी कलाकारों पर सबसे अधिक व्यय किया जा रहा है। ऐसे में इन समारोहों में कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग व अकादमी ढूंढे नहीं मिलते। समारोहों में पचास से साठ करोड़ तक खर्च होने के बावजूद हिमाचल के सांस्कृतिक पक्ष का समर्थन नहीं किया जा रहा। सांस्कृतिक समारोहों की न तो आय तय है और न ही व्यय, बल्कि एक फर्ज अदायगी के रूप में प्रशासन अपनी भूमिका निभाता है, जबकि राजनीति इसे भी अपने प्रचार और प्रभाव का मंच बनाने से नहीं चूकती। हमसे तो बेहतर अन्य राज्य हैं जहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा तीज-त्योहारों, व्यापारिक मेलों, पुस्तक मेलों के अलावा फल उत्सव भी मनाए जा रहे हैं।


गुजरात और राजस्थान से इनका इतिहास जुड़ा हुआ है

# गुज्जर और गोजरी भाषा व मजहब का सवाल

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, जम्मू और कश्मीर में जितने गुज्जर समुदाय के लोग हैं, वे सभी किसी न किसी समय राजस्थान से ही चल कर इन स्थानों पर पहुंचे थे। मोटे तौर पर गुज्जर पशुओं का पालन करते हैं। उनको लेकर निरन्तर एक स्थान से दूसरे स्थान पर घूमते रहते हैं। लेकिन इतने वर्षों में गुज्जर जन-समुदाय के कुछ लोगों ने घुमक्कड़ी का जीवन छोड़ कर स्थायी तौर पर भी रहना शुरू कर दिया है। स्थायी तौर पर रहने वाले गुज्जरों को मुकामी गुज्जर भी कहा जाता है।

**गुज्ज** जिसे संस्कृत में गुर्जर कहा जाता है, जितना प्राचीन शब्द है, उतना ही प्राचीन इनका इतिहास है। गुजरात और राजस्थान से इनका इतिहास जुड़ा हुआ है। पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, जम्मू और कश्मीर में जितने गुज्जर समुदाय के लोग हैं, वे सभी किसी न किसी समय राजस्थान से ही चल कर इन स्थानों पर पहुंचे थे। मोटे तौर पर गुज्जर पशुओं का पालन करते हैं। उनको लेकर निरन्तर एक स्थान से दूसरे स्थान पर घूमते रहते हैं। लेकिन इतने वर्षों में गुज्जर जन-समुदाय के कुछ लोगों ने घुमक्कड़ी का जीवन छोड़ कर स्थायी तौर पर भी रहना शुरू कर दिया है। स्थायी तौर पर रहने वाले गुज्जरों को मुकामी गुज्जर भी कहा जाता है। मुकामी गुज्जर जरूरी नहीं कि पशुपालन का धन्धा ही करते हों। वे अन्य व्यवसायों में भी चले गए हैं। जम्मू और कश्मीर में जो गुज्जर बकरियों का पालन करते हैं, उन्हें बकरवाल भी कहा जाता है। जो गुज्जर वनों में रहकर गाय-भैंस का पालन करते हैं, उन्हें वनगुज्जर या बनिहारा गुज्जर भी कहा जाता है। गुज्जर अपनी वंश परम्परा भगवान कृष्ण से जोड़ते हैं क्योंकि वे भी गोपालक कहे जाते हैं। गुज्जरों के लोकगीतों में भी अनेक जगह इसका जिक्र आता है। जम्मू कश्मीर में गुज्जरों की जनसंख्या 1941 की जनगणना के अनुसार 381457 थी। 1951 में जम्मू कश्मीर में विपरीत परिस्थितियों के कारण जनगणना नहीं हो सकी। 1961 में जनगणना तो हुई लेकिन उसमें गुज्जरों को प्रदेश के अन्य मुसलमानों, जिनमें अशरफ और अलजाफ दोनों ही शामिल थे, में ही डाल कर, मुसलमानों की गणना की गई। गुज्जरों ने इसका विरोध भी किया और यह आरोप भी लगाया कि गुज्जरों की गणना मुसलमानों में कर, उनकी पहचान को समाप्त करने का परोक्ष षड्यन्त्र है। जनगणना विभाग की रपटों के अनुसार जम्मू कश्मीर में गुज्जर-बकरवालों की संख्या घटती जा रही है। जम्मू कश्मीर के अधिकांश बुद्धिजीवी यह मानते हैं कि गुज्जरों की संख्या कम होते जाने का कारण जनगणना का तरीका है। गणना, बोली जानी वाली भाषा के आधार पर की जाती है। अनेक बार मुकामी गुज्जर, जो अपनी बोलचाल की गोजरी भाषा को प्रयोग में नहीं लाते, वे अपनी बोलचाल की भाषा को ही मातृभाषा लिखवा देते हैं। इसलिए प्रदेश में गुज्जरों की सही संख्या जानने के लिए, उनकी गुज्जर के नाते गणना करनी पड़ेगी, मजहब के नाम पर नहीं। जम्मू कश्मीर में गुज्जर समुदाय की संख्या कम होने का एक दूसरा कारण पाकिस्तान है। पाकिस्तान ने जम्मू के कई स्थानों मसलन मीरपुर, कोटली, भिम्बर पर बलपूर्वक कब्जा किया हुआ है। इन



क्षेत्रों में गुज्जरों की काफी बड़ी संख्या है। लेकिन पाकिस्तान में होने के कारण उनकी गिनती हो नहीं पाती। अशरफ समाज गुज्जरों को अलजाफ श्रेणी में रखता है, इसलिए भी बहुत से मुकाामी गुज्जर अपनी जनगणना में अपनी पहचान छिपा लेते हैं। जनसांख्यिकी में रुचि रखने वाले गुज्जरों की जनसंख्या प्रदेश की कुल आबादी का 10 फीसदी तक भी मानते हैं। पंजाब, हरियाणा और हिमाचल में शासकीय स्तर पर गुज्जर जनजाति श्रेणी में नहीं माने जाते। देश में जम्मू कश्मीर एकमात्र ऐसा प्रदेश है जिसमें उन्हें जनजाति श्रेणी में माना जाता है और इसी श्रेणी में उनके लिए नौकरियों और विधानसभा में सीटों का आरक्षण दिया जाता है। इस विषय में एक रुचिकर किस्सा स्मरण में आता है। राजस्थान में भी गुज्जर जनजाति का दर्जा पाने के लिए संघर्ष व आन्दोलन करते रहते हैं। वहां दौसा क्षेत्र में गुज्जरों की काफी संख्या है। पुनर्सीमांकन में लोकसभा की दौसा सीट जनजाति समाज के लिए आरक्षित हो गई। इसलिए 2009 में होने वाले लोकसभा चुनाव में गुज्जर समाज के लिए संकट खड़ा हो गया। राजस्थान में मीणा समाज की गणना जनजाति में होती है। इसलिए अब दौसा से गुज्जर तो लोकसभा के चुनाव में प्रत्याशी हो ही नहीं सकता था। गुज्जर समाज उस प्रदेश की तलाश करने लगा, जहां गुज्जर को एसटी का दर्जा मिला हुआ हो। उनकी खोज जम्मू कश्मीर पर आकर खत्म हुई। उन्होंने राजौरी के एक गांव से मोहम्मद कुमर रब्बानी चेच्ची को तैयार किया और उसे दौसा से मैदान में उतार दिया। विरोधी प्रत्याशी ने इसका उपहास उड़ाया। दौसा में गुज्जर समुदाय का मजहब इस्लाम नहीं है। यहां के गुज्जर मुगलों के शासन में भी मतान्तरित नहीं हुए थे। अतः क्षेत्र में चर्चा होने लगी कि इस मुसलमान गुज्जर को कौन वोट देगा? लेकिन गुज्जर समुदाय की मजहब की पहचान गौण हो गई। गुज्जर की पहचान उभर आई। रैली में लोग नारा लगाते हैं भगवान देव नारायण की जय। देव नारायण गुज्जरों के देवता माने जाते हैं। चेची उनसे भी ऊंची जय बोलते हैं। चेची दौसा के गुज्जरों को बताते हैं कि जम्मू कश्मीर में गुज्जर भी बरसों पहले राजस्थान से ही गए थे। इसलिए हमारे रीति रिवाज आज भी एक जैसे ही हैं। चेची ठीक कह रहे थे। आज भी कश्मीर के गुज्जरों के रीति रिवाज कश्मीरियों से उतने नहीं मिलते जितने देश के अन्य हिस्सों में रहने वाले गुज्जरों से। चेची चुनाव हारे या जीते यह प्रश्न नहीं है। उन्होंने एक बार फिर गुज्जर समुदाय की राष्ट्रीय पहचान स्थापित की। गुज्जर जन समुदाय की भाषा गोजरी है। अधिकांश गुज्जर इसका प्रयोग भी करते हैं। लेकिन जो गुज्जर पंजाब में बस गए हैं, उन्होंने धीरे धीरे वहां की स्थानीय भाषा पंजाबी को अपना लिया है और वे आम बोलचाल में उसी भाषा का प्रयोग करते हैं। जो गुज्जर घुमक्कड़ वृत्ति छोड़ कर कहीं भी स्थायी रूप से बस गए हैं और खेतीबाड़ी करने लगे हैं, उन्होंने गोजरी छोड़ कर वहां की स्थानीय भाषा को ही स्वीकार कर लिया है। हिमाचल में चम्बा के गुज्जर आम बोलचाल में गोजरी भाषा का भी प्रयोग करते हैं। जम्मू कश्मीर राज्य सरकार ने गोजरी को प्रदेश की राज्य भाषाओं में शामिल किया हुआ है। गोजरी को अन्य भाषाओं के साथ राज भाषा का दर्जा देने वाला जम्मू कश्मीर शायद देश का पहला राज्य है। गोजरी भारोपीय परिवार की भाषा है जो देवनागरी लिपि में लिखी जाती है। लेकिन जम्मू कश्मीर में, वहां के शासन ने कश्मीरी भाषा के साथ साथ गोजरी भाषा की लिपि भी अनिवार्य रूप से अरबी लिपि ही कर दी है। यही कारण है कि जम्मू कश्मीर स्कूल एजुकेशन बोर्ड गोजरी भाषा की किताबें अरबी लिपि में प्रकाशित करता है। जम्मू में कई गुज्जर संस्थाएं इसका विरोध भी कर रही हैं। स्थान के अनुसार गोजरी भाषा का स्वरूप भी थोड़ा बहुत बदलता रहता है। लारेंस, गोजरी भाषा को हिन्दकी कहता है। हिन्दकी खैबर पख्तूनखवा में भी बोली जाती है। ग्रियसन ने अपने भाषायी सर्वेक्षण में गोजरी को पहाड़ी ही लिखा है। लेकिन यह सही नहीं है। दरअसल गोजरी भाषा राजस्थान के मेवाड़ क्षेत्र की भाषा से अधिकांशतः मिलती जुलती है। गोजरी को इसीलिए राजस्थानी भी कहा जाता है। जम्मू कश्मीर की जनगणना में गुज्जरों की भाषा को इसीलिए राजस्थानी कहा गया है। हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय देश का पहला विश्वविद्यालय है जिसने गोजरी भाषा में तथा गुज्जर इतिहास व संस्कृति में सर्टिफिकेट कोर्स प्रारम्भ किया है। लेकिन दुर्भाग्य से जम्मू कश्मीर के विश्वविद्यालयों में इसकी कोई व्यवस्था नहीं है।

# क्या इस साल भी नहीं होगी विवि एथलेटिक्स

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के अंतर्गत दो सौ से भी अधिक कालेज आते थे। पिछले सत्र से विश्वविद्यालय की खेलें केवल औपचारिकता तक ही सीमित रह गई थीं। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के पास लम्बे समय तक अपना नियमित शारीरिक शिक्षा व अन्य गतिविधियों का निर्देशक व प्रशिक्षक कैडर भी नहीं था। पिछले वर्ष नियुक्तियां हुई हैं। पिछले दो सालों से महाविद्यालय प्राचार्यों का रवैया असहयोग का ही रहा था। हमीरपुर का सरकारी कालेज जो एथलेटिक्स का गढ़ है वहां पिछले दो वर्षों से विश्वविद्यालय प्रतियोगिता करवाने के लिए आनाकानी रही और विश्वविद्यालय की एथलेटिक्स मीट आयोजित नहीं हो पाई थी। इस बार खेल कैलेंडर में एथलेटिक्स का जिक्र भी नहीं है। कुछ महाविद्यालय प्राचार्य लिखित में विश्वविद्यालय से अपने यहां खेल प्रतियोगिता आबंटित करने के लिए साफ मना करते रहे हैं। अब भी वही हाल है।

**सत्र** 2023-24 के लिए हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय का शारीरिक शिक्षा व अन्य गतिविधियों के निदेशालय ने इस बार भी पूरे हिमाचल प्रदेश के महाविद्यालयों की खेलों का आयोजन विभिन्न महाविद्यालयों में होगा, यह अपने कैलेंडर में लिखा है मगर खेलों की जननी एथलेटिक्स का नाम गायब है। क्या इस बार भी हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता नहीं होगी? हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला व वल्लभ भाई पटेल राज्य विश्वविद्यालय मंडी इन दोनों विश्वविद्यालयों के लगभग सभी अंतर महाविद्यालय खेलों का संयुक्त रूप से आयोजन पिछले वर्ष भी हुआ था और इस वर्ष भी आयोजन हो रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में सत्तर के दशक में बना हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला अगले कई दशकों तक सभी विद्याओं में स्नातक डिग्री से लेकर पीएचडी तक शोध करवाता रहा है। जैसे जैसे शिक्षा में उत्कृष्टता की जरूरत महसूस हुई, प्रदेश में प्रौद्योगिकी के लिए हमीरपुर में एनआईटी व मंडी में आईआईटी जैसे विश्वविद्यालय समकक्ष संस्थान खुल गए तथा अन्य अभियांत्रिकी महाविद्यालय तथा तकनीकी शिक्षा के लिए हमीरपुर में हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय खोला गया है। चिकित्सा के लिए बिलासपुर में एम्स तथा अन्य चिकित्सा महाविद्यालयों के लिए मंडी के नेरचौक में अटल बिहारी वाजपेयी स्वास्थ्य व चिकित्सा विश्वविद्यालय खोला है। देहरा व धर्मशाला में केन्द्रीय विश्वविद्यालय खुल गया है। पहले मंडी, कांगड़ा, चंबा, लाहौल स्पीति व कुल्लू जिलों के 140 महाविद्यालयों को वल्लभभाई विश्वविद्यालय मंडी के अंतर्गत कर दिया था, मगर इस सरकार ने कुछ जिलों की कटौती की है। शेष जिलों के महाविद्यालयों को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के अंतर्गत ही रखा है। निजी विश्वविद्यालय अलग से हिमाचल प्रदेश में शिक्षा दे रहे हैं। राज्य में इतने संस्थान व विश्वविद्यालय होने के बावजूद खेलों का भला नहीं हो पा रहा है। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के अंतर्गत दो सौ से भी अधिक कालेज आते थे। पिछले सत्र से विश्वविद्यालय की खेलें केवल औपचारिकता तक ही सीमित रह गई थीं। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के पास लम्बे समय तक अपना नियमित शारीरिक शिक्षा व अन्य गतिविधियों का निर्देशक व प्रशिक्षक कैडर भी नहीं था। पिछले वर्ष नियुक्तियां हुई हैं। पिछले दो सालों से महाविद्यालय प्राचार्यों का रवैया असहयोग का ही रहा था। हमीरपुर का सरकारी कालेज जो एथलेटिक्स का गढ़ है वहां पिछले दो वर्षों से विश्वविद्यालय प्रतियोगिता करवाने के लिए आनाकानी रही और विश्वविद्यालय की एथलेटिक्स मीट आयोजित नहीं हो पाई थी। इस बार खेल कैलेंडर में एथलेटिक्स का जिक्र भी नहीं है। कुछ महाविद्यालय प्राचार्य लिखित में विश्वविद्यालय से अपने यहां खेल प्रतियोगिता आबंटित करने के लिए साफ मना करते रहे हैं। अब भी वही हाल है। क्या हिमाचल प्रदेश शिक्षा के कर्णधार शिक्षा की परिभाषा ही भूल गए हैं। शिक्षा का मतलब है मानव का सर्वांगीण विकास जो शारीरिक व मानसिक दोनों होता है। इस विषय पर सरकार व शिक्षा विभाग को सोच समझ कर निर्णय लेना होगा कि भविष्य में खेलों के साथ इस तरह खिलवाड़ न हो। ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाले अधिकांश स्टार खिलाड़ी महाविद्यालय व विश्वविद्यालय से ही निकल कर आते हैं। अकादमिक विषयों की तरह खेल भी शिक्षा का अभिन्न हिस्सा है। शारीरिक फिटनेस का उच्चतम स्तर ही खेलों में उत्कृष्ट परिणामों का मुख्य कारण है। जिस देश की जवानी जितनी फिट होगी वहां पर खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करवाना उतना ही आसान होता है। इसलिए शिक्षा संस्थानों में हर विद्यार्थी की फिटनेस के लिए कार्यक्रम होना चाहिए जिससे अच्छे खिलाड़ी ही नहीं फिट नागरिक भी देश को मिल सकें। महाविद्यालय स्तर पर खेलों के लिए जहां स्तरीय खेल ढांचे का होना बहुत जरूरी है, वहीं पर ज्ञानवान प्रशिक्षकों की भी बहुत ज्यादा जरूरत है। देश के अन्य राज्यों की तरह हिमाचल प्रदेश में भी महाविद्यालय स्तर पर खेलों का हाल ज्यादा ठीक नहीं है। राज्य के अधिकतर महाविद्यालय अच्छे खिलाडियों को मंच देने में नाकाम रहे हैं। कनिष्ठ खिलाडियों के लिए नजर दौड़ा कर देखें तो उनके प्रशिक्षण के लिए बहुत अच्छा तो नहीं मगर प्रशिक्षण शुरू करने काबिल व्यवस्था मौजूद है। हिमाचल प्रदेश में जूनियर खिलाडियों के लिए लगभग हर स्तर पर कई खेलों के लिए शिक्षा व खेल विभाग के खेल छात्रावास मौजूद हैं, मगर आगे महाविद्यालय व विश्वविद्यालय स्तर पर खिलाडियों के लिए हिमाचल प्रदेश में कहीं भी कोई खेल विंग नहीं है। इसलिए अधिकतर खिलाड़ी स्कूल के बाद अपनी महाविद्यालय की पढ़ाई के लिए राज्य के महाविद्यालयों में खेल वातावरण न होने के कारण पड़ोसी राज्यों को पलायन कर जाते हैं। महाविद्यालय स्तर से ही पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकलते हैं। इसलिए महाविद्यालय स्तर पर खिलाड़ी विद्यार्थियों को अच्छी खेल सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। हिमाचल प्रदेश में भी कुछ प्राचार्यों व शारीरिक शिक्षा के प्राध्यापकों ने प्रशिक्षकों व खिलाडियों को अच्छा प्रबंधन देकर पदक विजेता प्रदर्शन करवाया है। नब्बे के दशक में हमीरपुर के सरकारी महाविद्यालय में तत्कालीन प्राचार्य डॉक्टर ओपी शर्मा व शारीरिक प्राध्यापक डीसी शर्मा ने एथलेटिक्स व जूडो के प्रशिक्षकों को बुला कर उन्हें कामचलाऊ सुविधा उपलब्ध करवा कर उनके प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्रोत्साहित किया था। उसी प्रशिक्षण कार्यक्रम के कारण पुष्पा ठाकुर हमीरपुर से किसी भी खेल की पहली अंतर विश्वविद्यालय पदक विजेता बनी तथा उसके बाद हमीरपुर महाविद्यालय ने एथलेटिक्स व जूडो में कई राष्ट्रीय पदक विजेता दिए। हमीरपुर के सरकारी महाविद्यालय की तत्कालीन खिलाड़ी विद्यार्थियों में पुष्पा ठाकुर व संजो देवी एथलेटिक्स तथा जूडो में नूतन हिमाचल प्रदेश के सबसे बड़े खेल पुरस्कार परशुराम अवार्ड से सम्मानित हैं। प्राचार्य डॉक्टर नरेन्द्र अवस्थी व शारीरिक शिक्षा के प्राध्यापक सुशील भारद्वाज के प्रबंधन में एक समय राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर की चार धाविकाओं ने आज तक का सर्वाधिक पदक जीतने का रिकॉर्ड प्रदर्शन करते हुए अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता बंगलौर 2006-07 में मंजू कुमारी ने पंद्रह सौ व पांच हजार मीटर की दौड़ों में दो स्वर्ण पदक जीत कर सर्वश्रेष्ठ धाविका का ताज पहना। इसी तरह कई अन्य खिलाडियों ने भी प्रदेश का नाम ऊंचा किया।

देश दुनीया से

## सोलहवें वित्त आयोग की परीक्षा, वैश्विक अनिश्चितता के बीच आर्थिक विकास का आकलन बड़ी चुनौती

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू शीघ्र ही 16वें वित्त आयोग का गठन करेंगी। वित्त आयोग एक सांविधानिक निकाय है, जो केंद्र द्वारा इकट्ठा किए जाने वाले करों को केंद्र और राज्यों के बीच बांटने की जिम्मेदारी निभाता है। वित्त आयोग का गठन हर पांच वर्ष के अंतराल पर होता है। आजादी के बाद से अब तक 15 वित्त आयोगों का गठन हो चुका है और उनके फैसलों ने राज्यों को वित्तीय संसाधन मुहैया कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसके जरिये विभिन्न राज्य सरकारें संविधान के अनुरूप अपने कर्तव्य का निर्वाह कर पाने में सक्षम हुईं। एक सांविधनिक निकाय होने के अलावा वित्त आयोग केंद्र और राज्यों के बीच संसाधनों के बंटवारे का स्वतंत्र मध्यस्थ भी है। सरकार से बाहर के किसी स्वतंत्र निकाय द्वारा संसाधनों के बंटवारे की यह व्यवस्था अद्भुत तो है ही, इसे भारत की संघीय वित्तीय व्यवस्था की मजबूती का बड़ा कारण भी माना जाता है। वित्त आयोग के फैसले पांच साल के लिए कार्यकारी होते हैं। फिलहाल 15वें वित्त आयोग के फैसले कार्यकारी हैं। 15वें वित्त आयोग ने केंद्र द्वारा इकट्ठा किए जाने वाले कुल करों का 41 फीसदी हिस्सा राज्यों को देने की सिफारिश की थी। गौरतलब है कि केंद्र सरकार द्वारा वसूले जाने वाले उपकरों और अधिभारों को राज्यों के साथ साझा करने का प्रावधान नहीं है। ऐसे ही विभिन्न सार्वजनिक उद्यमों से केंद्र द्वारा वसूले जाने वाले मुनाफा और लाभांश जैसे अनेक गैर कर राजस्वों को भी राज्यों के साथ बांटने का प्रावधान नहीं है। कुल संसाधनों और वित्तीय संबंधों के मौजूदा ढांचे के मद्देनजर संसाधनों की जरूरत और उनकी उपलब्धता के बीच वित्त आयोग को हमेशा ही बेहतर संतुलन बनाना पड़ता है। बेशक इस मामले में कोई स्थापित नियम नहीं है, लेकिन केंद्र और राज्यों की वित्तीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए वित्त आयोग इसका आकलन करता है कि संसाधनों का कितना हिस्सा राज्यों को स्थानांतरित करना चाहिए और कितना हिस्सा केंद्र के पास रहना चाहिए। उत्तरोत्तर वित्त आयोग ने यह काम न सिर्फ बेहद प्रशंसनीय तरीके से करते हुए वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित की है, बल्कि इसी के साथ देश में वित्तीय सुधार के महत्वपूर्ण काम को भी अंजाम दिया है। अगर हम हाल के दौर की ही बात करें, तो 12वें वित्त आयोग ने राज्य स्तर पर नियम आधारित वित्तीय नियंत्रण का ढांचा लागू किया था, 13वें वित्त आयोग ने जीएसटी का ढांचा मुहैया कराते हुए वित्तीय अनुशासन के ढांचे को मजबूती दी थी, 14वें वित्त आयोग ने राज्यों को दिए जाने वाले करों की हिस्सेदारी बढ़ाकर 42 फीसदी की थी, ताकि राज्यों को ज्यादा वित्तीय स्वायत्तता प्राप्त हो, जबकि कोविड महामारी के बीच 15वें वित्त आयोग ने वित्तीय स्थिरता और राज्यों को उपलब्ध होने वाले संसाधनों के मामले में जरूरी ढांचा बनाने के बारे में सुझाया था। चूंकि संसाधनों की जरूरत और प्रति व्यक्ति आय के मामले में विभिन्न राज्यों के बीच भारी अंतर है, ऐसे में, उत्तरोत्तर वित्त आयोगों ने इस समस्या के हल के लिए संसाधनों के हस्तांतरण में प्रगतिशील नजरिये का परिचय दिया है। यह इसी का नतीजा है कि प्रति व्यक्ति आय में निचले पायदान पर खड़े राज्यों को तुलनात्मक रूप से समृद्ध राज्यों की अपेक्षा संसाधनों का अधिक हिस्सा मिलता है। दीर्घावधि के नजरिये से देखें, तो 16वें वित्त आयोग को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। दुनिया के विभिन्न हिस्सों में भू-राजनीतिक अनिश्चय के कारण आर्थिक मामले में बढ़ती वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास का आकलन कर पाना इनमें सबसे बड़ी चुनौती है।

आजादी के बाद से अब तक 15 वित्त आयोगों का गठन हो चुका है और उनके फैसलों ने राज्यों को वित्तीय संसाधन मुहैया कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसके जरिये विभिन्न राज्य सरकारें संविधान के अनुरूप अपने कर्तव्य का निर्वाह कर पाने में सक्षम हुईं। एक सांविधनिक निकाय होने के अलावा वित्त आयोग केंद्र और राज्यों के बीच संसाधनों के बंटवारे का स्वतंत्र मध्यस्थ भी है। सरकार से बाहर के किसी स्वतंत्र निकाय द्वारा संसाधनों के बंटवारे की यह व्यवस्था अद्भुत तो है ही, इसे भारत की संघीय वित्तीय व्यवस्था की मजबूती का बड़ा कारण भी माना जाता है। वित्त आयोग के फैसले पांच साल के लिए कार्यकारी होते हैं। फिलहाल 15वें वित्त आयोग के फैसले कार्यकारी हैं। 15वें वित्त आयोग ने केंद्र द्वारा इकट्ठा किए जाने वाले कुल करों का 41 फीसदी हिस्सा राज्यों को देने की सिफारिश की थी। गौरतलब है कि केंद्र सरकार द्वारा वसूले जाने वाले उपकरों और अधिभारों को राज्यों के साथ साझा करने का प्रावधान नहीं है।

दृष्टिकोण

# मौत का सामान...

**आज** से बीस वर्ष पूर्व दूल्हाराजा बनकर दुल्हन को गठबन्धन करके अपने घर ला रहा था। उस समय गलियारे में किसी पागल आदमी ने यह गीत गया था-'आज हम अपनी मौत का सामान ले चले।' परन्तु उस समय मैंने उसके इस कथन पर तनिक भी ध्यान नहीं दिया था। परन्तु आज रह-रहकर उस पागल का यह गीत बार-बार मेरे कानों में गूंज रहा है। जान बूझकर मौत का सामान पल्लू से बांध लाये। सकुची शरमायी लाल जोड़े में सिमटी बीस साल पहले की वह रानी दुल्हन पूरी तरह बदल गई है। शर्मोहया की एवज निर्लज्जता तथा लाल जोड़े की एवज खुद आग बबूला हो रही है तथा सारी सीमाएं लांघकर उसने मुझे अपने हाथों की कठपुतली बना लिया है। जैसा नाच नचवाये वही नाचने लगा हूं। सोचा भी न था कि यही औरत एक दिन आस्तीन का सांप साबित होगी। चार दिन की चांदनी और फिर वही अंधेरी रात। अब पछताए होत क्या जब चिडियां चुग गई खेत। एक साथ हिंदी साहित्य के अनेक मुहावरे मुझ पर चरितार्थ हो रहे हैं। परेशान होकर मैंने एक दिन डरते हुए पत्नी से कहा-'प्रिय, बीस साल पहले के वे दिन याद करो, जब तुम मुझे असीम प्यार और सम्मान दिया करती थी। तुम आखिर इतना बदल क्यों गई हो?' पत्थर दिल ने कहा-'उन वर्षों का नाम भी मत लो मेरे सामने। पराधीन सपनेहु सुख नाहीं। क्या गुलामी के दिन वे थे। सब डरा हुआ और सहमा हुआ माहौल। मैंने तुम्हें जितना प्यार व सम्मान दिया, उसके एवज मुझे मिला क्या था, सिवाय फटकार-दुतकार तथा असम्मान के। आज हालात इसके ठीक विपरीत हैं। मुझे याद नहीं तुम डेढ़ दशक से कभी हिम्मत करके कोई मन की बात बेखौफ कह भी सके हो।' 'लेकिन ऐसे कब तक चलेगी हमारी यह गाड़ी?' 'गाड़ी चल रही है और खूब चलेगी, जब तुम्हारे जैसा घोड़ा इस गाड़ी में जुत गया हो तो फिर परेशानी कैसी, और तुम चाहो कि तुम्हारे बीस साल पहले वाले दिन अब मैं लौटा दूं तो यह हरगिज नहीं हो सकता। आदमी ने नारी पर बड़े अत्याचार किये हैं।' मेरी ब्याहता ने कहा। 'लेकिन पूरी नारी जाति के अपमान का बदला मुझ अकेले से लेना तो घोर अन्याय है।' 'अपने अत्याचारों को भूल गये। जब बात-बात में अकड़ते थे, डांटते थे तथा हाथापाई पर उतर आते थे। तुमने मुझे खिलौना समझ लिया था। जिससे जब चाहा खेला और जब चाहा फिर फेंक दिया।' 'लेकिन अब वही स्थिति तुमने मेरी कर दी है। यदि वह अत्याचार था तो यह भी उसी श्रेणी में है। हमें परस्पर विचार कर सौहार्द का रास्ता निकालना चाहिए।' मैं बोला। परन्तु उसने हथियार डालना तो सीखा ही नहीं था, बोली-'महाशय जी, जाइये बाजार और राशन की बोरी ले आइये। वरना भूख हड़ताल को तैयार रहना।' मैं घिघियाया सा बाजार चला गया। इसी तरह अनेक बार मैंने विचार-विमर्श के लिए द्वार खोले परन्तु कोई सम्मानजनक समझौता नहीं हो सका। मैं अपमान की आग में जलता रहा परन्तु उसने कभी नहीं चाहा कि दाम्पत्य जीवन के लिए कोई हितकारी कार्य किया जावे।

# सिसई में मां दुर्गा की डोली के साथ निकाली गई भव्य शोभा यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड अन्तर्गत ग्राम सिसई में दुर्गा पूजा के अवसर पर टंडवा सांसद प्रतिनिधि सह दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष ईश्वर दयाल पांडेय की अध्यक्षता में भव्य शोभा यात्रा निकाला गया। दुर्गा माता की डोली को सजा कर बाजा गाजा के साथ करीब 500 माता बहनों ने कलश लेकर शोभा यात्रा में शामिल हुई।शोभा यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक जी किशुन कुमार दास, विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक शर्मा, जिला परिषद सदस्या देवांती देवी, मुखिया संघ जिलाध्यक्ष अरबिंद कुमार सिंह, स्थानीय मुखिया निलेश ज्ञानसेन शामिल हुए। शोभा यात्रा पूर्ण भारतीय संस्कृति परम्परा के अनुरूप में रहा। बंगाल से आए पंडित श्री दीपक अधिकारी ने पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कराते हुए सिसई प्रक्षेत्र का सबसे पवित्र, पौराणिक ,ऐतिहासिक स्थान विष्णु चुआं से जल भरकर माता दुर्गा को डोली से देवी मंडप लाया गया। शोभा यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सिसई दुर्गा पूजा में मुख्य आकर्षण शोभा यात्रा, बंगाल के आए पंडित द्वारा शाम की महाआरती, बंगाल का बाजा और भक्ति जागरण का कार्यक्रम है। पूजा को लेकर पूरे क्षेत्र में भक्ति मय माहौल का वातावरण है। शोभा यात्रा के पश्चात विधायक किशुन कुमार दास के द्वारा पांच लाख की लागत से विधायक मद से बने सामुदायिक भवन का विधिवत उद्घाटन किया गया। दुर्गा पूजा पंडाल में पहुंचे सभी अतिथियों को पूजा समिति की ओर से अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया सभी अतिथियो ने पूजा पंडाल व विधि व्यवस्था की प्रशंसा किए। इस मौके पर विशेष रूप में मिश्रौल पंचायत मुखिया सह टंडवा प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष सुबेश राम, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री अमित कुमार साहु, भाजपा नेता प्रमोद कुमार सिंह, भागवत प्रसाद गुप्ता, रामचंद्र प्रसाद गुप्ता, पुर्व मुखिया गजेंद्र साहु, मिश्रौल के पुर्व मुखिया प्रयाग राम, विजय साव,बलराम साहु, विधायक प्रतिनिधि महेश वर्मा, राजेंद्र सिंह, छेदी पांडेय, संजीव पांडेय, सुमन भारतीय, धनंजय पांडेय, प्रेम रजक, प्रो जय प्रकाश रजक,मुकेश आनंद व अन्य उपस्थित थे।

# अतिथियों ने किया दुर्गा पुजा पंडाल का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड के बेलगड्डा चौक में पूजा समिति के द्वारा भव्य पंडाल में माँ दुर्गा को विराजमान किया गया है। रविवार को पूजा पंडाल में पूजा अर्चना कर माँ के पट खुलने के बाद जिप सदस्य देवनंदन साहु, प्रमुख रोहन साव, उपप्रमुख दामोदर गोप, झामुमो युवा नेता संदीप साहू ने संयुक्त रूप से श्रद्धा भाव से पूजा अर्चना कर पूजा पंडाल का विधिवत फिता काटकर उद्घाटन किया। तत्पश्चात माता का दरबार आम भक्तों के लिए खोला गया। उद्घाटन के बाद माता के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने पूजा अर्चना कर माता से आशीर्वाद मांगा। मौके पर पुरोहित चेतन पांडे, पूजा समिति अध्यक्ष हीरालाल कुमार, कोषाध्यक्ष उमेश कुमार, सदस्य भरत कुमार प्रजापति, चेतलाल विश्वकर्मा, बसंत साहू, फूलचंद साहू , राजू यादव, उपेंद्र राम, संजय साहू, कुलदीप साहू, रामावतार साहू , रामकुमार साहू, निर्मल राम इंद्रजीत कुमार, सतीश कुमार, राकेश कुमार, राजू साहू सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## रेल विभाग को जनता की नहीं फिक्र, रेलवे गेट रहता है घंटो बंद, लोग परेशान



**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के समीप 17 सी गेट प्रतिदिन किसी न किसी समय रेल विभाग के द्वारा घंटों बंद कर दिया जाता है जिससे जरुरतमंदों खासकर बीमार लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ।इस कभी किसी बड़ी अप्रिय घटनाएं हो सकती है और इसके लिए विभाग कोई भी जिम्मेदारी नहीं लेती है, कभी ड्राइवर गेट जाम कर ड्यूटी पुरी करने का हवाला देकर गाडी छोड़कर निकल लेते हैं। जहां रेल विभाग के कर्मियों को जनता की कोई फ़िक्र नहीं वहीं विभाग के अधिकारी मामले पर चुप्पी साधे रहते हैं, जबकि उक्त परेशानियों को लेकर हमेशा से पत्राचार किया जाता है। बताते चलें कि उक्त क्रोसिन से प्रतिदिन हजारों लोगों को आना जाना लगा रहता है। जनता की परेशानियों के मद्देनजर डीआरएम को संज्ञान लेने की जरूरत है।

## शांतिपूर्ण तरीके से दुर्गा पूजा मनाने को लेकर प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना मुख्यालय में प्रखंड प्रशासन ने शांतिपूर्ण पूर्ण से दुर्गा पूजा को मनाने को लेकर शनिवार को संध्या फ्लैग मार्च निकाली गई।यह कार्य प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचला अधिकारी हरिनाथ महतो एवं गिद्धौर थाना प्रभारी गुलाम सरवर सशस्त्र बल के साथ इस कार्य को सफल किया। यह कार्य गिद्धौर थाना से पूरे मुख्यालय में भ्रमण किया गया है।

## दुर्गापूजा महोत्सव पर बह रही है भक्ति की बयार

# संध्या आरती में उमड़ रही है श्रद्धालुओं की भारी भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चंदवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्गा पूजा के अवसर पर भक्ति की बयार बह रही है पूरे प्रखंड में दुर्गा पूजा महोत्सव पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। प्रखंड के शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों के सैकड़ों जगहों पर पूजा पंडाल का निर्माण किया गया है पूजा समिति के लोग पूजा पंडाल को आकर्षक ढंग से सजाने में लगे हुए हैं। पंडाल निर्माण कार्य में लगे कारीगर भी पंडाल को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं।शारदीय नवरात्र की सप्तमी तिथि को पूजा पंडालों में माँ दुर्गा की प्रतिमा विधिवत रूप से स्थापित की गई वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ प्राण प्रतिष्ठा एंव विशेष अनुष्ठान के बाद श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए पूजा पंडाल के पट खोल दिए गये है। माता रानी के दर्शन कर शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों के भक्तजन निहाल हुए। लोगों ने माता रानी की विशेष पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की है। संध्या आरती में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ शारदीय नवरात्र के अवसर पर विभिन्न पूजा पंडालों में संध्या आरती के अवसर पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है सभी भक्तजन माता रानी की लीला में लीन नजर आ रहे हैं। शहर के बुधबाजार, दुबे जी गोला, थाना टोली, रेलवे कॉलोनी, हरैया, पंचमुखी हनुमान मंदिर, लुकुइया, जमीरा चेटर, निंद्रा समेत अन्य जगहों में पूजा को लेकर खासी तैयारी की गई है सभी जगहों पर समिति के सदस्य श्रद्धालुओं की सेवा में दिन रात मेहनत कर रहे हैं।

# सप्तमी शारदीय नवरात्र के अवसर पर माता के दर्शन को खुला पट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखण्ड मुख्यालय सहित क्षेत्रों के सभी पंडालो मे सप्तमी शारदीय नवरात्र के अवसर पर विधि विधान के साथ पुजन कर माता के दर्शन को लेकर पट खुल गई। प्रखण्ड मुख्यालय सहित डाढा, फूलसु, गोनीयां, राजगुरु, बालुभांग, भाटचतरा, हेसला, टोटी, के अलावा सभी पुजा स्थलो मे श्रधालुओं की भारी भीड़ उमडी रही, इस अवसर पर लातेहार विधायक बैजनाथ राम ने बारियातु प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पूजा स्थलों में भ्रमण करते हुए, मां दुर्गा का दर्शन किया, साथ ही क्षेत्र के श्रद्धालुओं व अन्य लोगों से शांति व्यवस्था बनाकर पूजा करने की अपील की और आसपास के लोगों को कहा कि एक आस्था है आस्था के प्रति ध्यान दें किसी के अफवाह में ना पड़े शांति बनाकर पूजा करें, बारियातू प्रखंड के भाट चतरा, टोटी, हेसला, अमरवाड़ी सहित कई स्थानों में घूम कर मुलाकात किया और सभी पंडालो के बारे में जायजा लिया एवं पूजा के भी जानकारी लिया। ठीक इसके पश्चात भाटचतरा में चल रहे चातुर्मास व्रत कार्यक्रम में भी विधायक बैजनाथ राम ने सिरकत की और वही लोगों को कहा कि चातुर्मास कार्यक्रम एक अच्छा भक्ति का कार्यक्रम है भक्ति के प्रति लोगों को चेतना जगता है, मौके पर राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रिगन कुमार , भुनेश्वर यादव, संतोष यादव, डब्लू सिंह, दिलीप सिंह प्रहलाद सिंह, राम सिंह ऋषि सिंह, अवध सिंह, बब्लू सिंह सहित कई अन्य श्रद्धालुओं मौजूद थे।

## बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत इन्दरा में सरसों कीट का किया गया वितरण



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत द्वारी पंचायत के इन्दरा गांव में शनिवार को मुखिया जगदीश यादव के नेतृत्व में बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत 42 महीला पुरुष किसानों के बीच सरसों किट बीज का वितरण किया गया। यह कार्य बिटीएम अर्मेंद्र पांडेय एटीएम दीनदयाल कुमार के द्वारा बांटा गया है। मौके पर जिला परिषद प्रतिनिधि बलेशवर यादव आजीविका कृषक मित्र दुलारी कुमारी सूजा कुमारी के साथ दर्जनों महिला पुरुष किसान उपस्थित थे।

## दुर्गापूजा को लेकर कुचिला में मुस्लिम समुदाय के साथ बैठक, पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार/बरवाडीह :** छिपादोहर थाना प्रभारी द्वारा मुस्लिम बहुल क्षेत्र कुचिला पंचायत में बैठक कर दुर्गा पूजा पर्व शांतिपूर्वक मनाने की अपील किया गया। शनिवार को कुचिला पंचायत की सामाजिक कार्यकर्ता निजाम अंसारी की घर के सामने पुलिस इंस्पेक्टर अनिल उरांव की अध्यक्षता में थाना प्रभारी अभिषेक कुमार द्वारा मुस्लिम समुदाय की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें आपसी भाईचारा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखते हुए दुर्गा पूजा शांति पूर्वक मनाने की अपील किया गया। पूजा के दौरान पंचायत में किसी भी तरह की अप्रिय घटना होने या किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान नहीं देने व इसकी सूचना तत्काल छिपादोहर पुलिस को देने की अपील किया गया।मौके पर पंचायत के मुस्लिम समुदाय के कई लोग शामिल थे. इसके साथ ही क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस इंस्पेक्टर अनिल उरांव, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार के नेतृत्व में कुचिला एवं छिपादोहर में शांति फ्लैग मार्च निकाली गई। छिपादोहर बाजार होते चेकनाका, बाजार भट्टी मोहल्ला का भ्रमण किया। जिसमें निजाम अंसारी कृष्ण प्रसाद समेत कई लोग व पुलिस बल शामिल थे।

## गाजे बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा, भक्ति गीतों में झूमे श्रद्धालु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड के पांडेयपुरा गांव में सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के द्वारा शनिवार को गाजे बाजे के साथ धूम-धाम से कलश यात्रा निकाली गई। बतौर मुख्य यजमान के रूप में मिथिलेश प्रसाद, काशी प्रसाद सह पत्नी के द्वारा पूजा किया गया। कलश यात्रा के दौरान 201 कन्याओं ने शिव मंदिर के प्रागंण से कलश लेकर सालोडीह स्थित गर्मजल कुण्ड पहुंची। जहां पंडित बालेश्वर पांडेय के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण द्वारा कलश में जल भरा गया। जल भरने के बाद पुनः शिवमंदिर पहुंचे और कलशों को प्रतिष्ठापित किया गया। इसके बाद उपस्थित भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। कलश यात्रा के दौरान भक्ति गीतों में श्रद्धालुओं ने खुब झुमे। भक्ति गीतों से पुरा गांव भक्ति मय हो गया। पुजा समिति से अध्यक्ष ने बताया कि पांडेयपुरा में लगातार नौ वर्षों से दुर्गा पुजा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें सभी भक्तों का अपार सहयोग मिल रहा है। मौके पर गोविंद प्रसाद, दिलीप प्रसाद, श्याम बिहारी प्रसाद, काशी प्रसाद, अशोक प्रसाद, केदार प्रसाद, पंकज गुप्ता, पारस प्रसाद, दिनेश प्रसाद, नवल प्रसाद, ओमप्रकाश प्रसाद, बरुन प्रसाद, चंद्रशेखर प्रसाद, पिन्टु प्रसाद, आनंद कुमार, पवन प्रसाद, निरंजन प्रसाद, प्रभात कुमार, अखिलेश कुमार, राकेश कुमार, आनंद कुमार, प्रमोद कुमार, नितेश कुमार, रतन प्रसाद, संजय प्रसाद समेत गांव के बुढ़ा, जवान, युवक, युवती मौजूद थे।

## दुर्गा पूजा को लेकर प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** दुर्गा पूजा को लेकर सिमरिया प्रशासन ने शनिवार को फ्लैग मार्च निकाला है। फ्लैग मार्च में नागरिक और पुलिस प्रशासन दोनों के अधिकारी शामिल थे। फ्लैग मार्च का नेतृत्व अनुमंडल पदाधिकारी सुधीर कुमार दास कर रहे थे। मार्च में एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी, प्रखंड विकास पदाधिकारी नीतू सिंह, थाना प्रभारी विवेक कुमार के साथ सशस्त्र बल शामिल थे। फ्लैग मार्च में सिमरिया चौक के सभी मार्गो का भ्रमण किया गया। यह फ्लैग मार्च पर्व के पूर्व विश्वास बहाली को लेकर निकाला गया ताकि पर्व शांति और सौहार्द सुरक्षित ढंग से संपन्न हो सके। गौरतलब है कि शारदीय नवरात्र का त्योहार शुभारंभ हो गया। जिसमें विभिन्न पूजा पंडालों में माता की पूजा अर्चना की जा रही है। चहुओर भक्ति का आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। जिसे लेकर पूजा समिति और प्रशासन को सक्रिय देखा जा रहा है। वहीं पूजा में व्यवधान उतपन्न करने वालों को चिन्हित कर कार्रवाई के लिए सिमरिया पुलिस ततपर हैं।

## बायो वृद्ध आयुष के तहत किया गया कैंप का आयोजन, 66 लोगों ने करायी जांच



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड पंचायत मुख्यालय में कन्या विद्यालय के समीप आंगनबाड़ी केंद्र में शनिवार को वायो वृद्ध आयुष के तहत कैंप का आयोजन किया गया। जहां 66 लोगों ने जांच कराई। जिसमें डॉ निरंजन शर्मा डॉ सत्य प्रकाश और योगप्रशिक्षक गौरी शंकर दांगी प्रियंका कुमारी सहिया सुषमा कुमारी कैंप में मुख्य रूप से उपस्थित थे। लोगों को बीपी, शुगर हीमोग्लोविन व अन्य जॉच की गई। साथ ही साथ निशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। और होमियोपैथिक दवा योगा बुक वितरण भी किया गया। साथ ही साथ बीमारी के अनुसार योग करने की विधि भी बताई गई।

# भक्तों के दर्शन के लिए खुला मां दुर्गा माता का पट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड :** शनिवार को महासप्तमी के शुभ मुहूर्त पर महुआडांड प्रखण्ड स्थित महुआडांड़, रामपुर, राजडंडा, बोहटा, बराही, नेतरहाट, हामी व चटकपुर स्थित सभी माँ दुर्गा माता का पुजा पंडालों का पट भक्तों के दर्शन के लिए खोल दिया गया है। इस अवसर पर पुरा क्षेत्र निरंतर मंत्रोचार और भक्ति संगीत से गुंजायमान हो उठा है। मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखते ही मिल रही है। महासप्तमी के शुभ मुहूर्त पर शनिवार को महुआडांड स्थित दुर्गा बाड़ी परिसर में बनी नवनिर्मित स्टेज एवं पुजा पंडाल का विधिवत उद्घाटन लोकप्रिय विधायक रामचंद्र सिंह ने पुजा व नारियल फोड़कर कर एवं फीता काटकर किया। इससे पूर्व पंडित सर्वेश पाठक के द्वारा वैदिक मंत्रोंच्चारण के बीच मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा कराई गई। महुआडांड के इतिहास में पहली बार दुर्गा बाड़ी में बनी पुजा पंडाल बनी लोगों का आकर्षण बनी हुई है। लोगों में उत्साह देखते ही बन रहा है। बताते चलें कि कई वर्षों से हिन्दू समाज के महिला पुरूष एवं बच्चों की पंडाल निर्माण कराने की मांग चली आ रही थी। लोगों ने इसके लिए महुआडांड हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल एव पूरी कमेटी को बधाई दी है। मौके पर महुआडांड एसडीएम बिपिन कुमार दुबे, एसडीपीओ राजेश कुजूर, हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल, 20 सूत्री अध्यक्ष सह प्रखंड उपप्रमुख अभय मिंज, 20 सूत्री सदस्य रामनरेश ठाकुर, हिन्दू महासभा के संरक्षक बृजमोहन जायसवाल, उपाध्यक्ष शंभू प्रसाद, महामंत्री भानु प्रसाद, बिहारी जायसवाल, बिजय जायसवाल, अंकुश जायसवाल, सुनील कुमार सोनी, विकास कुमार शर्मा, अजय प्रसाद, रामनाथ यादव, संदीप कुमार गुप्ता, मनोज जायसवाल (किराना), प्रशांत सिंह, हीरालाल प्रसाद, युवा कांग्रेस नेता अजीत पाल कुजूर, असीम जफर, बिहारी सिंह, प्रेम यादव, नुरूल अंसारी, बसारत अली आदि मौजूद थे। लोकप्रिय विधायक श्री रामचंद्र सिंह ने महुआडांड दुर्गा बाड़ी परिसर का चहारदिवारी एवं पेभर ब्लॉक करने का दिया आश्वासन। महुआडांड पहुँचे लोकप्रिय विधायक श्री रामचंद्र सिंह ने महुआडांड हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल के मांग पर महुआडांड दुर्गा बाड़ी परिसर का चहारदिवारी एवं पेभर ब्लॉक करने का आश्वासन दिये। इसके लिए हिन्दू महासभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने तहेदिल से लोकप्रिय विधायक श्री रामचंद्र सिंह का धन्यवाद दिया।

# मंत्री सत्यानन्द भोगता एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे कान्हाचट्टी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** राज्य के मंत्री सत्यानन्द भोगता कान्हाचट्टी पहुंचे।जहां मंत्री को कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ा बजाकर फुल माला पहनाकर किया भव्य स्वागत। मंत्री ने अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रखंड के तुलबुल पंचायत में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुद्धढीकरण योजना अंतर्गत कान्हाचट्टी प्रखंड के तुलबुल से नगवा इटखोरी मोड तक पथ का सुद्धढीकरण शिलान्यास विधिवत फीता काटकर नारियल फोड़कर किया उद्घाटन। मंत्री ने तमाम जनता मालिको को दुर्गा पूजा की ढेर सारी शुभकामनाएं बधाई दिया। मौके पर मंत्री प्रतिनिधि राजेंद्र राम प्रखंड अध्यक्ष रामेश्वर यादव, दीपक साहू, समाजसेवी अरुण सिंह, निर्मल साहू, मनोज सिंह योगेश यादव, एवं अन्य लोग मौजूद थे।

## समूह के महिलाओ को आलू का बीज वितरण किया



**प्रतापपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित रिसोर्स भवन में समूह के महिलाओ के बीच आलू का बीज वितरण किया है यह बीज वितरण जेएसएलपीएस के तत्वधान में पीजी श्री राम आजिविका उत्पादक समूह के द्वारा वितरण किया गया।इस दौरान जेएसएलपीएस के एफटीसी सुर्यकांत कुमार एवं प्रखंड समन्वयक छोटु रविदास ने प्रखंड के विभिन्न गांव के समूहो के बीच करीब 80 क्विंटल आलू का बीज दिया गया। बीज वितरण का मुख्य उद्देश्य है की खेती में महिलाओ को बढ़वा देना है आज महिलाओ खेती से अपने जीविका को आत्मनिर्भर बनाना है वितरण के मौके पर बभने, जोगियारा, कुकरमन,घोरीघाट, महुगांई, मंगरा समेत अन्य गांव के समूह की महिलाए मौजूद थी।

## संक्षिप्त खबरें

### 153 वर्षो से हो रही है दुर्गा पूजा विष्णुगढ़ महंथ अखाड़ा में



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ के महंथ अखाड़ा चौक की दुर्गा पूजा सबसे पुरानी है। 153 वर्ष से यहां दुर्गा पूजा का आयोजन जारी है। विष्णुगढ़ के महंथ अखाड़ा चौक में महंथ घराने द्वारा सबसे पहले 1870 में दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया था इसके बाद प्रखण्ड के मड़मो में भी दुर्गा पूजा का आयोजन होने लगा, महंथ घराने के मड़मो मौजा के भंडारी गुज्जु सिंह ने मड़मो में दुर्गा पूजा की शुरुआत की गयी थी। महंथ घराने के द्वारा प्रखण्ड के विभिन्न स्थानों में अनेक मंदिरों का समय दर समय निर्माण भी करवाया गया जो की आज भी विभिन्न जगहों के ग्रामीणों के देख रेख में संचालित किया जाता है। महंथ अखाड़ा के दुर्गा पूजा की शुरुआत महंथ घराने के स्वर्गीय राम किशुन दुबे ने की थी। अपने पूर्वजों द्वारा शुरू की गयी पूजा को धरोहर मान कर आज की तारीख में महंथ घराने के द्वारा पारम्परिक तरीके से जारी रखा गया है।बताया गया कि महंथ वासुदेव दास को उनके बचपन में चेचक हुआ था और इससे उनकी जान पर बन आयी थी। उनके बचाव में उनके पिता राम किशुन दुबे ने माँ दुर्गा से मनौती मांगी थी और महंथ जी की जान बच गयी थी। महंथ वासुदेव दास को चेचक से राहत मिलने की मांगी गयी मनौती पूरी होने पर उनके पिता ने विष्णुगढ़ के महंथ अखाड़ा चौक में दुर्गा पूजा का आयोजन किया जो साल दर साल जारी है। महंथ घराने की आयोजित दुर्गा पूजा के प्रति श्रद्धालुओं की बड़ी श्रद्धा बनी है। महंथ घराने के द्वारा 1870 ई0 से पीढ़ी दर पीढ़ी पारम्परिक तरीके से अपने कर्तव्यों का निर्वाहन किया जाता है, इस घराने के 10 वीं पीढ़ी के राजेंद्र कुमार दुबे, राम कुमार दुबे, राजेश कुमार दुबे एवं राकेश कुमार दुबे आज के समय में अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं और पूजा को सम्पन्न कराने कालीचरण पांडे एवं आनंद मिश्र एवं अनिल मिश्र जुटे हैं। महंथ घराने की दुर्गा पूजा का सफल करने में विष्णुगढ़ ,चेडरा के ग्रामीण एवं दुकानदारों का महत्वपूर्ण योगदान हमेशा रहता है। शनिवार को नवपत्रिका प्रवेश के साथ महासप्तमी पूजन की गई।इसके अलावा सार्वजनिक दुर्गा मंदिर रमुवा,गोविंदपुर,कोनार डैम ,करगालो,गाल्होबार, मडमो एवं नरकी में माँ दुर्गे की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही है।

### विभिन्न पूजा पंडालों का किया गया निरीक्षण

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा,बेलकप्पी,घंघरी,बंडासिगां आदि गांवों के अलावा अन्य क्षेत्रों में स्थापित मां दुर्गा पूजा के पंडालों का उपायुक्त नेंसी सहाय,पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे ने निरीक्षण कर पूजा समिति के पदाधिकारियों को पूजा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने को लेकर प्रशासन को सहयोग करने एवं भक्तों के सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर आवश्यक दिशा निर्देश दिए.निरीक्षण कार्य के मौके पर एसडीओ पूनम कुजूर, एसडीपीओ नाजीर अख्तर,विधायक अमित कुमार यादव,प्रखंड विकास पदाधिकारी नम्रता जोशी,अंचलाधिकारी श्रीकांत लाल मांझी,पुलिस निरीक्षक श्याम किशोर सिंह,जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया,गोरहर थाना प्रभारी शशिभूषण कुमार,बरकट्ठा थाना प्रभारी दिनेश कुमार,मुखिया ललिता देवी,जिप सदस्य प्रतिनिधि चंद्रकांत पाण्डेय,मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पाण्डेय,एस. आई दीपक पॉल,एस. आई राजकुमार सिंह,बेलकप्पी पूजा समिति अध्यक्ष जयनंदन पाण्डेय,बिरेन्द्र पाण्डेय,हुलास नायक,सुरेश कुमार पाण्डेय,अनुज कुमार पाण्डेय, रोहितलाल तिवारी,सीताराम,आनंद पाण्डेय,ज्ञानदीप पाण्डेय,आशिष पाण्डेय,राजू पासवान के अलावे दर्जनों लोग उपस्थित थें।

### गोला क्षेत्र में पूजा पंडालों के पट खुलने के साथ हीं श्रद्धालुओं की लगी भीड़

**गोला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोला प्रखंड क्षेत्र में षष्ठी के दिन पुजा पंडालों के पट खुल गए। पट खुलने के साथ हीं पुजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दिन माता के छठे स्वरूप माँ कात्यायनी की पुजा अर्चना की गई। ज्ञात हो कि गोला में सार्वजनिक दुर्गा मंदिर गोला, बाबू दुर्गा मंदिर बक्शी टोला, सोनाठाकूर दुर्गा मंदिर एवं स्वर्ण वणिक दुर्गा मंदिर गोला सहित प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पुजा पंडालों को भव्य एवं आकर्षक तरीक़े से सजाया गया है। विद्युतसज्जा देखते ही बनती है।

### सांसद जयंत सिन्हा का किसान मजदूर संघ रामगढ़ ने किया स्वागत



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ में सांसद जयंत सिन्हा का शनिवार को किसान मजदूर संघ द्वारा बाजार समिति में स्वागत किया गया। स्वागत के उपरांत सांसद ने किसान मजदूर संघ के सदस्यों को संबोधित किया।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा की सब्जी विक्रेताओं के साथ है। कहा की वे सब्जी विक्रेताओं को उनका अधिकार दिलाने का कार्य करेंगे। कहा की सब्जी विक्रेताओं की समस्या को दूर करने के लिए जिला प्रशासन, छावनी परिषद और सब्जी विकेताओं की बैठक आयोजित कर इनकी समस्या को दूर करने की पहल की जाएगी।

**सब्जी विकेताओं ने सुभाष चौक के पास सड़क किया जाम :** इधर, पुराने डेली मार्केट में सब्जी बेचने वाले किसानो ने शनिवार को अचानक सुभाष चौक के निकट सड़क जाम कर दिया। जिससे वहां वाहनों की लंबी कतार लग गई। इस दौरान सब्जी विक्रेता वहां सब्जी भी बेचने आरंभ कर दिए। बाद में जब इसकी सूचना रामगढ़ थाना पुलिस को मिली तो पुलिस मौके पर पहुंची और सब्जी विक्रेताओं को समझा बुझाकर जाम हटवाया।

## प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से चार लाभुक हुए लाभान्वित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ के अलपीटो पंचायत भवन में झारखंड ग्रामीण बैंक चौथा शाखा द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर चार लाभुकों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ दिया गया। लाभ पाने वाले लाभुकों में परी कुमारी, राधा देवी, टिंकू पासवान तथा कुलदीप यादव शामिल हैं। प्रत्येक लाभुक को दो-दो लाख रुपए की बीमित राशि का चेक सौंपा गया। मौके पर क्षेत्रीय प्रबंधक माधव चंद्रपाल ने कहा कि प्रत्येक बैंक खाताधारकों को बीमा का लाभ लेना चाहिए। अल्प वार्षिक शुल्क पर यह सुविधा सभी खाताधारकों को दी जाती है। सरकार की यह बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है। मात्र 436 रुपये के वार्षिक भुगतान पर स्वाभाविक एवं दुर्घटना दोनों अवस्थाओं में बीमित खाताधारक के आश्रित को यह लाभ बैंक प्रदान करती है। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि बेलाल अंसारी घनश्याम पाठक, राजेंद्र मंडल, विनोद कुमार वाल्मीकि, संदीप कुमार, सुमित, सत्येंद्र कुमार सिंह, एसबीआई प्रबंधक संजय किंडो, मनीषा कुमारी, शाखा प्रबंधक प्रतिमा रेवेन आदि मौजूद थे।

## बरही के विभिन्न पंडालों का डीसी व एसपी ने किया निरीक्षण, दिए कई निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** शनिवार को बरही के विभिन्न पंडालों का निरीक्षण डीसी नेंसी सहाय व एसपी मनोज रतन चौथे ने किया। इस दौरान डीसी व एसपी ने दुर्गा पूजा पंडालों में सुरक्षा व्यस्था, अग्निशामक यंत्र, प्रवेश निकास की सुविधा, सीसीटीवी कैमरे आदि विधि व्यस्था का जायजा लिया। वही मौके पर मौजूद बरही प्रशासनिक पदाधिकारियों को कई निर्देश भी दिए। गया रोड पूजा पंडाल, तिलैया रोड पूजा पंडाल, धनबाद रोड पूजा पंडाल का निरीक्षण किया गया। मौके पर एसडीओ पूनम कुजुर, डीएसपी नाजिर अख्तर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, दुर्गा पूजा समीति गया रोड के अध्यक्ष उदय केशरी, उपाध्यक्ष सुरेंद्र निषाद और शिवा निषाद, बिनोद केशरी, पटना रोड दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष दिनेश साहू, संरक्षक भगवान केशरी, धनबाद रोड दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष छोटन ठाकुर, पंकज केशरी, सोनू केशरी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## कंजगी में दूसरी पुण्यतिथि पर बैगा करमाली को लोगों ने दी श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** कंजगी में एक सादे कार्यक्रम में शनिवार को परिवार सदस्यों व लोगों ने स्वर्गीय बैगा करमाली की दूसरी पुण्यतिथि पर चित्र के समक्ष पुष्प व माला पहनाकर श्रद्धांजलि दिया। अवसर पर स्वर्गीय बैगा के पोते अक्षय कुमार ने बताया कि अरगड्डा मोड़ का नाम मेरे दादा के जीवन काल से ही उनके नाम पर बैगा मोड पड़ा था। चुंकी हम लोगों की पहली दुकान यहां थी। मौके पर श्रद्धांजलि देने वालों में अक्षय कुमार, हीरालाल करमाली, मालती देवी, कांति देवी, सीता देवी, रिंकू देवी, लक्ष्मी कुमारी, राज करमाली, नंदनी कुमारी, उपासी देवी, रीना देवी, सरिता देवी आदि शामिल थे।

## कराटे चैंपियनशिप में हजारीबाग के तीन खिलाड़ियों ने जीता पदक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे खेल के प्रति अपने आप को हर रूप से प्रतिबद्ध कर रहे हैं इसी क्रम में कोलकाता की दम दम मे स्थित अमूल दत्ता स्टेडियम में तीसरी ईस्ट इंडिया कराटे चैंपियनशिप 2023 का आयोजन किया गया, यह आयोजन 14 अक्टूबर एवं 15 अक्टूबर को किया गया था। चैंपियनशिप में पांच राज्यों से एलजीबीएचजी की 400 खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें हजारीबाग के तीन युवा खिलाड़ी भी हिस्सा लिए थे, कोबरा कराटे एकेडमी के प्रशिक्षक चंद्र प्रकाश उपाध्याय ने सीनियर वर्ग में रजत पदक जीता वही द कोबरा कराटे अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ी ऋषि सिंह ने यू 21 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता एवं अर्श खान ने यू 21 वर्ग में रजत पदक जीता मेडल जीत कर झारखंड का नाम ईस्ट इंडिया में रोशन किया। इस सफलता के बाद हजारीबाग शहर के युवा समाज सेवी हर्ष अजमेर ने अपने कार्यालय परिसर में खिलाड़ियो से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि आप युवाओं पर हम सभी को गर्व है, आपकी खेल की ऊर्जा से झारखंड तथा हजारीबाग का नाम रोशन हो रहा है। हम आपके साथ सदैव खड़े हैं आप खेल की और हमेशा अग्रेषित रहिए। साथ ही बताया की 17-19 नवंबर 2023 को तीन खिलाड़ियों का चयन तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में होने वाले ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप के लिए हुआ है।

## मां काली पूजा समिति काली बाड़ी के पूजा पट का उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने किया विधिवत अनावरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** दस दिनों तक चलने वाले शारदीय दुर्गापूजा का त्यौहार के सप्तम दिवस पर उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे ने काली बाड़ी स्थित मां काली दुर्गापूजा समिति के पूजा पट का विधिवत अनावरण कर मां दुर्गा का दर्शन किया तथा आशीर्वाद लिया। पट के खुलने के उपरांत मां दुर्गा के दर्शन हेतू बडी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आई।उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने मां दुर्गा से जिलेवासियों के खुशहाली और अमन शांति की कामना की।इस अवसर पर आयोजकों ने अपने लोकप्रिय उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक का पूजा पंडाल में गर्मजोशी से स्वागत किया। उपायुक्त ने सभी पूजा समितियों से व्यवस्थित रूप से पूजा संपन्न कराने की अपील की।

## पट खुलते ही मां दुर्गा के दर्शन व पूजन के लिए उमड़ी भक्तों की भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** शनिवार को महासप्तमी के अवसर पर पूजित बेल के रस से माता दुर्गा को नेत्र ज्योति अनुष्ठान पूर्ण होने के बाद बरही के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का पट खोल दिए गए। पंडालों का पट खुलते ही दुर्गा मां के दर्शन व पूजन के लिए भक्तो की भीड़ उमड़ने लगी। संध्याकाल पूजा स्थलों पर दीप जलाने वाली महिला श्रंधालुओ की भारी भीड़ देखी जा रही है। लोग मां दुर्गा पूजा की प्रतिमा और विभिन्न पूजा समितियों की बनाए गए भव्य आकर्षक पंडाल को देखकर आनंदित रहें। बरही के गया रोड दुर्गा समिति, पटना रोड दुर्गा पूजा समिति, धनबाद रोड दुर्गा पूजा समिति, रसोईया धमना दुर्गा पूजा समिति, करियातपुर दुर्गा पूजा समिति के द्वारा बनाए गए भव्य पंडाल व प्रतिमा देखते ही बन रहा है।

## बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति के द्वारा निकाली गई माता रानी की भव्य डोली यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर के बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति के द्वारा महा सतमी की प्रातः काल में पूजा पंडाल से भव्य डोली यात्रा निकाली गई। डोली यात्रा में आगे-आगे बंगाल से आने वाले ढाक की प्रस्तुति थी। तो वही डोली यात्रा के पीछे-पीछे महिलाएं लाल पीली साड़ी एवं पुरुष कुर्ता पजामा में शामिल थे। सभी डोली यात्रा के दौरान फूलों की वर्षा कर रहे थे। साथ ही सभी लोग जय माता दी की जयकारों की गूंज लगा रहे थे।

डोली यात्रा पूजा पंडाल से बड़ा बाजार चौक, बंशी लाल चौक होते हुए बुढ़वा महादेव तालाब पहुंची जहां पर पूजा अर्चना की गई। पुनः डोली यात्रा वापस पूजा पंडाल पहुंची जहां पर महासमिति की पूजा अर्चना विधिवत रूप से प्रारंभ की गई। बोकारो के पथरिया से पधारे मानवेंद्र मुखर्जी, सुदीप बनर्जी,अनूप पाठक के द्वारा पुजा अर्चना कराया जा रहा है। डोली यात्रा में करीब 300 से भी अधिक श्रद्धालु शामिल हुए। वही पष्ठी को आरती के उपरांत माता रानी का पट खोला गया था। महासमिति के द्वारा महासतमी के अवसर पर पूजा पंडाल के समीप महाभोग का वितरण किया गया। महा समिति के द्वारा अष्टमी एवं नवमी को भी महा भोग का वितरण किया जाएगा। सचिव दीप नारायण निषाद ने कहा कि वर्ष 2001 से मां दुर्गे की भव्य डोली यात्रा महा समिति के द्वारा निकाली जा रही है। श्रद्धालुओं की उत्साह ने डोली यात्रा को ऐतिहासिक बनाया।उपाध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष डोली यात्रा बेहद ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुई। सतमी को माता रानी की महाआरती की गई वही अष्टमी एवं नवमी को भी महाआरती की जाएगी। मौके पर महासमिति के सचिव दीप नारायण निषाद, दिलीप जायसवाल,ओम प्रकाश गुप्ता, शिवदीप सिंह, महेंद्र गुप्ता,रविंदर गुप्ता,प्रदीप जैन,बाल गोविंद निषाद,गणेश यादव, निशिकांत सिन्हा,पवन रावत खंडेलवाल,राजेश गुप्ता,प्रमोद खंडेलवाल, सुरेश प्रसाद, राजेश सिन्हा, रितेश खण्डेलवाल, पंकज कसेरा, प्रोफेसर प्रवीण कुमार, अर्जुन यादव,तरुण कुमार, संजय यादव, राजेश सोनी, अनिल प्रसाद,शैलेश कुमार,

सिद्धांत मद्धेशिया, शंपा बाला, साहिल कुमार,आदित्य कुमार,अभय निषाद, सचिन कुमार,राज कुमार,भारत गुप्ता,अमित निषाद,मोहित कुमार, बादल कुमार,यश राज, सहित कई महिलाएं एवं पुरुष मौजूद थे।

## विष्णुगढ़ दुर्गा पूजा पंडालों का उपायुक्त एवं आरक्षी अधीक्षक ने किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** दुर्गा पूजा की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर उपायुक्त नैंसी सहाय एवं आरक्षी अधीक्षक मनोज रतन चौथे ने विष्णुगढ़ दुर्गा पूजा पंडालो का निरीक्षण किया ।

विष्णुगढ़ स्थित पंडालो में अग्निशमन एवं सीसीटीवी कैमरे की जानकरी ली गई।इस मौके पर उपायुक्त महोदया बनासो महामाया माँ बागेश्वरी मंदिर का भी निरीक्षण किया,साथ ही माँ बागेश्वरी के समक्ष शीश नवाकर विष्णुगढ़ की समृद्धि की कामना की।उपायुक्त महोदया के द्वारा विष्णुगढ़ पुलिस प्रशासन को निर्देशित करते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने को कहा। आगे की जानकारी देते हुए विष्णुगढ़ थाना प्रभारी रामनारायण सिंह ने कहा कि विष्णुगढ़ के सभी पंडालो में सीसीटीवी की जानकारी को पंडाल के आगे बैनर लगाकर लोगो को निर्देशित करें।विष्णुगढ़ पुलिस प्रशासन से सम्बंधित अधिकारियों के पद एवं मोबाइल नंबर के साथ एक बैनर पंडाल के अग्र भाग पर लगा होना अनिवार्य है। डीजे पर पूर्ण रूप से पाबंदी जारी रहेगी। अग्निशमन की पुख्ता इंतजाम किए जाय जिसे आपातकालीन स्थिति में तत्काल निपटा जा सके। दुर्गा पूजा के कमिटी के लोगो के पास विशेष बैच के साथ पूजा पंडालो की निगरानी करें,किसी भी प्रकार असुविधा होने पर हमें सूचित करें ।इस मौके पर मुख्य रूप से एसडीपीओ अनुज उराँव,सीओ रामबालक कुमार,थाना प्रभारी रामनारायण सिंह,जेई बिरेन्द्र कुमार,रमुआ पूजा पंडाल में अजय साव, विनोद सिंह,अनुज कुमार, बिनोद सिंह समेत काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

## आईसेक्ट विश्वविद्यालय में किया गया डांडिया का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** नवरात्र के अवसर पर तरबा-खरबा स्थित आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के मुख्य कैंपस में शनिवार को डांडिया नृत्य का आयोजन किया गया।विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मौके पर सभी प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं व कर्मियों के साथ साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने डांडिया का लुत्फ उठाया। इस खास मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने सभी को नवरात्र की बधाई देते हुए कहा कि दुर्गोत्सव आदिशक्ति के आगमन का सूचक है। यह त्योहार धर्म की अधर्म पर विजय को लेकर मनाया जाता है। उन्होंने इसे मां दुर्गा की अराधना का पर्व बताया और आगे कहा कि मां सभी के कष्टों को दूर करती है। उन्होंने डांडिया के दौरान किए जाने वाले नृत्य का जिक्र करते हुए कहा कि दरअसल नृत्य भावनाओं को व्यक्त करने का एक बेहतर तरीका है, जो शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से अद्भुत और ऊर्जावान बनाता है। डांडिया नृत्य में आमंत्रित अतिथि ममता शर्मा, डॉ प्रीति व्यास, डॉ स्वाती भार्गव, कुमारी सीमा, पंकज प्रज्ञा, प्रीति वर्मा, उमा कुमारी, एकता कुमारी, विशाखा, सुप्रिया, रंजू, शालू सिन्हा, लक्ष्मी तिग्गा, रेखा कुमारी, स्मिता डुंगडुंग, डॉ अरविन्द कुमार, डॉ रूद्र नारायण, डॉ राजकुमार, डॉ दिवाकर निराला, डॉ सत्यप्रकाश, डॉ आलोक कुमार, रविकांत, उदय रंजन, विजय लाल, प्रभात किरण, प्रभात कुमार, राहुल कुमार, अजय वर्णवाल, राज तिवारी, युगल कुमार, राजेश कुमार समेत कई विद्यार्थियों ने भाग लेकर माहौल खुशनुमा माहौल बना दिया। संचालन कला एवं मानविकी संकाय डीन डॉ रोज़ीकांत ने किया।

## ब्रह्मऋषि समाज ने धूमधाम से मनाई बिहार केशरी श्रीबाबू की जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** स्वामी सहजानन्द सेवा संस्थान (ब्रह्मर्षि समाज) हज़ारीबाग द्वारा स्थानीय पुलिस लाइन स्थित राजकीयकृत श्रीकृष्ण आरक्षी बाल उच्च विद्यालय के श्रीकृष्ण सभागार परिसर में आयोजित बिहार केशरी डॉ. श्रीकृष्ण सिंह जी की 136वीं जयन्ती समारोह धूमधाम से मनाया गया। मौके पर विशेष रूप से हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल, मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल, समाजसेवी शिवलाल महतो सहित ब्रह्मर्षि समाज के दर्जनों गणमान्य लोगों ने उपस्थित होकर श्रीबाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया ।मौके पर सदर विधायक मनीष जायसवाल ने श्री बाबू के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला और स्वतंत्रता संग्राम में इस विभूति रूपी सिपाही के जीवन की आत्म शक्ति को वर्तमान समाज के सभी लोगों के लिए आत्मसात करने और इनसे प्रेरणा लेने की जरूरत बताई। उन्होंने ब्रह्मऋषि समाज के आदर्श स्वामी सहजानंद सरस्वती की आदमकद प्रतिमा भेंट करने का भी घोषणा किया तथा हजारीबाग शहर में ऐसे महापुरुष की प्रतिमा होने की बात कही। विधायक मनीष जायसवाल ने यह भी कहा की श्रीकृष्ण बाबू की प्रतिमा स्थापित रहने वाले आरक्षी स्कूल के हॉल का जल्द डीएमएफटी मद से मरमत्ती हेतु जिला प्रशासन से आग्रह करते हुए अपनी अनुसंशा देने की भी बात कही। मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा की श्रीबाबू समाज के सच्चे जननेता थे और ऐसे व्यक्तित्व को आदर्श मानकर हमें उनसे सीख लेते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने की जरूरत है। विस्थापित संघ के अध्यक्ष शिवलाल महतो ने भी श्रीबाबू के जीवनी पर प्रकाश डाला ।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### दो युवा महिला अंतरराष्ट्रीय एथलीट को सीसीएल निदेशक कार्मिक ने किया सम्मानित

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड के दो युवा महिला अंतरराष्ट्रीय एथलीट फ्लोरेंस बारला व आशा किरण बारला को सीसीएल के कार्मिक निदेशक हर्षनाथ मिश्रा ने शिष्टाचार मुलाकात के दौरान सम्मानित





किया। यह दोनों अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कोच आशु भाटिया के साथ सीसीएल डीपी से मिलने पहुंचे थे। यहां उनका गर्म जोशी के साथ स्वागत भी किया गया। साथ ही उम्दा खेल प्रदर्शन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी गई। अवसर पर डीपी हर्षनाथ मिश्र ने कहा कि दोनों ही खिलाड़ियों का प्रदर्शन लगातार राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा में अच्छा हो रहा हैं। इनका खेल और बेहतर हो ऐसी हमारी शुभकामनाएं हैं। उन्होंने उज्जवल भविष्य एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर झारखंड एवं देश का नाम रोशन करने की बातें कहीं। मौके पर एचओडी कल्याण रेखा पांडेय, प्रबंधक खेल आदिल हुसैन आदि मौजूद थे।

### मां दुर्गा के दरबार में गिरिडीह सांसद व जीएम अरगड्डा ने लगाई हाजरी

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अरगड्डा में प्राकृतिक नजारे के बीच मां दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन हाजरी लगा बीते शुक्रवार देर संध्या गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी, अरगड्डा जीएम सुधांशु कुमार पांडे व अन्यो ने एक साथ किया। अवसर पर पूजा समिति द्वारा चुनरी ओढ़ाकर अतिथियों का स्वागत किया गया। ब्राह्मण गौरांग बनर्जी द्वारा विधिवत पूजन व आरती करवाई गई। इस दौरान गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि मां आदिशक्ति का आशीर्वाद जिन्हें प्राप्त होता हैं, उनका जीवन खुशहाल बन उठता हैं। वही जीएम सुधांशु कुमार पांडे ने कहा कि प्राकृतिक दृश्य पहाड़ों के बीच मां का पंडाल निर्माण अद्भुत हैं। यह सुंदरता और भक्ति को दर्शाता हैं। इधर शनिवार को सप्तमी पूजा विधिवत हुई। मौके पर पीओ सिरका श्रीकांत शर्मा, सुरक्षा अधिकारी एसएन तिवारी, पूजा समिति के अध्यक्ष रणधीर गुप्ता, सचिव पंकज कुमार सिंह, समाजसेवी प्रशांत बिल्थरिया, नप उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, आजसू नेता तिवारी महतो आदि भक्तजन उपस्थित थे।

### पूर्व विधायक ममता देवी ने पूजा पंडालों का भ्रमण किया

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दुलमी प्रखंड क्षेत्र के सिकनी विरहोन्हे होहद बौगसोंरी होन्हे सिरु प्रियातु पोटमदगा भालु बगरई हरहद दुलमी चामरोम ईदपारा चटाक जामिसघ ईचातु सोसो उकरीद उसरा के पुजा पंडालों का भ्रमण पुर्व विधायक ममता देवी व कांग्रेस के पुर्व प्रत्याशी बजरंग महतो ने किया व माथा टेक क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की। पुर्व विधायक ममता देवी ने पूरे क्षेत्र का भ्रमण कर पंडालों में पहुंचे। और कहा कि पूजा को शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं। मां दुर्गा की पूजा हमारे जीवन में खास महत्व है। मौके पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश करमाली राजू महतो छोटन कुमार सपुत महतो रामप्रसाद महतो बबलू कुमार रोशन कुमार महताब अंसारी पप्पू कुमार विकास कुमार लिलेश्वर महतो प्रदीप महतो ठाकुरदास महतो विनोद कुमार सुनील कुमार बाबुराम महतो खखु महतो सुमित महतो दुधेशवर महतो दिलीप शर्मा परमानंद सिंह प्रदीप सिंह रामघृत महतो मनोज कोटवार गौरीशंकर महतो कमलेश कुमार आदि।

### पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रह्मदेव ने दुर्गा पंडाल का उद्घाटन किया

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दुर्गा पूजा को लेकर पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो के द्वारा सिरू पंचायत के प्राचीन दुर्गा मंदिर पंडाल का पिता काटकर उद्घाटन किया इस ।मौके पर उपस्थित श्रद्धालुओं से कहा कि मां दुर्गा की पूजा अर्चना करने से घर परिवार में सुख समृद्धि शांति और वैभव की प्राप्ति होती है उन्होंने कहा कि मां भगवती आदि शक्ति दुर्गा सप्तमी को मां कालरात्रि पूजा की विधि विधान से आराधना पूजन एवं हवन की जाती है सच्चे मन से आराधना करने वाले भक्तों को मां भगवती मनोकामना पूरा करती है दुर्गा पूजा शांतिपूर्वक ढंग से आपसी प्रेम भाव और सद्भावना के साथ मनाने का अपील किया इस मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष राज किशोर महतो सचिव राहुल महतो कोषाध्यक्ष सीडी महतो मुख्य संरक्षक रवि महतो के अलावे पुरोहित सकलदेव पांडे मिथिलेश महतो मनोज महतो राज राजेश्वर महतो प्रदीप महतो शंकर महतो सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### रेलवे साइडिंग टिपला दुर्गा पूजा पंडाल का संजीव बेदिया व सोनाराम मांझी ने किया उद्घाटन

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सौंदा के रेलवे साइडिंग टिपला मे बने दुर्गा पूजा पंडाल का सप्तमी के दिन झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय सचिव सह परिवहन पदाधिकार समिति सदस्य संजीव बेदिया व झामुमो नेता सोनाराम मांझी ने फिता काटकर उद्घाटन किया। वही श्री बेदिया ने कहा अगले साल से दुर्गा पूजा टिपला में मा दुर्गा की प्रतिमा का खर्च मै और सोनाराम मिलकर देंगे।वही उन्होंने यह भी कहा दुर्गा पूजा का त्योहार को लोग शांतिपूर्ण व भाइचारगी के साथ मनाये।वही बता दे कि पिछले साल की भांति इस बार टिपला में भव्य पुजा पंडाल का निर्माण कराया गया है,मा दुर्गा की प्रतिमा लोगो को इस बार काफी उत्साहित कर रही है। इस मौके पर मुखिया जगदीश साव,पुजा कमिटी के अध्यक्ष दारा साव,सचिव सुभाष करमाली, विजय साव,तिलेश्वर साव,आफताब आलम,जय प्रकाश कच्छप, सुरेन्द्र साव, शक्ति साव, अर्जुन टोप्पो, संजय उरांव, अरूण गिरी,बालदेव कुमार, विराट मेहता, दीपक कुमार साव,अजय साव,विशाल रजक,बालकिशोर ठाकुर, कृष्णा मुंडा आदि लोग मौजूद थे।

### रामगढ पुलिस केंद्र में पुलिस संस्मरण दिवस समारोह का आयोजन

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ पुलिस केंद्र में पुलिस संस्मरण दिवस समारोह के अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस केंद्र रामगढ़ में शहीदों के सम्मान में श्रद्धा-सुमन अर्पित किया गया। साथ ही पूरे देश में शहीद पुलिस कर्मियों का नाम पढ़ा गया। इस अवसर पर शहीद आरक्षी गौतम कुमार के परिजनों को सम्मानित किया ।गया। संस्मरण दिवस में पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातु , रामगढ़ पुलिस उपाधीक्षक परिक्ष्यमान, परिचारी प्रवर, परिचारी पुलिस एसोसिएशन पुलिस एसोसिएशन, मेंस एसोसिएशन एवं अन्य सभी पदाधिकारीकरण एवं पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

## मां दुर्गा मानव जीवन को सुख-समृद्धि शांति व वैभव प्रदान करती है : विधायक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** आश्विन दुर्गा पूजा नवरात्रि के छठे दिन के मौके पर रजरप्पा आवासीय कॉलोनी में बने भव्य दुर्गा पूजा पंडाल एवं मेला का उदघाटन मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी व विशिष्ट अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी द्वारा पूजा अर्चना और फीता काटकर उदघाटन किया गया। पट खुलते ही माता की दर्शन व पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान विधायक द्वारा क्षेत्रवासियों को नवरात्रि और दुर्गा पूजा की बधाई देने के साथ-साथ आपसी भाईचारे के साथ इस पर्व को मनाने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि माँ दुर्गा सबको सुख संवृद्धि दे, यही हमारी कामना है। वही पूजा को लेकर पंडाल समेत आकर्षक लाइटिंग की गई है। देर रात तक दर्शन के लिये भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। मौके पर रजरप्पा परियोजना पदाधिकारी यूएन प्रसाद, समिति के सचिव गजेंद्र चौधरी, गोपाल चौधरी, जगदीश महतो, किशोरी प्रसाद, आरपी सिंह, रविन्द्र प्रसाद वर्मा, अनिल प्रसाद, सुरेश राम, महेंद्र मिस्त्री, सेवई दक्षिणी मुखिया किरण देवी, सेवई दक्षिणी मुखिया कुलदीप सिंह, सरिता देवी, झलकू महतो, चरित्र राम, चन्देश्वर सिंह, अरुण कुमार चौधरी, धनेश्वर राम, जगरनाथ महतो, सुखदेव करमाली, राजेंद्र कुमार, जगन रविदास, विशाल कुमार, बसंत कुमार, किसुन साव, संतोष कुमार, जय कुमार, शिवशंकर, उमेश महतो, महेंन्द्र चौधरी, विक्की कुमार, सुराली महतो, अनिल कुमार, शंकर कुमार, नीलेश मिश्रा, अमरेश, सुमन, नंदू, मंटू, सूरज, राजु, संजय सहित कई मौजूद थे. नवरात्र के सातवें दिन महाशक्ति मां दुर्गा के सातवें स्वरूप कालरात्रि की पूजा की गई। माना जाता है कि मां कालरात्रि की पूजा करने से काल का नाश होता है। इसी वजह से मां के इस रूप को कालरात्रि कहा जाता है। असुरों के राजा रक्तबीज का वध करने के लिए देवी दुर्गा ने अपने तेज से इन्हें उत्पन्न किया था। इनकी पूजा शुभ फलदायी होने के कारण माता को शुभंकारी भी कहते हैं। इधर, नवरात्र के सातवें दिन शनिवार को नव पत्रिका प्रवेश के साथ मां दुर्गा की विधिवत आराधना शुरू हो गई। सुबह गाजे-बाजे के साथ श्रद्धालु तालाब से जल भरने गए। वहां माता स्वरूप केले के पौधे का विधि-विधान से पूजन किया। इसके बाद सभी जल तथा केले के पौधे को लेकर पूजा मंडप में प्रवेश किया।

## चंद्रप्रकाश चौधरी ने किया विभिन्न पूजा पंडालों का उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शारदीय नवरात्रि में हो रहे दुर्गापूजा में बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज़ कुमार महतो के द्वारा रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के छत्तर मांडू,विकास नगर एवं बिजुलिया पूजा पंडाल का फीता काटकर उदघाटन किया गया। ततपश्चात अतिथियों ने माता रानी का आशीर्वाद लिए। दुर्गापूजा स्थल पर पहुँचकर पूजन अर्चन के उपरांत माता रानी के नेत्रों पर बंधी पट्टी खोलकर दिव्य दर्शन किये। वहीं गगनभेदी जयकारों से सम्पूर्ण क्षेत्र गुंजामन हो उठा।मौके पर सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने दुर्गापूजा की शुभकामनाएं देते कहा कि हिंदू धर्मग्रंथों के अनुसार,यह त्योहार आकार बदलने वाले असुर,महिषासुर के खिलाफ लड़ाई में देवी दुर्गा की जीत का प्रतीक है । यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है, हालांकि यह एक फल उत्सव भी है जो देवी को पूरे जीवन और सृजन के पीछे मातृ शक्ति के रूप में मनाता है। दुर्गा पूजा हिंदू धर्म की अन्य परंपराओं द्वारा मनाए जाने वाले नवरात्रि और दशहरा उत्सव के साथ मेल खाती है। मौके पर आजसू पार्टी नगर परिषद सचिव राजेन्द्र महतो,हीरा गोप,मनोज़ सिंह,वार्ड पार्षद पुरनी देवी,रमेश महतो,अजित सिंह, रंजन फौजी,अंकित सिंह, कुणाल गुप्ता आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

## राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अनापत्ति प्रमाण पत्र सिरका को मिला, मजदूरो में हर्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** नवरात्रि के अवसर व मां दुर्गा पूजा के सप्तमी के दिन शनिवार को सिरका परियोजना के लिए सुनहरा एंव सुखद क्षण लेकर आया। करीब साढ़े चार वर्षो से कोयला उत्पादन के लिए तरसते सिरका कोलियरी को पर्यावरण स्वीकृति के बाद झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र (सीटीई) मिल गया हैं। इस खबर के जानने के बाद यूनियन प्रतिनिधियों व कामगारों में हर्ष का माहौल हैं। अधिकारिक सूत्रों की माने तो सब ठीक रहा तो आगामी 10 दिनों के अंतराल में सीटीओ भी मिल जाएगा। इस तरह बीते अप्रैल माह 2019 से कोयला उत्पादन से वंचित कोलयरी सिरका, अरगड्डा क्षेत्र के लिए अपने खदानों के गर्भ से कीमती कोयला ऊर्जा को देश के लिए उत्पादित कर पाएगा। आगामी नवंबर माह में खदानों से कोयला उत्पादन होने की संभावना जताई जा रही हैं। इससे अरगड्डा- सिरका बाजारो के खरीदारी की रौनक कोयला सेल से जुड़े ट्रैकों की लदाई करने वाले कामगारों की कमाई से बढ़ेगी। इससे क्षेत्र की दशा में भी तब्दीली आएगी। बेरोजगारों को रोजगार मिल पाएगा।

## मां दुर्गा का पट खुलते ही दुर्गा मंदिरों में उमड़ने लगी श्रद्धालुओं की भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** शारदीय नवरात्र को लेकर भक्ति में हुआ पूरा क्षेत्र दुर्गा पूजा को लेकर विभिन्न ग्रामीण क्षेत्र के दुर्गा मंदिरों का पट खोलते ही श्रद्धालुओं की उमडने लगी भीड़, रजरप्पा कोयलांचल ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों में मां भगवती का मंत्र उच्चारण विधि विधान से पूजा अर्चना प्रारंभ होने से पूरा क्षेत्र भक्ति में डूबा ग्रामीण क्षेत्रों के कई गांव के प्राचीन मंदिरों में दुर्गा प्रतिमा स्थापित की गई जहां विधि विधान से मां भगवती की पूजा अर्चना एवं हवन पाठ से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा रजरप्पा क्षेत्र में दुर्गा सप्तमी के अवसर पर माता कालरात्रि का विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया श्रद्धालु मनोकामना पूरी के लिए अपने-अपने मंदिरों में मां दुर्गा के प्रतिमा के सामने घंटा पूजा पाठ में जुड़े रहे इस मौके पर गांव के विभिन्न पंचायत में दुर्गा प्रतिमा भव्य और आकर्षक प्रारूप में बनाया गया जिसमें चितरपुर, दुलमी के ग्रामीण इलाका सिरू,पोटमदगा,बरियातू, मदगी ढुठूआ ,छतरमांडू कोरचे, बारलौग,कुंदरुकला,बोरोविग बडकीपोना,सोसो,चटाग सुकरीगडा, लारी, जामसिंह उसरा प्रियातू, रजरप्पा प्रोजेक्ट आवासीय कॉलोनी चितरपुर मार्गमर्चा,आदि दर्जनों जगहों पर मां दुर्गा की पूजा की जा रही है। दुर्गा सप्तमी पूजा को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह दिखा मां दुर्गा के सातवें रूप महा कालरात्रि की श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना किया। इस मौके पर ÷ऊं जयंती मंगला काली भद्रकाली कपालिनी दुर्गा क्षमा शिवाधात्री स्वाहा स्वधा- नमस्तुते÷ मंत्र उच्चारण से पूरा क्षेत्र भक्ति में डूबा, प्राचीन दुर्गा मंदिरों में जगह जगह पर डीजे साउंड में मां भगवती के गीतों मां शेरावाली, अंबे तू है जगदंबे काली आदि भक्ति भाव गीत से विभोर हुआ ।

## विधायक पहुंची मां दुर्गा सिरका मंडप, किया पंडाल का उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** सार्वजनिक सिरका मां दुर्गा पूजा पंडाल में शुक्रवार देर संध्या विधायक रामगढ़ सुनीता चौधरी, अरुनिमा महिला मंडल अध्यक्ष अंजनी पांडेय, पीओ सिरका श्रीकांत शर्मा, सुपरिटेंडेंट रामगढ़ विकास कुमार, पूर्व नप अध्यक्ष युगेश बेदिया, आदि पहुंचे। यहां सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से पंडाल का उद्घाटन कर मां के चरणों में माथा टेंक कर अपने और पूरे क्षेत्र की खुशहाली की कामना किया। अवसर पर विधायक सुनीता चौधरी ने कहीं की मां जगत जननी की कृपा से यह दुनिया हैं। मां है तो सब कुछ हैं। वहीं शनिवार को महा सप्तमी की पूजा ब्राह्मणों द्वारा बांग्ला मंत्रो



उच्चारण के साथ नियमानुसार करवाई गई। मौके पर पूजा समिति के सचिव सत्येंद्र कुमार, प्रशांत बेल्थरिया, विष्णु राम, प्रदीप रविदास, हरि नंदन चौधरी, रूपेश महतो, योगेश हजारी, धनंजय कुमार सिंह, मनोज कुमार, विजय कुमार राम, लक्ष्मी चरण महतो, हरिनंदन चौधरी, संतोष सिंह, अमरलाल महतो, विजय सिंह, गोपाल महतो समेत कई महिला, पुरुष भक्तजन उपस्थित थे।

## मुर्राम कला से तीन हजार लोग डहरे सोहराय चांचइर आर बरदखूंटा में शामिल होंगे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शनिवार को पानी टंकी, मुर्राम कला में आगामी 11 नवम्बर 2023 को जिला मैदान से रामगढ़ कॉलेज मैदान तक होने वाली डहरे सोहराय चांचइर आर बरदखूंटा कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता ओम प्रकाश महतो ने किया जबकि संचालन तेजपाल महतो एवं अनिल पटेल ने संयुक्त रूप से किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए ओम प्रकाश महतो ने कहा कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 11 नवंबर 2023 को रामगढ़ के ऐतिहासिक धरती में झारखंड के भाषा, संस्कृति, सभ्यता को समृद्ध करने तथा विश्व पटल में पहचान दिलाने हेतु डहरे सोहराय चांचइर आर बरदखूंटा



आयोजन किया गया है,जिसमें झारखण्ड के विभिन्न जिलों सहित पश्चिम बंगाल,उड़ीसा, असम एवं छत्तीसगढ़ राज्य के लोग भी भारी संख्या में शामिल हो रहे है ,रामगढ़ शहर के समीप मुर्राम कला होने के कारण हमलोगों को बढ़-चढ़कर शामिल होना जरूरी ही नही कर्तव्य भी बनता है,इसलिए मुर्राम कला के 3 हजार लोग अपने पारंपरिक वेशभूषा,ढोल -नगाड़े, गाजे-बाजे एवं 10 चांचइर टीम के साथ शामिल होंगे! तेजपाल महतो एवं अनिल पटेल ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यापक पैमाने पर प्रचार प्रसार करने की बात कही, वही आशा महतो,लाजवंती देवी, ललिता देवी एवं सुनीता कुमारी ने कहा कि विभिन्न जगहों के दीवारों पर सोहराई कला की पेंटिंग करने की बात कही,आगे कहा कि झारखंडी सोहराय परब अपनी छाप जरूर छोड़ेगा क्योंकि महिला अब यहीं रुकने वाले नहीं है। बैठक में मुख्य से आशा महतो,लाजवंती देवी,आशा महतो, ललिता देवी,सुनीता कुमारी, कांति कुमारी,यशोदा देवी,लुकेश महतो, द्वारिका प्रसाद,किशोर महतो, बिनोद कुमार, दिनेश महतो, राजेश महतो,सुलेंद्र महतो, महेंद्र महतो,चेतलाल महतो,निरंजन महतो,दीपक कुमार,उमेश कुमार, नरेश महतो,जगदीश करमाली, दिनेश कुमार,परमेश्वर महतो, दुबराज महतो,ज्ञानी महतो, जानकी महतो, लिखेश्वर महतो, भीखू महतो,प्रदीप कुमार, पंचम महतो ,जादू महतो, जगतपाल महतो,अनिल कुमार, गुलचंद पटेल आदि लोग शामिल थे।

## उरीमारी पूजा पंडाल का उद्घाटन सांसद रमेन्द्र कुमार व महाप्रबंधक अजय सिंह ने किया



**उरीमारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उरीमारी के हेसाबेडा में बने दुर्गा पूजा पंडाल का शनिवार को महासप्तमी के दिन कोल इंडिया के जेबीसीसीआई सदस्य सह पुर्व सांसद रमेन्द्र कुमार व बरकासयाल महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह, राकोमयू के क्षेत्रीय सचिव राजू यादव, झामुमो के केन्द्रीय सचिव संजीव बेदिया ने फिता काटकर पुजा पंडाल का उद्घाटन किया।इस मौके पर पुर्व सांसद रमेन्द्र कुमार व महाप्रबंधक अजय सिंह ने कहा दुर्गा पूजा का पर्व लोगो के लिए आस्था का पर्व है।इसे शांतिपूर्ण माहौल व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए। वही राजू यादव ने कहा उरीमारी मे दुर्गा पूजा लंबे अरसे से होती आ रही है और यहा पुजा कमिटी के लोगो के सथ सीसीएल का भी भरपुर सहयोग मिलता है वहीं बता दें कि इस बार उरीमारी में राजस्थान के जयपुर में स्थापित अल्बर्ट म्यूजियम हॉल के तर्ज पर पुजा पंडाल का प्रारूप तैयार किया गया है वहीं इस पंडाल की लागत साढ़े सात लाख रुपए है पंडाल को बंगाल के कारीगरो ने बनाया है और देवी दुर्गा की प्रतिमा पर डेढ़ लाख रुपए खर्च किया गया है।वहीं यहां पर विजय दशमी के दिन रावन दहन का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारी जोर शोर से चल रही है वहीं इस मौके पर विन्ध्याचल बेदिया, उरीमारी परियोजना पदाधिकारी दिलिप कुमार, बिरसा परियोजना मैनेजर रामेश्वर मुंडा, झामुमो नेता सोनाराम मांझी, विस्थापित नेता चरका करमाली, उरीमारी ओपी प्रभारी बिरबल करमाली, रशीक किस्कू, महादेव बेसरा,पुजा कमिटी के सचिव सीताराम किस्कू, उदय मालाकार, अर्जुन सिंह,संजय शर्मा, डा जीआर भगत, विशनाथ मांझी,लालो महतो,गिता देवी,सीतामुनी देवी, दिनेश करमाली, ओमप्रकाश सिंह, गणेश राम,महावीर प्रसाद आदि लोग मौजूद थे

## मिशन पिंक हेल्थ के तहत 116वां कैंप लगाया गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मिशन पिंक हेल्थ के तहत 116 वां कैंप लगाया गया।जो इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की एक बहुत ही महत्वाकांक्षी परियोजना है। जिसे जुलाई 2018 में शुरू किया गया था आज का कार्यक्रम एस एस उच्च विद्यालय नेहरू रोड रामगढ़ झारखंड में आयोजित किया गया। जिसमें 200 किशोर गर्ल्स , एवं टीचर्स को इस मिशन के बारे में बताया गया । इसमें खासकर महावारी से संबंधित समस्या, एनीमिया के बारे में , मेंस्ट्रूरल हाइजीन, गुड टच एवम बैड टच, सही पोषण , झारखंड से लडकियों के पलायन ,महिलाओ के साथ हिंसा के बारे में विस्तृत जानकारी डॉक्टर सांत्वना शरण एवं मालती चौधरी ने दी।दिनचर्या में सुधार एवं सही पोषण के बारे में भी बताया गया।सभी बच्चों को आयरन ,की गोली और सेनेटरी पैड ,ओ आर एस सचेत , साबुन , बिस्कुट , ऐलबेएनडजोल की गोली दी गई । विधालय की पूरी टीम ने कार्यक्रम के संचालन में सहयोग किया।इस मौके पर डॉ एके चौधरी ,डॉ सुधीर आर्य, अमरजीत भारती लैब टेक्निसियन , दूबे जी , सविता , पिंकी , मनीषा के सहयोग से आज का यह आयोजन किया गया ।प्रिंसिपल एवं अन्य टीचर्स ने इस आयोजन की सराहना की , उन्होंने इस महत्वाकांक्षी योजना को दोबारा लगाने का आग्रह डॉक्टर सांत्वना शरण जो मिशन पिंक हेल्थ झारखंड की स्टेट कोऑर्डिनेटर एमपी एच , और डब्लू डी डब्लू, आईएमए की राष्ट्रीय वाइस चेयरपर्सन है स्कूल में फर्स्ट एड बॉक्स भी दिया गया। सभी बच्चों का Hb% का टेस्ट भी किया गया।18 बच्चे 12 ग्राम से कम हिमोग्लोबिन पाया गया एवं उसकी उपचार के बारे में बताया गया।

## रामगढ़ की जनता से किए वादे को विधायक कर रही हैं पूरा : नीरज मंडल



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता)** रामगढ़ शहर के चौक चौराहा मे नही रहेगा अंधेरा उक्त बाते नीरज मंडल नगर सचिव आजसू पार्टी ने कहा द्य मौके पर नीरज मंडल ने कहा कि सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी एवं विधायक सुनिता चौधरी रामगढ़ विधानसभा के द्वारा चुनाव से पूर्व जो वादे जनता से की गई थी की रामगढ़ विधानसभा में चौक चौराहा में अंधेरा कायम नहीं रहेगी अंधेर से हर हाल में जनता को मिलेगी निजात द्य आज उसे धरातल पर उतार कर रामगढ़ शहर के सम्मानित जनता को समर्पित कर मास्क लाइट चौक चौराहा में लगाने का कार्य शुरू किया जा रहा है जिसकी शुरुवात रामगढ़ शहर के वार्ड नंबर 5 बिजुलिया , गणपति नगर, छोटकी मुर्राम, गोरियारी बागी, शिबू कॉलोनी , बंगाली टोला, धनधार पोखर में मास्क लाइट लगाने के लिए मिट्टी खुदाई कर ढलाई की गई ओर आज गणपती नगर में मास्क लाइट लगाने का कार्य किया गया द्य ओर बाकी जो वार्ड में नही लग पाई है उसे दुर्गा पुजा के बाद जल्द लगा दी जाएगी द्य इस खबर को सुनते ही रामगढ़ शहर के लोगो मे काफी उत्साहित महसूस करने लगे और सभी ने विधायक सुनिता चौधरी ओर सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के प्रति आभार और धन्यवाद दिया द्य खुशी जाहिर करने वालो में गणपती नगर में पूर्व वार्ड सदस्य नीलम सिंह, रानी देवी, आराध्या केसरी, मनोहर गुप्ता, राघवेन्द्र कुमार सिंह, सतीश सोनी, ललन सिंह,ह्लठु सिंह, प्रदीप केशरी, रविंद्र कुमार गोस्वामी, प्रवीण सिंह, गौतम प्रसाद, अरविंद कुमार,बबन सिंह, छोटी मेहता, प्रियांशु रंजन,अशोक सिंह, संजीव भाई आलोक सहित कई ग्रामीण मौजूद थे ।

## एक ही घर में सास बहू की मौत से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिया ढांढस



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पिहरा बाराडीह प्रखंड कांग्रेस उपाध्यक्ष उदय यादव के घर में अनहोनी घटना सास और बहु का अक्समिक निधन होने से पूरा गांव मर्माहत हो गया। इसके हौसला अफजाई के लिए कांग्रेस के प्रदेश सचिव मरगुब आलम प्रखण्ड अध्यक्ष एवं प्रखण्ड के पूर्व अध्यक्ष नंदकिशोर सिन्हा मंडल अध्यक्ष प्रेमचन्द यादव प्रखंड सचिव सब्दर अली पिहरा पंचायत अध्यक्ष मंसूर आलम पिहरा पूर्वी पंचायत अध्यक्ष उपेंद्र चौधरी खरसान पंचायत सचिव नासिर मिया पटना पंचायत अध्यक्ष सुनील दास वरिष्ठ कांग्रेस नेता अख्तर एवं दर्जनों सैकड़ों कार्यकर्ता उनके परिवार को ढांढस दिए और कुछ आर्थिक मदद दिया गया और पार्टी के ओर से भरोसा दिलाया गया और पार्टी सभी लोग इस विपरीत परिस्थिति में पीड़ित परिवार के साथ हैं।

## क्रिकेट प्रतियोगिता का पूर्व विधायक ने फीता काटकर किया उद्घाटन



**गांवा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत बनवासी उच्च विद्यालय बेंडरो खेल मैदान के समक्ष दुर्गा पूजा के शुभअवसर पर स्थानीय पंचायत सामिति सदस्य अकलेश यादव नें बेंडरो प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। पूर्व विधायक राजकुमार यादव नें फीता काटकर क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया. *टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुवे बजरंग दल डाबर की टीम नें निर्धारित 10 ओवर में 3 विकेट खोकर 164 रन बनाए जवाब में आशादीप ट्रैक्टर पार्ट्स नें निर्धारित 10 ओवर में 59 रन बनाकर ऑल आउट हो गई. इस तरह डावर की टीम नें 105 से यह मुकाबला जीत लिया. पूर्व विधायक नें कहा कि युवाओं को शारीरिक व मानसिक विकास के लिए खेलकूद जरूरी है इसलिए युवाओं को खेलकूद प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। मौके पर माले नेता नागेश्वर यादव,जिला परिषद सदस्य पवन चौधरी,मुखिया संघ उपाध्यक्ष गिरिडीह रामदेव यादव, माले नेता सकलदेव यादव, स्थानीय मुखिया प्रियंका देवी, पूर्व मुखिया प्रवीण कुमार, पंसस बदिडीह अशोक यादव, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि अशोक यादव, दुखन साहा, सुकर यादव,विजय यादव, महेंद्र यादव,मनीष कुमार समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## पंसस ने वन भूमि पर फलदार पौंधे लगाने को ले लिखा पत्र

**बगोदर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बगोदर प्रखंड क्षेत्र के बेंको पश्चिम पंचायत की पंचायत समिति सदस्य निखत परवीन तथा पोखरिया पंचायत के पंचायत समिति सदस्य गौतम कुमार ने वन विभाग अधिकारी को पत्र लिख कर पत्र के माध्यम से कहा है कि बेंको पश्चिमी पंचायत तथा पोखरिया पंचायत के अन्तर्गत वन प्रमंडल पदाधिकारी हजारीबाग पूर्वी वन कार्यालय सरिया के अंतर्गत इन पंचायत में वन विभाग की जमीन खाली है जो परिसीमन करते हुए फलदार पौधे लगाया जाय ताकी इससे ग्रामीणों की आर्थिक लाभ होगा साथ ही वन भूमि का सही उपयोग भी होगा और वातावरण भी शुद्ध रहेगा इससे वन विभाग की भूमि पर अतिक्रमण भी रोका जा सकता है। दुसरी और ब बेंको पश्चिमी पंचायत समिति सदस्य कहा की बेंको के सीमावर्ती इलाके लगे वन क्षेत्र में कुछ भाग में लिप्टस का पेड़ लगे है इसे लोगों के द्वारा नुकसान किया जा रहा है साथ काटा जा रहा है इसे रोक लगाया जाय साथ गाँव में जागरूकता लाया जाय ताकी लोग जंगल को रखवाली करे । जंगल से लोगों को कई लाभ मिलते है साथ ही जंगलों से सबसे अधिक फायदा किसानों को होता है।

## घर घर केसीसी अभियान के तहत पलरा में लगा किसान शिविर

**सभी किसानों को मिलेगा केसीसी : ब्रांच मैनेजर**



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को गिरिडीह ज़िले केजमुआ प्रखण्ड अंतर्गत केंदुआ में घर घर केसीसी अभियान कार्यक्रम के किसानों की एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में भारतीय स्टेट बैंक जमुआ के ब्रांच मैनेजर श्री सुबोध कुमार जी ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि किसानों को बैंक केसीसी देने के लिए तैयार है बशर्ते किसान अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए चयन करके कुछ अच्छा काम करें । उन्होंने नाबार्ड और आइडिया के संयुक्त तत्वावधान में महिलाओं द्वारा जूट बैग निर्माण की प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने कहा केन्दुआ एफपीओ भी अच्छा काम कर रहा है। एफपीओ से जुड़े किसानों को बैंक केसीसी उपलब्ध करायेगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा घर घर केसीसी अभियान चलाया जा रहा है। इसका लाभ किसानों को लेना चाहिए।

# दुर्गोत्सव : उपायुक्त ने किया भूली, बैंक मोड़ सहित विभिन्न पूजा पंडालों का भ्रमण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने भूली के चार सहित झारखंड मैदान, स्टील गेट तथा तेतुलतल्ला में आयोजित दुर्गा पूजा पंडालों का भ्रमण किया।भ्रमण के दौरान उन्होंने पूजा पंडालों में पुरुष एवं महिला के लिए अलग-अलग एंट्री, पंडाल परिसर में श्रद्धालुओं के लिए एंट्री एवं निकास द्वार, अग्निशमन यंत्र, हेल्प डेस्क, सीसीटीवी कैमरे का इंस्टॉलेशन, पंडाल तक पहुंचने के लिए एप्रोच रोड, वोलेंटियर की संख्या, जिला प्रशासन द्वारा जारी महत्वपूर्ण फोन नंबर व सूचना का डिस्प्ले, पार्किंग सहित जिला प्रशासन के विभिन्न निर्देशों के अनुरूप की गई व्यवस्था का जायजा लिया। भ्रमण के दौरान पूजा समितियां ने उपायुक्त वरुण रंजन, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर कमलाकांत गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक का पारंपरिक रीति रिवाज से स्वागत किया। इस दौरान जिन पंडालों में नोडल पदाधिकारी अनुपस्थित रहे, उनको उपयुक्त ने शो कोज करने का निर्देश दिया।

## उपायुक्त ने जिले वासियों को दी दुर्गा पूजा की बधाई

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने जिले वासियों को दुर्गा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए दशहरा पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में और भाई चारे के साथ मिल जुलकर मनाने की अपील की है। कहा की किसी भी तरह की अप्रिय घटना पर तुरंत पुलिस एवं जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या - 0326 - 2311217 / 2311807, 112, 100 एवं व्हाट्सएप्प नंबर 8539984741 पर सूचित करेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कार्यरत रहेगा।

## उत्पाद विभाग ने बरामद की दो लाख की अवैध शराब



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन के निर्देशानुसार उत्पाद विभाग ने अवैध शराब के विरुद्ध अभियान जारी रखते हुए दो लाख रुपए से अधिक की अवैध शराब बरामद की। इसकी जानकारी देते हुए उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त संजय कुमार मेहता ने बताया कि आज धैया रानी बांध में उत्पाद विभाग के विशेष छापामार दल ने एक व्यक्ति के घर में छापेमारी की। यहां से विभिन्न ब्रांडों के 21 पेटी अंग्रेजी शराब के अलावा 250 लीटर बीयर बरामद किया गया। बरामद की गई शराब का मूल्य करीब 2 लाख रुपए से अधिक है। उन्होंने कहा उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया जा रहा है। छापेमारी दल का नेतृत्व उत्पाद सब इंस्पेक्टर अमित गुप्ता और जितेंद्र कुमार कर रहें थे।

## पुलिस स्मृति दिवस पर सोनारडीह ओपी प्रभारी को किया गया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कतरास :** पुलिस स्मृति दिवस पर शनिवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के द्वारा सोनारडीह ओपी प्रभारी श्वेता कुमारी को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। मौके पर राष्ट्रीय मानव अधिकार के पदाधिकारी शिवेश विश्वकर्मा, प्रिंस समीर, मो तबरेज, ज्योति साहनी, सुरेश चौरसिया, अरूप मजूमदार आदि उपस्थित थे। इसके पूर्व कतरास तिलाटांड स्थित महिला थाना प्रभारी सोनिका वर्मा को राष्ट्रीय मानव अधिकार के पदाधिकारी ने गुलदस्ता देकर सम्मानित किया।

## दुर्गोत्सव : क्राउड मैनेजमेंट, यातायात व नागरिक सुविधाओं को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने दुर्गा पूजा में क्राउड मैनेजमेंट, पंडाल में प्रतिनियुक्त नोडल पदाधिकारी व पुलिस फोर्स, नागरिक सुविधाएं, यातायात व पार्किंग सहित अन्य बिंदुओं पर सातों जोनल दंडाधिकारियों सहित जिले के वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि बीती रात उन्होंने भूली, सरायढेला, झारखंड मैदान, तेतुलतल्ला सहित अन्य पूजा पंडालों का भ्रमण किया था। अधिकतर पूजा पंडाल में नोडल पदाधिकारी एवं दंडाधिकारी अनुपस्थित पाए गए।

उन्होंने कहा कि आज, सप्तमी, से हर पूजा पंडाल में श्रद्धालुओं की भीड़ रहेगी। इसलिए सभी नोडल पदाधिकारी, दंडाधिकारी, पुलिस फोर्स संध्या 4:00 बजे से भीड़ समाप्त होने तक पंडाल में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। जोनल दंडाधिकारी अपने अपने अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए सारी व्यवस्था पर निगरानी रखेंगे। उन्होंने बिजली विभाग से संध्या 5:00 बजे से सुबह 4:00 बजे तक लोड शेडिंग नहीं करने का अनुरोध किया।

उन्होंने कहा कि नो एंट्री, वन वे, पार्किंग का ट्रैफिक प्लान के अनुसार



अनुकरण करेंगे। वहीं नगर निगम को सभी पंडालों में सफाई कर्मियों की मौजूदगी सुनिश्चित करने, स्वास्थ्य विभाग को पंडालों में प्राथमिक उपचार, आवश्यक दवाएं रखने, सभी नर्सिंग होम को अलर्ट मोड में रहने, आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए अलर्ट रहने, अग्निशमन यंत्र और सीसीटीवी कैमरे की एक बार जांच कर लेने का निर्देश दिया।

## स्मार्ट धान कंपनी ने किया फसल प्रदर्शनी का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** शनिवार को गिरिडीह जिले के बेंगाबाद प्रखंड के हाथबोर गांव में स्मार्ट धान सावा 300 खडी फसल का गुण और विशेषता के बारे में जानकारी दी गई। वही मैनेजर बबलू वर्मा ने किसानो को बताया कि सावा 300 स्मार्ट धान दो नम्बर खेत के लिए बेहतर उपज देने वाली धान है। वहीं बबलू वर्मा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि कम्पनी किसानो के बीच स्मार्ट धान लेकर आयी है । जो अन्य संकर धान से काफी उपज और वजनदार खाने में स्वादिष्ट कम पानी मे अधिक पैदावार भी देती है।

जिसे किसानो को अधिक मुनाफा होता हैम वही गांव के किसान मित्र चेतलाल महतो ने भी कहा कि यह धान लगाकर काफी खुश हू मे सभी किसान इस धान को लगाएंगे। लगभग जिले के विभिन्न किसानो ने धान को लगाया है। मौके पर उपस्थित क्षेत्र अधिकारी उमेश कुमार ने रबी फसल की जानकारी दी ।वही वर्मा बीज़ भंडार बदवारा के प्रो नंदकिशोर सावा मित्र बेनी महतो मुन्शी वर्मा सबिता देवी इत्यादि लोग मौजूद थे।

## कतरास : जल समस्या को लेकर एकेडबल्यूएमसी पीओ से की वार्ता



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एकीकृत केशलपुर वेस्ट मोदीडीह कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी संजय चौधरी से दुर्गा सोरेन सेना युवा मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष विशाल बाल्मिकी ने गजलीटांड़, वेस्ट मोदीडीह आदि ग्रामीणों की जल समस्या को लेकर वार्ता की। मौके पर डीएसएस युवा मोर्चा के कार्यकर्ता भी मौजूद रहें। वार्ता में दुर्गा पूजा के समय पानी और बिजली की समस्याओं को लेकर चर्चा हुई। जिसमें तुरंत संज्ञान लेकर पीओ ने कार्य करने का आश्वासन दिया। इस दौरान मुख्य रूप से दुर्गा सोरेन सेना युवा मोर्चा के जिला महासचिव सुनील पासी, राहुल नोनिया, विक्की राय सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## विधायक राज सिन्हा ने किया पूजा पंडाल का उद्घाटन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति छठ तालाब ठाकुर कुल्ही, धैया के पूजा पंडाल का उद्घाटन विधायक राज सिन्हा के द्वारा किया गया। साथ ही दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष मदन मोहन सिंह ने स्मृति चिन्ह देकर विधायक का स्वागत किया। उद्घाटन कार्यक्रम में प्रद्युत कुमार राय, भोलानाथ पांडे, मनोज सिंह, प्रभाष प्रसाद, राजकुमार शर्मा, रंजीत जायसवाल, विमल कुमार, विकास राय, मनीष मिश्रा, बबलू सिंह, मनीष पाठक, निलेश कुमार एवं अन्य सदस्य गण उपस्थित थे।

## बागोडीह : हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया जा रहा दुर्गा पूजा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** रविवार से शारदीय नवरात्र शुरू हो चुका है। इस दिन का इंतेजार भक्तों को सालों भर रहता है।लेकिन इस बार का नवरात्र विशेष है। इस साल मां दुर्गा भक्तों का उद्धार करने हाथी पर सवार हो कर आ रही हैं। भक्त इस महापर्व के लिए हर साल अतिउत्सुक रहते हैं और मां दुर्गा का स्वागत पूर्ण भक्तिभाव से करते हैं। आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि यानी 15 अक्टूबर से महात्यौहार शुरू हुआ है जो आगामी 24 अक्टूबर तक भक्तिभाव एवम् हर्षोलाश के साथ मनाया जायेगा । रिया के बागोड़ीह ग्राम में लगभग 14 वर्षो से दुर्गापूजा बड़े ही धूमधाम से बनाई जा रही है। इस अवसर पर क्षेत्र के हजारों श्रद्धालू पूजा अर्चना के लिए पहुंचते हैं। इस दौरान मंदिर प्रांगण से महासप्तमी के दिन भव्य कलश यात्रा की शुरुआत कर पूजा प्रारंभ हुई। महाष्टमी के दिन पूजा करने के लिए एवम ऑल इंडिया जय माता दी समाज सेवा भंडारा टीम द्वारा आयोजित विशाल भंडारे का प्रसाद पाने तथा रात्रि में भक्तिमय जागरण का आनंद लेने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ती है। विजयादशमी के दिन जय माता दी खिचड़ी टीम की ओर से महाभोग प्रसाद खिचड़ी वितरण किया जाता है। तत्पश्चात माता रानी की शोभा यात्रा निकाली जाती है।

## सांसद ने किया पंडाल व मेले का उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति, तेतुलतल्ला मैदान में आयोजित मेले का उद्घाटन धनबाद के सांसद पशुपति नाथ सिंह ने फीता काट कर किया। सांसद ने कहा कि काफी हर्ष की बातें हैं की यहां की पूजा समिति की टीम ने इतने भव्य तरीके से पूजा पंडाल निर्माण व मेले का आयोजन किया है, यह काबिले तारीफ है। उन्होंने पूजा समिति के सभी सदस्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की। मौके पर धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह, कमेटी के अध्यक्ष जयदेव गुप्ता मनोज, भाजपा के जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, भाजपा के मिल्टन पार्थसारथी, कमेटी सचिव सुरेंद्र यादव, उत्तम सिन्हा, भरत प्रसाद के अलावा अनेकों श्रद्धालु उपस्थित थे।



## पूजा पंडालों में राजद नेता का किया गया स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कतरास :** कतरास के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालो में राष्ट्रीय जनता दल के प्रखंड अध्यक्ष रोहित यादव को शनिवार को स्वागत किया गया। कतरास जीएनएम दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा आयोजित नव पत्रिका के पूजा अर्चना को लेकर निकाली गयी भव्य शोभा यात्रा में श्री यादव ने भाग लिया। जहां कमेटी के लोगों ने उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति तिलाटांड कतरास पहुंचने पर कमेटी के कमलेश सिंह, मुन्ना सिद्दीकी, राहुल राय, सोनू शर्मा आदि ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया। कतरास तिलाटांड स्थित शिव मंदिर में रोहित यादव ने पूजा अर्चना की एवं मंदिर के विकास के लिए हर संभव मदद करने की बात कही। मंदिर में आयोजित पूजा अर्चना में भाग लिया। मंदिर कमेटी के लोगों ने उनका अभिनंदन कर स्वागत किया।

## माना पाठक ने टुंडी के विभिन्न पूजा पंडालों का किया दौरा, मांगी मन्नतें

प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** जनहित मोर्चा के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष माना पाठक ने आज शनिवार को अपने सभी कार्यकर्ताओं के साथ टुंडी के विभिन्न पूजा पंडालों का दौरा किया और मां दुर्गा के चरणों में माथा टेक कर टुंडी की जनताओं के लिए अमन चैन एवं उन्नति की दुआऐं मांगी। प्राप्त समाचार के अनुसार जनहित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह संस्थापक माना पाठक ने टुंडी के मनियाडीह, र ाजबाडी टुंडी, सोनार टोला टुंडी, सुंदर पहाड़ी ,पोखरिया, मैरानवाटांड ,महाराजगंज, एवं कटनियां समेत करीब दर्जन भर पूजा पंडालों अपने सभी कार्यकर्ताओं का साथ दौरा कर मां दुर्गा के चरणों में माथा टेककर टुंडी की जनताओं के लिए अमन चैन एवं



उन्नति के लिए दुआएं मांगी एवं एक संक्षिप्त घोषणा करते हुए सभी जन समूह से कहा कि अगर मां दुर्गा एवं टुंडी की जनताओं का आशीर्वाद प्राप्त हुआ तो टुंडी का सभी पूजा पंडालों का कायाकल्प जनहित मोर्चा अपने निजी मद से कराने का काम करेगा।

## झारखंड सरकार के वेलफेयर डिपार्टमेंट में ज्वाइंट सेक्रेटरी बने शब्बीर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कतरास :** धनबाद जिले के कतरास अंतर्गत छाताबाद निवासी मो शब्बीर अहमद (झा.प्र.से.) अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंखयक एवं पिछड़ा वर्ग, कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार, रांची में संयुक्त सचिव पद पर पदस्थापित किए गए हैं। उन्होंने रांची स्थित अपने विभाग में पद ग्रहण किया। इधर शब्बीर उस्मानी के पैतृक गांव छाताबाद एवं उनके जानने पहचानने वाले लोगों में खुशी की लहर है। बधाई देने वालों ने शब्बीर उस्मानी की उज्वल भविष्य



की कामना की है। मालूम हो कि शब्बीर अहमद उस्मानी इससे पूर्व झारखंड सरकार के खाद, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड, राँची समेत कई विभागों में अपने बेहतरीन योगदान दे चूके हैं।

# शारीरिक मानसिक विकास के लिए खेल आवश्यक : डॉ. रामेश्वर उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शनिवार को माननीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग एवं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार लोहरदगा जिला अंतर्गत ग्राम बैठहट आगमन एवं बैठहट 11 फुटबॉल क्लब के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय फुटबाल मैच के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए स्थानीय ग्रामीणों द्वारा माननीय मंत्री का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते उन्होंने कहा कि शारीरिक मानसिक विकास के लिए पढ़ाई के साथ साथ खेल आवश्यक है वर्तमान युग में खेल के माध्यम से भविष्य को बेहतर बनाया जा सकता है खेल को खेल भावना से और नियमों के साथ अनुशासनात्मक तरीके से खेलना चाहिए। हमारी सरकार खेलों झारखंड के माध्यम से भी खिलाड़ियों को तराशने का काम कर रही है और खेल प्रशिक्षक और खिलाड़ियों को रोजगार देने का कार्य भी हमारे सरकार द्वारा किया जा रहा है ताकि पिछड़े क्षेत्रों से भी प्रतिभावान खिलाड़ियों को चुना जा सके ताकि वे ओलंपिक,एशियन गेम्स, राष्ट्रीय खेलों में देश और राज्य का नाम रौशन कर सकें। मौके पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष शकील अहमद, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, विजय भगत, शमशोन बखला, अमनोल तिर्की, राजकिशोर उरांव, सद्रुल अंसारी, विशाल डुंगडुंग, असलम अंसारी, राजेश लाल, ऐनुल अंसारी, रौनक इकबाल, फैयाज अंसारी, जॉनसन लकड़ा, संजय तुरी, बरखा लकड़ा, सुनीता देवी, जानकी देवी, संध्या उरांव, हीरामणि भगत, शीला देवी, शिलवंती देवी, सुजा बाखला उपस्थित थे।

## रघुवर दास को उड़ीसा के राज्यपाल बनाए जाने पर झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को उड़ीसा के राज्यपाल बनाए जाने पर झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने हर्ष व्यक्त करते हुए श्री दास को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, प्रदेश प्रवक्ता संजय सर्राफ एवं कार्यसमिति सदस्य नीरज भट्ट, संजीव दत्ता ने खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि झारखंड के लिए बड़े ही गौरव की बात है कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास उड़ीसा का राज्यपाल बनाया गया है श्री दास ने झारखंड मे अपने दायित्व को बेखूबी से निभाया तथा अब उनका अनुभव का लाभ उड़ीसा की जनता एवं सरकार को मिलेगा। वे झारखंड में एक अच्छे प्रशासक के रूप में रहे एवं उन्होंने सदैव जनता के प्रति काफी सेवा किया,झारखंड एवं उड़ीसा की संस्कृति एक है, एवं दोनों भरपूर खनिज संपदा भरा हुआ राज्य है। श्री दास उड़ीसा के संवैधानिक पद राज्यपाल का दायित्व निभाते हुए सरकार के साथ मिलकर उड़ीसा की नई ऊंचाईयों तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

## विधायक कोलेबिरा ने किया विधायक मद से बने पीसीसी सड़क का उद्घाटन



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ठेठईटांगर प्रखंड के दुमकी पंचायत अन्तर्गत कोरोंजो में आरईओ सड़क से लेकर कोरोंजो जी ई एल चर्च तक पी.सी.सी सड़क विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के विधायक मद से बनाया गया जिसका उद्घाटन विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के द्वारा किया गया। इस पीसीसी सड़क का मांग चर्च के माध्यम से किया और बताया गया की नवीनीकृत गिरजा घर का पुनः समर्पण 21.10.2023 को रहा है जिसमें हजारों की संख्या में लोग आएंगे इसी को प्रथिमिकता देते हुए विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने बिना देर किए पीसीसी सड़क देने का काम किया। सड़क उद्घाटन के दौरान स्थानीय लोगों ने विधायक का स्वागत किया और सड़क निर्माण के लिए उनका धन्यवाद भी दिया। विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से हो रहा है, जहां जो भी कमी है उसे पूरा किया जा रहा है। इस सड़क का बन जाने से हमारे क्षेत्र के लोगो को कोई भी परेशानियों का सामना करना नही पड़ेगा और तो और बरसात के दिनों यहां पर कीचड़ होने के कारण लोगो को आने जाने में असुविधा होती थी उससे भी आराम मिलेगी। मौके पर मौजूद जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, कांग्रेस प्रदेश अल्पसंखयक सचिव जमीर अहमद, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू, सुशील बोदरा, जमीर हसन, मोहम्मद वहीद, सुकवान जोजो, राजेश डुंगडुंग, सुनिल, प्रिंस कुमार, आदि उपस्थित थे।

## लोहरदगा लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित : सुखदेव भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस प्रभारी पूर्व विधायक सुखदेव भगत गुमला जिला के बसिया प्रखंड पहुंचकर गुमला जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव सुशील कुमार होता से मिलकर उनके कुशलक्षेम जाना तथा उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना किया। मालूम हो कि विगत 16 अक्टूबर को सुशील कुमार होता बसिया से रांची जाने के क्रम में सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। इसके साथ ही सुखदेव भगत वहां पर उपस्थित प्रखंड के कार्यकर्ताओं से मिलकर संगठन के संबंध में जानकारी प्राप्त किये। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जोर जोर से तैयारी करने के साथ ही संगठन हित में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर सुखदेव भगत ने कहा कि कांग्रेस एक परिवार है। परिवार के हर सदस्यों को सुख-दुख में सहभागिता निभाने की आवश्यकता है। देश अभी अघोषित आपातकाल की स्थिति से गुजर रही है। देश में लोकतंत्र की रक्षा के लिए आदरणीय राहुल गांधी पूरे देश में भ्रमण कर लोगों को जागृत करने का काम कर रहे हैं। जुड़ेगा भारत- जीतेगा इंडिया उनके कार्यक्रमों को आम जनों तक पहुंचाने की आवश्यकता है। आने वाले लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित है। तानाशाह मोदी सरकार के कार्यों से जनता त्रस्त है। वर्तमान सांसद से भी जानता ना खुश हैं। हम सबों को एकजुट होकर पूरे शक्ति के साथ काम कर राहुल गांधी के हाथों को एवं इंडिया गठबंधन को मजबूत करना है।

## कैरो मां अंबे पुजा पांडाल पर भक्ति जागरण व नागपूरी संगीत आज, दर्शकों को आनंदित करेंगे कोलकाता के कलाकार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो माँ अंबे दुर्गा पुजा पांडाल पर 21 अक्टूबर शनिवार महासप्तमी पर माँ दुर्गा की प्रतिमा का पट खुलते ही पुजा अर्चना को लेकर श्रद्धालुओं का उत्साह उमड़ पड़ा है। वही प्रात; एवं शायंकालीन आरती मे अधिकारियों, राजनितिक दल प्रतिनिधियों के द्वारा माता के दरबार में माथा टेकते हुये देखा जा रहा है। शनिवार को महासप्तमी में प्रात्कालीन आरती मे आजसू पार्टी के पुर्व विधायक स्व0 कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी श्री मति निरु शांति भगत अपने टीम के पदाधिकारियों के साथ पांडाल पहूँचकर पुजा अर्चना कर मातारानी से आशीर्वाद लिया। वही 22 अक्टूबर रविवार को आज महाअष्टमी के रात्रि पुजा समिति की और से रात्रि मे पांडाल पर भक्ति जागरण, व नागपूरी संगीत कार्यक्रम का आयोजन भी रखा गया है। उक्त संबंध मे कैरो माँ अंबे दुर्गा पुजा समिति के अध्यक्ष शरत कुमार विद्यार्थी, उपाध्यक्ष रवि प्रजापति, महासचिव शंभू सोनी, कोषाध्यक्ष बजरंग प्रसाद, संजय महतो, मनोज कुमार पांडेय, रिंकु प्रसाद ने बताया की 22 अक्टूबर रविवार आज की रात्रि कोलकाता, धनबाद, हजारीबाग इत्यादि प्रमुख शहरों से भक्ति जागरण के सुप्रसिद्ध कलाकार नीलकान्त मोदी, कोमल छाया, खुशबु गुप्ता, दिनेश लख्खा,के अलावा नागपुरी कलाकार मंगल करमाली के द्वारा पूरी रात माँ के दरबार मे भक्ति संगीत से दर्शको को निःशुल्क आनंदित करेंगे। वही 23 अक्टूबर सोमवार महानवमी की रात्रि स्थानीय बच्चियों के द्वारा मातारानी की गीत पर भक्ति डाँस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। समिति पदाधिकारीयो ने प्रेस के माध्यम से भक्ति जागरण संगीत कार्यक्रम मे अधिक से अधिक संख्या मे उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने की अपील की है।

## नवपत्रिका पूजन के उपरान्त पंडालों के पट खुलते ही मां ने दी भक्तों को दर्शन



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शारदीय नवरात्र के सातवें दिन शनिवार को महासप्तमी के पावन अवसर पर श्रद्धालु भक्तों के द्वारा नवपत्रिका पूजन के उपरान्त पंडालों के पट खुलते ही माँ ने दी भक्तों को दर्शन.नवपत्रिक प्रवेश पूजन के साथ माता का द्वार श्रद्धालु भक्तजनों के लिए खोल दिया गया। वही पट खुलते ही माता का दर्शन के लिये उमड़ी भक्तों की भीड़ तथा श्रद्धालु भक्तजनों के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के बदला, झखरा, सेन्हा, बरही, चन्दकोपा सहित अन्य सभी पंडालों में श्रद्धा और भक्तिभाव से माँ अम्बे दुर्गा का सातवे स्वरूप का पूजन व आरती किया गया। एवं मंदिरों में भी माँ की पूजा पुरोहितों द्वारा द्वारा कराई गई। भक्तों के द्वारा शनिवार की सुबह में कलशयात्रा निकालकर नदियों से जल लेकर भक्तजन पंडाल में प्रवेश किये और इसके बाद महासप्तमी पूजन का अनुष्ठान प्रारम्भ हुआ। झखरा पूजा समिति के आयोजकों ने स्वर्ण झरिया नदी से सेन्हा पूजा समिति के भक्तों ने बांकी नदी से कलश यात्रा के माध्यम से जल लाकर नवपत्रिका प्रवेश आदि अनुष्ठान किया गया। कलश स्थापना के साथ अन्य पंडालों में भी पूजा व महाआरती का आयोजन उमंग और उत्साह के साथ किया जा रहा है। साथ ही दुर्गापूजा शांति और सौहार्द के साथ मनाने को लेकर सभही जगह पंडाल में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनात किया गया है। साथ ही थाना प्रभारी अभिनव कुमार क्षेत्र भ्रमण कर विधि व्यवस्था का जायजा लेते नजर आए तथा प्रखंड क्षेत्र के पूजा कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्यों को पूजा को लेकर जारी गाइडलाइन के अनुसार पूजा मनाने का दिशा निर्देश दिया गया। अगर किसी प्रकार की कोई भी विघ्न व्यवधान उत्पन्न होने पर तत्काल इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को देने की बात कही गई। मौके पर मजय सोनी, कमेश महतो, नीरज साहू, विजय सोनी, तानिया कुमारी, बबली कुमारी, सुभद्रा कुमारी, प्रिय कुमारी, तमन्ना कुमारी, विजय महतो, नवल साहु, आयुष अर्पित, पीयूष कुमार, गौरव कुमार सहित अन्य सैकड़ो भक्तजन मौजूद थे।

## झारखंड कुम्हार समन्वय समिति ने मूर्ति निर्माता कलाकारों को किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड कुम्हार समन्वय समिति लोहरदगा जिला के तत्वाधान में हनुमान मंदिर परिसर पुराना शुक्र बाजार के प्रांगण में दुर्गा पूजा के अवसर पर मूर्ति निर्माता कलाकार एवं पंडाल सजा में अहम भूमिका निभाने वाले कलाकारों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष प्रेम किशोर प्रजापति के द्वारा कहा गया की किसी भी कार्यक्रम में कलाकारी एवं साज सज्जा में कुम्हार वर्ग के लोगों की अहम भूमिका होती है। अतः इस तरह के कार्यक्रम से उनका मनोबल बढ़ेगा और अपने क्षेत्र में और अधिक सक्रियता से काम कर पाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मूर्ति कलाकार संजय प्रजापति, राजू प्रजापति, विनोद प्रजापति, ननका प्रजापति एवं पंडाल सजा निर्माता में अरुण प्रजापति, नागेंद्र प्रजापति एवं सत्य केतु प्रजापति को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को देवानंद प्रजापति, कमल प्रजापति, विनोद प्रसाद, चमर प्रजापति एवं वासुदेव महतो द्वारा संबोधित किया गया। सभी ने इस कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन शिवकुमार प्रजापति एवं धन्यवाद ज्ञापन सरोज प्रजापति के द्वारा किया गया।

## तेतरतर दुर्गा पूजा समिति का 70 साल पूर्ण होने पर लगाया प्रदर्शनी, युवाओं से आने का किया अपील



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** थाना रोड स्थित तेतरतर दुर्गा पूजा समिति, चंद्रशेखर आजाद चौक में सन 1953 में मोहल्ले के स्व माधव मिश्र, सूरज महतो, महादेव खत्री, बिहारी राम वर्मा, मनौरी लाल बर्म्मन, आदि द्वारा पूजा की शुरुआत की गई, जो आज 70 वर्ष पूरे होने पर बंगाल, महाराष्ट्र आदि राज्यों व जिलों की तरह यहां भी थीम बेस्ड तस्वीर,मॉडल आदि लगाए गए हैं। समिति के अध्यक्ष कुणाल वर्मा बताते हैं कि परिसर में भारत के पराक्रम, शौर्य, शान तथा भारत के शहीद वीर सपूत, वैज्ञानिक, आयुध पर्यावरण, हेल्थ, रोड सेफ्टी, सिविक सेंस आधारित थीम बेस्ड चित्र, मॉडल व सेल्फी प्वाइंट लगाए गए हैं। जहां परमवीर चक्र से सम्मानित शहीद मेजर सोमनाथ शर्मा, विक्रम बत्रा, अल्बर्ट एक्का, अरुण खेतरपाल, अब्दुल हमीद, होशियार सिंह, गुरबचन सिंह सलारिय व 1998 पोखरण परमाणु परीक्षण के हीरो अटल बिहारी वाजपेई व एपीजी कलाम की टीम, चंद्रयान 3 के नायक डॉ एस सोमनाथ,पी वीरामामुथूल, एस उन्नीकृष्णन,एम शिवकरण, डॉ वीणा कोठारिया,महान वैज्ञानिक डॉक्टर होमी जहांगीर भाभा,विक्रम साराभाई,डॉ सी बी रमन,जगदीश चंद्र बोस मिसाइल मैन एपीजे कलाम,बांग्लादेश निर्माण में पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा भारतीय सैनिक के सामने सरेंडर, अग्नि 5,पृथ्वी 2 ब्रह्मास्त्र मिसाइल, जगुवार अटैक प्लेन, अर्जुन टैंक, सुखोई, आईएनएस विक्रांत विमान वाहक पोत,बोफोर्स टैंक,अपाचे हेलीकॉप्टर,चंद्रयान 3 व अंतरिक्ष यात्री का सेल्फी प्वाइंट,अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा ,कल्पना चावला आदि की तस्वीर के साथ साथ जानकारी भी दी गई है।

## सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के द्वारा चैंपियंस को दिया गया प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** किशोर चैंपियन का नेतृत्व क्षमता वर्धन के लिए तीन प्रशिक्षण का किया गया आयोजन। सेन्टर फॉर कैटलाईजिंग चेंज द्वारा होटल अमृत पैलेस लोहरदगा के सभागार में लोहरदगा के कुरु, किस्को गुमला के भरनो प्रखंड से कुल 30 चैंपियंस का तीन दिवसीय आवासीय नेतृत्व क्षमता वर्धन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस उन्मुखीकरण कार्यक्रम की शुरुवात में छ्3 इंडिया के कार्यक्रम पदाधिकारी दीपक कुमार ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से इन चैंपियंस का नेतृत्व क्षमता को विकसित करना है, उनके ज्ञान का स्तर को बढ़ाना है ताकि ये किशोर अपने अपने छेत्र में लिंग समानता, नशा पान, बाल विवाह जैसे मुद्दे के उपर किशोर में सकारात्मक बदलाव ला पाएंगे जिससे हमारे समाज से ये मुद्दे जड़ से खतम हो सके। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षको के द्वारा विभिन्न गतिविधि के माध्यम से उपस्थित चैंपियन को आत्म जागरूकता, सही संचार का माध्यम, लक्ष्य प्राप्ति, टीम वर्क, नेतृतव क्षमता, लिंग समानता, गाँव स्तर पे उपलब्ध संसाधन का उपयोग के विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। साथ ही चैंपियन का दायित्व क्या होगा इस विषय पर जानकारी देते हुए बतलाया गया की इस प्रशिक्षण में आपको जो भी जानकारी दी जा रही है उसे अपने पंचायत के किशोरों को भी बतलाना है।

## डॉ. रामेश्वर उरांव ने मिशन चौक स्थित मां चंडी दुर्गा पूजा पंडाल का किया उद्घाटन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के कर कमलों द्वारा मिशन चौक स्थित मां चंडी दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन किया गया एवं माननीय मंत्री ने माता दुर्गा की आरती कर जिले की सुख शांति और संपन्नता के लिए प्रार्थना किया। मौके पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, एसडीओ अरविंद कुमार लाल, मनोज जायसवाल, नवीन जायसवाल, राजू उरांव, राजेश लाल, विशाल डुंगडुंग, ऐनुल अंसारी, चंदन कुमार, उज्ज्वल कुमार आदि उपस्थित थे।

### सांसद प्रतिनिधि ने किया बघचट्टा पंडाल का अनावरण

## धर्म के रास्ते ही सामाजिक व्यवस्था को मजबूत बनाया जा सकेगा : सुशील श्रीवास्तव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटांगर :** नवरात्र सप्तमी पर जिला के सभी पंडालों के पट श्रद्धालुओं के लिए खुल चुके हैं। ठेठईटांगर प्रखंड के बाघचट्टा पूजा पंडाल का केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा जी के जिला सांसद प्रतिनिधित्व सुशील श्रीवास्तव द्वारा पूजन कर अनावरण किया गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधित्व सुशील श्रीवास्तव ने कहा की जनजातियों द्वारा बाघचट्टा में इस पौराणिक त्यौहार को बिल्कुल ही विधि विधान से मनाया जाता है यह समाज के लिए अनुकरणीय है धर्म के रास्ते ही सामाजिक व्यवस्था को मजबूत बनाया जा सकेगा। धर्म मनुष्य में जीवन के महत्व को स्पष्ट करता है पवित्र भावनाओं को पैदा करता है वह मानसिक तनाव चिंताओं से दूर रखकर गलत चीजों से बचाता है। इसके अलावा सांसद प्रतिनिधि ने केरसई रुशु आदि पूजा पंडालों में घूम घूम कर लोगों को दुर्गा पूजा की बधाई एवं शुभकामनाएं दी साथ ही सांसद प्रतिनिधि ने जिले वासियों से अपील की की सिमडेगा के इतिहास के अनुरूप मिलजुल कर हम सबों को शांतिपूर्वक यह त्योहार मनाना है,और हमेशा की तरह भाईचारगी की मिसाल कायम करना है।इससे पूर्व बच्चियों द्वारा नाच गाना कर अतिथियों को पंडाल तक लाया गया मौके पर सांसद प्रतिनिधि ने पूजा समिति के सदस्यों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया और उनका हौसला बढ़ाया। पंडाल अनावरण के मौके पर कोलेबिरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सूजन मुंडा प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र बड़ाईक ठेठईटांगर मंडल प्रभारी प्रदीप जायसवाल पूजा समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र बेसरा रेंगारिह सहायक थाना प्रभारी, मूर्तिकार पूना तिर्की संरक्षक चतुर राम बेसरा फागण बेसरा सुबोध तिर्की महेश तिर्की कृष्ण दास जगन्नाथ बेसरा विष्णु बेसरा संजय प्रसाद शाहिद बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे ।

### भारत महिला एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर की मेजबानी करेगा

## झारखंड को मिला और एक बड़ा आयोजन इसके लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बहुत बहुत आभार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** महिला एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के रांची में स्थानांतरित होने पर भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता कहती हैं, यह हमें पेरिस ओलंपिक के लिए जगह पक्की करने के लिए पहले से कहीं अधिक प्रेरित करेगा। बेंगलुरु, 21 अक्टूबर 2023ः एफआईएच ने शुक्रवार को महिला एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर को चीन के चांगझौ से भारत के रांची में स्थानांतरित कर दिया। यह विकास चीनी महिला हॉकी टीम द्वारा 2022 में हांगझू में 19 वें एशियाई खेलों को जीतकर पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए सीधी योग्यता अर्जित करने के बाद हुआ। महिला एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर 13 से 19 जनवरी 2024 तक रांची, झारखंड के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। भारतीय महिला हॉकी टीम के अलावा आठ टीमें पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए भिड़ेंगी। इसके अलावा, अन्य तीन एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर मस्कट, ओमान (पुरुष - 15-21 जनवरी 2024) और वालेंसिया, स्पेन (महिला और पुरुष - 13-21 जनवरी) में खेले जाएंगे। रांची द्वारा महिला एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर की मेजबानी के बारे में बोलते हुए, झारखंड के मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन ने कहा, रांची, झारखंड में वैश्विक हॉकी बिरादरी का स्वागत करना सम्मान की बात है। हम आने वाले समय में कुछ सर्वश्रेष्ठ एशियाई हॉकी टीमों की मेजबानी करने के लिए तैयार हैं। दिन, क्योंकि झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक होने वाली है। और अब, इस आयोजन की मेजबानी से देश में बढ़ते खेल केंद्र के रूप में झारखंड की स्थिति मजबूत होगी। हमारे पास खेलों का समर्थन करने का एक लंबा इतिहास है, और हम इस तरह के प्रतिष्ठित आयोजन की मेजबानी करके रोमांचित हैं। हॉकी इंडिया में हमें खुशी है कि एफआईएच ने हमें महिला एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर की मेजबानी करने के भारत के प्रस्ताव का समर्थन किया है। यह हमारे खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा आयोजन है, और हम रोमांचित हैं कि यह हमारे घरेलू मैदान पर समर्थन के रूप में होगा।÷ हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा, भारतीय प्रशंसक निस्संदेह हमारे खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और पेरिस 2024 ओलंपिक में अपना स्थान सुरक्षित करने के दृढ़ संकल्प को बढ़ावा देंगे। उन्होंने कहा, हम इस आयोजन की मेजबानी में सहायता के लिए झारखंड सरकार और राज्य के माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी को भी धन्यवाद देना चाहते हैं।

## दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर रूप सज्जा प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में आज दुर्गा पूजन के महत्व को बताते हुए प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने कहा दुर्गा पूजा अर्थात दशहरा पर्व अधर्म पर धर्म के विजय का प्रतीक है असत्य पर सत्य के विजय का प्रतीक है। आदिकाल में मां दुर्गा के द्वारा आसुरी शक्ति महिषासुर वध किया गया था। विद्यालय के सभागार में आज दुर्गा माता के नौ रूपों का धारण बहनों द्वारा किया गया। वह साज श्रृंगार करते हुए आकर्षक प्रस्तुति मंच पर की। इस कार्यक्रम में मंच की भव्यता एवं रूप सज्जा एवं सजावट सुनीता बहन जी द्वारा किया गया। दुर्गा माता के नौ रूपों का विस्तृत वर्णन श्री अशोक सिंह द्वारा किया गया। आरती वंदन माता के नौ रूपों का प्रधानाचार्य एवं सभी आचार्य बंधु भगिनी द्वारा किया गया। बहन प्राची सोनी,आराध्या कुमारी,चंचल कुमारीआशि कुमारी, तृषा जायसवाल, पायल कुमारी, अमृता कुमारी, आस्था पांडे, दिव्या उरांव द्वारा माता के नौ रूपों को प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी,कालरात्रि,महागौरी आदि दुर्गा माता के नौ रूपों का व्याख्यान विस्तृत रूप से किए। शाकंभरी देवी के शक्ति का वर्णन किया तथा महिषासुर,मधु कैटभ इत्यादि राक्षसों के विनाश की कहानी को बताएं। महिषासुर के रूप में कक्षा चतुर्थ के भैया कमलेश उरांव प्रस्तुत हुए कार्यक्रम बहुत भव्य और आकर्षक रहा। आज के इस कार्यक्रम में सभी भैया बहन एवं आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित रहे।

## चलते चलते एक नजर

### मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल को मिला सिल्वर बटन



**देहरादून :** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म यूट्यूब द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल को सिल्वर बटन प्रदान किया गया है। सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने मुख्यमंत्री श्री धामी को यूट्यूब से प्राप्त उनके ऑफिसियल यूट्यूब चैनल का प्रमाणपत्र भेंट किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि हर नागरिक तक योजनाओं को पहुँचाया जाए इसके लिए उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश जारी करते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु सोशल मीडिया का बेहतर प्रयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी को आम जन तक पहुँचाने के लिए पारंपरिक प्रचार के तरीक़ों के साथ ही सोशल मीडिया का भी उपयोग करें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सोशल मीडिया टीम के सदस्य एवं सूचना विभाग के अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### कांके में राष्टीय खिलाडी निशांत सिंह ने किया दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** देशभर में नवरात्रि की धूम है। दुर्गा पूजा को लेकर लोगों का उत्साह चरम पर है। आम और खास माता के दरबार में आशीष लेने के लिए पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में श्री श्री दुर्गा पूजा समिति, कांके ब्लॉक रांची का उद्घाटन रायफल शूटिंग में गोल्ड मेडलिस्ट निशांत सिंह ने दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन कर वहां पूजा अर्चना की। निशांत सिंह ने मां दुर्गा के दरबार में माथा टेक कर राज्य की उन्नति की कामना की, उन्होंने कहा कि देश के सभी लोग मिलजुल कर पूजा मनाए ,उनकी खुशहाली आए। निशांत सिंह ने कहां कि देश में कई फूल है और अगर किसी एक फूल को तोड़ दे तो गमले की खूबसूरती कम हो जाती है । इस मौके पर समाजसेवी सह संस्थापक पंकज सिंह ने कहा कि दुर्गा पूजा में शक्ति और मां भवानी की पूजा करते हैं। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा पर दुर्गा मां विश्व का कल्याण करे और सभी जगह नफरत की दुकान बंद हो आपसी भाईचारा की बना रहे, सब मिलजुल कर त्यौहार को खुशी-खुशी बनाएं।

### मध्य प्रदेश चुनाव के लिए बीजेपी ने जारी की कैंडिडेट की पांचवीं लिस्ट

**भोपाल** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने अपने कैंडिडेट की पांचवीं लिस्ट जारी कर दी है. इसमें 92 नामों का ऐलान किया गया है. शिवपुरी से ज्योतिरादित्य सिंधिया की बुआ यशोधरा राजे सिंधिया का टिकट काटकर देवेंद्र कुमार जैन को दिया गया है. यशोधरा राजे सिंधिया चुनाव लड़ने से इनकार कर चुकी थीं. वहीं, बीजेपी के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय के बेटे आकाश विजयवर्गीय का टिकट कट गया है.

# ऐतिहासिक रहा डांडिया नाइट

*** डांडिया नाइट से काफी उत्साहित थी महिलाएं**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला विंग के तत्वधान में 18 और 19 अक्टूबर को यहां डांडिया नाइट संपन्न हुआ। पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में आयोजित डांडिया नाइट को सफल बनाने में पलामू चैंबर के अध्यक्ष आनंद शंकर सहित इनके पूरी टीम का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम में मिस इंडिया सिमरन आहूजा और शेफाली जरीवाला ने डांडिया शो कर शहर को चकाचौंध कर दिया। अहमदाबाद के डांडिया डांसर ग्रुप एवं मुंबई के जाने-माने डीजे की उपस्थिति ने तो कार्यक्रम को चार चांद लगा दिया। डांडिया नाइट में शहर के कई गण्यमान लोग उपस्थित रहे। पलामू चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला विंग की अध्यक्ष शर्मिला वर्मा ने बताया कि डांडिया नाइट को सफल बनाने में पलामू चैंबर की पूरी टीम सहित मेदिनीनगर नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर का सराहनीय सहयोग रहा। साथ ही जिला प्रशासन का असीम सहयोग प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के स्पॉन्सर हेरीटेज टोयोटा, प्रेमसंस मोटर, आनंद मोटर्स, मां शारदा टाटा मोटर्स, रिपब्लिक हुंडई, रतनलाल हीरो,आनंद ऑटो बाइक्स, श्री दुर्गा ऑटोमोबाइल्स,पलामू स्वराज ट्रैक्टर्स, जॉनडियर ट्रैक्टर,अर्जुन ऑटोमोबाइल, रोटरी स्कूल, रेशम डिजाइनर बुटीकस, ओसम डेयरी और लाइंस फेमिना का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। उन्होंने सभी के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। नवरात्र के अवसर पर जिला मुख्यालय में डांडिया के आयोजन से यहां के लोगों में खासे उत्साह देखा गया। शहरवासियों ने डांडिया शो का बड़े ही मजे से आनंद लिया। खाश कर महिलाओं में काफी उत्साह देखा गया। सभी महिलाएं पलामू चैंबर का तहे दिल से शुक्रिया अदा किया।

## कोकर दुर्गा पूजा पंडाल का खुला पट, मां के दर्शन से निहाल हुईं आंखें



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राजधानी में दुर्गा पूजा को लेकर भक्तों का उत्साह चरम पर है। पंचमी में शहर के कई पूजा पंडालों के पट खुल गए। वहीं शुक्रवार को कई पंडालों का उद्घाटन किया गया। इसी क्रम में कोकर दुर्गा पूजा पंडाल का दक्षिण छोटानागपुर आयुक्त मनोज जयसवाल और पूर्व उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय ने भव्य उद्घाटन किया। पट खुलते के साथ ही मां के दर्शन को लेकर भक्तों का तांता लग गया। कोकर दुर्गा पूजा पंडाल के उद्घाटन समारोह में दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष चंचल चटर्जी, संयोजक राजू राम, मुख्य संरक्षक संतोष महतो, संजय राय, रमेश सिंह, यूवराज पासवान, नवीन सिंह पोली, सूरज कुमार पासवान, संजय कुमार राम, वशिष्ठ लाल पासवान, रोहित रंजन पासवान, अमित कुमार चौरसिया, महावीर मिर्धा, बाबला पासवान, बिरेंद्र प्रसाद, सम्राट चटर्जी, विक्की सिंह, रोहित सिंह, नीरज शर्मा, गांधी, अशोक परसाद , संतोष शर्मा, बिट्टू राय, सोनु, हार्स,रौशन यादव, और कमेटी के अन्य कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी दामोदर प्रसाद और रोहित सिंह ने दी।

# पुलिस संस्मरण दिवस परेड में शामिल हुए डीजीपी,दी श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड सशस्त्र पुलिस - 1, राँची परिसर स्थित परेड मैदान में पुलिस संस्मरण दिवस परेड का आयोजन किया गया। उक्त समारोह में महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड से लेकर पुलिस मुख्यालय के वरीय पदाधिकारी भी उपस्थित थे। पुलिस संस्मरण दिवस के अवसर पर शहीदों की याद में सम्मान स्वरूप वाहिनी परिसर स्थित शहीद स्मारक में श्रद्धांजली अर्पित किया गया। इस वर्ष देश के पारा मिलिट्री फोर्स तथा विभिन्न राज्यों की पुलिस बल के कुल 188 ( एक सौ अठासी) पदाधिकारी एवं जवानों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए वीरगति को प्राप्त हुए हैं, जिसमें झारखण्ड राज्य के पु.अ.नि. अमित कुमार तिवारी, झारखण्ड जगुआर तथा आरक्षी 2787 गौतम कुमार, झारखण्ड जगुआर ने 14.08.2023 को उग्रवाद विरोधी अभियान के दौरान अपने प्राणों की आहुति दी है।

## जन अधिकार पार्टी लो. झारखंड की सभी सीटों पर चुनाव लड़ने का काम करेगी : प्रदेश अध्यक्ष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड प्रदेश में जिस तरह यहां के लोगों को राजनीतिक दलों ने छलने और ठगने का काम किया है। हमारी पार्टी इस मुद्दे पर क्लियर है। यहां के लोगों को छलने और ठगने नहीं दिया जाएगा। झारखंड जब से अलग हुआ है यहां के लोग राजनीति दंश झेल रहे हैं। झारखंड जिस उद्देश्य से अलग हुआ था उसमें आज भी झारखंड पिछड़ा हुआ है। यहां के स्थानीय लोगों को यहां के सरकार ने छलने का काम किया है। उक्त बातें जन अधिकार पार्टी (लो.) के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष गुलाम मुर्तजा आलम ने कहीं। वह रांची के हटिया गेस्ट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी के नेता और नौजवानों के दिलों कि धड़कन मानव सेवा भाव में समर्पित रहने वाले हमारे नेता पप्पू यादव जी के तरफ से हम आप सभी का स्वागत करते हैं। आज हम यहां प्रदेश अस्तर की कमेटी का गठन करने के लिए आए हैं। हमारे नेता पप्पू यादव ने मुझको अपना सिपासालार बनाकर रांची भेजा है। झारखंड सरकार ने जनता को झूठा प्रलोभन देकर बेवकूफ बनाने का काम किया है। झामुमो के नेतृत्व में ही यहां के लोगों को छलने और ठगने का काम हुआ है। आने वाला समय में जन अधिकार पार्टी (लो.) जन-जन तक जाएगी और यह बताने का काम करेगी की जितनी भी सरकार बनी है सभी ने आप लोगों को छलने और ठगने का काम किया है। इसलिए आप लोग एक बार जन अधिकार पार्टी को कामयाब बनाए। 1932 के खतियान का लोग मांग कर रहे हैं, उनकी मांग को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। हमारी पार्टी मानव सेवा की भावना, इंसानियत सेवा की भाव में समर्पित रहती है। चाहे वह अपने 1932 हो या 1982। वर्तमान सरकार के 4 साल पूरे हुए हैं लेकिन सिर्फ यहां के खनिज संपदा की लूट मची हुई है। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष गुलाम मुर्तजा आलम, प्रदेश उपाध्यक्ष नियाजुल आलम, सम्मानित सदस्य सैय्यद उमर फारूक, प्रदेश महासचिव संतोष सोनी, प्रदेश सचिव सह मीडिया प्रभारी अशरफ खान, (समीर) राजेश कुमार सिन्हा, रांची जिला अध्यक्ष, ग्रामीण जिला अध्यक्ष रांची शंकर मुंडा, धनबाद जिला अध्यक्ष उमेश यादव,बोकारो जिला अध्यक्ष मोहम्मद गुलज़ार शाह, बोकारो जिला उपाध्यक्ष नवाज़ अहमद, बोकारो जिला सचिव बंगाली शाह, मीडिया बोकारो जिला प्रभारी अरशद खान, सदस्य दाऊद शाह, गुलाम मुस्तफा शाह समेत आदि उपस्थित थे।

# रांची में 22 से 24 तक 24 घंटे तैनात रहेंगे चिकित्सक, पांच जगहों पर 108 एंबुलेंस सेवा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** दुर्गा पूजा के दौरान रांची में 22 से 24 अक्टूबर तक 24 घंटे चिकित्सक तैनात रहेंगे और पांच जगहों पर 108 एंबुलेंस से सेवा बहाल रहेगी। इस संबंध में रांची डीसी सह जिला दंडाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने दुर्गा पूजा में श्रद्धालुओं की भीड़ और आपात स्थिति से निपटने के लिए कई निर्देश दिये हैं।इसके तहत आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था बनाये रखने के लिए तीन सदस्यीय चिकित्सा दल का गठन किया गया है। इनमें चिकित्सक, सपोर्टिंग स्टाफ और एंबुलेंस चालक की तैनाती की गयी है।

चिकित्सा दल को जिला भंडार से आकस्मिक उपचार सामग्री, दवा और अन्य समान से लैस होकर अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर तैनात रहने का आदेश दिया गया है। इस दौरान यदि किसी प्रकार की लापरवाही हुई तो ड्यूटी पर तैनात चिकित्सा दल जिम्मेवार होंगे।

**इन स्थानों पर तैनात रहेगा चिकित्सा दल**

**फिरायालाल चौक**

सुबह 6:00 बजे से 2:00 बजे तक: डॉ कुलकांत एक्का, चिकित्सा पदाधिकारी सीएचसी, नामकुम व अन्य।

दोपहर 2:00 बजे से 9:00 बजे रात तक- डॉ अतिरंजन कुमार, सीएचसी सिल्ली व अन्य।

रात 9:00 बजे से सुबह 6:00 तक- डॉ तारीक अनवर, सीएचसी बुड़मू व अन्य।

**सदर थाना कोकर**

सुबह 6:00 बजे से 2:00 बजे तक- डॉ वेंकटेश कात्यायन, चिकित्सा पदाधिकारी, पीएचसी पिठोरिया।

दोपहर 2:00 बजे से 9:00 बजे रात तक- डॉ संजीव सत्यम होरो, चिकित्सा पदाधिकारी, सीएचसी अंगड़ा व अन्य।

रात 9:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक: डॉ अकमल, चिकित्सा पदाधिकारी, सीएचसी तमाड़ व अन्य।

**नगर नियंत्रण कक्ष**

सुबह 6:00 बजे से 2:00 बजे तक : डॉ मनोज कुमार महतो, जनरल हॉस्पिटल ब्रम्बे व अन्य।

दोपहर 2:00 बजे से 9:00 बजे रात तक : डॉ अजीजुर्र रब, चिकित्सा पदाधिकारी बुंडू व अन्य।

रात 9:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक : डॉ मोहम्मद अली अशरफी, चिकित्सा पदाधिकारी, गुरुबाजपुर रातू व अन्य।

**इन जगहों पर तैनात रहेंगी 108 एंबुलेंस सेवा (पारा कर्मी के साथ)**

-जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र: प्रतिदिन शाम 4:00 बजे से रात 12:00 तक।

-तुपुदाना ओपी क्षेत्र : प्रतिदिन शाम 4:00 बजे से रात 12:00 तक।

-वृंदावन कॉलोनी दुर्गा पूजा समिति, चिरौंदी बोरेया रोड : प्रतिदिन शाम 4:00 बजे से रात 12:00 तक।

-सुजाता चौक: प्रतिदिन शाम 4:00 बजे से रात 12:00 तक।

-रातू रोड (पिस्का मोड़): प्रतिदिन शाम 4:00 बजे से रात 12:00 तक।

### अवैध खनन मामले में दाहू यादव के भाई सुनील के खिलाफ आरोप पत्र दायर

**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने साहिबगंज में हुए एक हजार करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले के आरोपित दाहू यादव के भाई सुनील यादव के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर दी है। आरोप पत्र ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में दाखिल की गई है। आरोप पत्र में अवैध खनन और मनी लॉन्ड्रिंग में सुनील यादव की भूमिका की विस्तृत जानकारी दी गयी है। ईडी के विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने शनिवार को बताया कि आरोप पत्र दाखिल किया गया है। दाहू और सुनील यादव सगे भाई हैं। इनपर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के साथ मिलकर अवैध खनन, अवैध परिवहन और साहिबगंज में गंगा नदी पर अवैध तरीके से जहाज परिचालन का आरोप है।

## इंग्लैंड की विश्व कप इतिहास में सबसे बुरी हार

*** साउथ अफ्रीका ने विश्व चैम्पियन को 229 रनों से रौंदा**




**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारत की मेजबानी में खेले जा रहे वनडे वर्ल्ड कप 2023 में साउथ अफ्रीका अपनी बेहतरीन फॉर्म में है. टीम ने अपने चौथे मुकाबले में शनिवार इंग्लैंड को 229 रनों के अंतर से बुरी तरह हराया. मैच में पहले अफ्रीकी बल्लेबाजों ने अपना कमाल दिखाया और 400 रनों का पहाड़ जैसा टारगेट दिया. इसके बाद गेंदबाजों ने अपना जादू दिखाते हुए इंग्लैंड की टीम को 22 ओवरों में 9 विकेट पर 170 रन ही बना सकी. इंग्लैंड के लिए कोई भी बल्लेबाज अफ्रीकी गेंदबाजों से लड़ता हुआ नहीं दिखा. बता दें कि तेज गेंदबाज रीस टॉपले चोट के कारण बल्लेबाजी करने नहीं आए. इंग्लैंड टीम के लिए तेज गेंदबाज मार्कवुड ने 10वें नंबर पर आकर सबसे ज्यादा 43 रनों की नाबाद पारी खेली. जबकि 9वें नंबर पर बैटिंग करते हुए गस एटकिंसन ने 35 रन बनाए. इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज 20 रनों का आंकड़ा नहीं छू सका.अफ्रीकी गेंदबाजों ने इंग्लैंड पर गजब का कहर ढाया.टीम के लिए तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएत्ज़ी ने सबसे ज्यादा 3 विकेट अपने नाम किए. जबकि लुंगी एनगिडी और मार्को जानसेन ने 2-2 सफलता अपने नाम की. कगिसो रबाडा और केशव महाराज ने 1-1 विकेट लिया.

**अफ्रीका के लिए क्लासेन ने खेली शतकीय पारी:** मैच में टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए अफ्रीकी टीम ने 7 विकेट गंवाकर 399 रनों का पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा किया. टीम के लिए हेनरिक क्लासेन ने 109 रनों की शतकीय पारी खेली. उन्होंने 61 गेंदों में शतक पूरा किया. जबकि रीजा हेंड्रिक्स ने 85, रासी वैन डेर डुसेन ने 60, एडेन मार्करम ने 42 और मार्को जानसेन ने नाबाद 75 रन बनाए. इंग्लैंड के लिए तेज गेंदबाज रीस टॉपले ने 3, जबकि पेसर गस एटकिंसन और स्पिनर आदिल राशिद ने 2 विकेट लिए.

**दोनों टीमें उलटफेर का हुई शिकार :** इंग्लैंड और अफ्रीका दोनों ही टीमें इस वर्ल्ड कप में अपना एक-एक मुकाबला हार चुकी हैं. खास बात यह है कि यह दोनों ही टीमें उलटफेर का शिकार हुई.

# प्रसाद कक्ष के बाहर शराब की बोतल व हड्डी मिलने पर बवाल



**पलामू पुलिस व प्रशासन ने संभाला मोर्चा, स्थिति नियंत्रण में**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर (पलामू) :** रेहला थाना क्षेत्र के गुरहा कला ग्राम पंचायत में सप्तमी के दिन मांस खाकर कुछ लोगों ने हड्डी प्रसाद कक्ष के बाहर रख दिया.जिसके बाद पूजा कमेटी और ग्रामीणों ने हंगामा करना शुरू कर दिया.सूचना मिलते ही रेहला पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और आरोपियों को ग्रामीणों से बचाकर थाना ले आई.आक्रोशित ग्रामीण थाना के समक्ष भी जमा हो गए और आरोपियों पर कड़े कानूनी कार्रवाई की मांग करने लगे. ग्रामीण भी थाना के समक्ष जमा हो गए.ग्रामीण आरोपियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की. गुरहा पंचायत भवन में पिछले पांच दिनों से मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण चल रहा था.जिसमे सखी मंडलों को मशरूम उत्पादन के बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा था.शनिवार को प्रशिक्षकों और प्रशिक्षण ले रहे कुछ लोगों ने मांस और भात खाया.आरोप है कि प्रशिक्षकों ने शराब का भी सेवन किया था.पूजा कमेटी के अध्यक्ष सुधीर सिंह का आरोप है कि खाने पीने के बाद इन लोगो ने जूठा मांस,हड्डी और शराब का खाली बोतल प्रसाद कक्ष के बाहर रख दिया.घटना की सूचना मिलने पर एसडीओ राजेश साह व एसडीपीओ सुरजीत कुमार रेहला थाना पहुंचे.दोनो अधिकारियों ने पूजा कमेटी के लोगों और ग्रामीणों से बात कर मामले को सुलझाया.पुलिस ने मुखिया राधाकृष्ण साव को पूछताछ हेतु थाना में बैठकर रखी है.मौके पर पुलिस निरीक्षक प्रियंका आनंद,बीडीओ विक्रम आनंद व थाना प्रभारी नेमधरी रजक भी मौजूद थे.एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने कहा कि ग्रामीणों ने इस संबंध मे एक आवेदन दिया है.आवेदन के आधार पर पुलिस कार्रवाई करेगी.मामला पूरी तरह से सुलझ गया है.

### एसआईटी से पहले एफआईआर दर्ज क्यों नहीं करती राज्य सरकार : भाजपा

**रांची:** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाडंगी ने शनिवार को बयान जारी कर झामुमो प्रवक्ता से सवाल करते हुए कहा कि झामुमो योगेंद्र तिवारी मामले में एसआईटी गठित करने से पहले एफआईआर दर्ज करने की मांग क्यों नहीं करती? उन्होंने कहा कि आखिर योगेंद्र तिवारी को शराब का ठेका किसने दिया? किसने टेंडर में ऐसे नियम जोड़े, जिसके कारण कोई साधारण ठेकेदार टेंडर भर ही नही पाए। आखिर शराब के टेंडर में 25 लाख रुपये का नॉन रिफंडेबल राशि का नियम किसके इशारे पर बनाया गया था। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के कौन कौन पदाधिकारी इस साजिश में शामिल थे और किसके इशारे पर शराब के टेंडर की शर्तें बदली जा रही थी। उन्होंने कहा कि ईडी की जांच चल रही है। सच सामने आएगा ही लेकिन जिसपर शंका की जा रही आखिर मुकदमा दर्ज क्यों नहीं कराती राज्य सरकार।

**यूपी : बालगृहों की हालत जेलों से भी बदतर**

# हाईकोर्ट ने कहा- ताजी हवा और रोशनी की भी दरकार



**एजेंसी**

**लखनऊ :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बालगृहों की स्थिति पर चिंता जाहिर की है। कोर्ट ने कहा है कि यूपी के बाल गृहों में रह रहे बच्चों को पौष्टिक आहार ही नहीं, बल्कि उन्हें सूरज की रोशनी, ताजी हवा की भी दरकार है। यहां की स्थिति जेलों से भी बदतर है। यह मौलिक अधिकारों का हनन है। कोर्ट ने कमियों को तुरंत दूर करने के लिए निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि मामले की अगली सुनवाई पर महिला एवं बाल विकास विभाग यूपी के प्रमुख सचिव अवलोकन कर बच्चों की संख्या, बालगृहों की संख्या बताएं। साथ ही सुधार के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी व्यक्तिगत हलफनामा पर प्रस्तुत करें। यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति अजय भनोट की खंडपीठ ने दिया है। कोर्ट ने सुधार के लिए कुल नौ बिंदुओं पर सुझाव दिए हैं। कहा है कि इनपर तुरंत अमल किया जाए। कोर्ट ने आदेश में बालगृहों का निरीक्षण करने वाले न्यायमूर्ति अजय भनोट का नाम भी दर्ज किया है। कोर्ट ने कहा है कि न्यायमूर्ति के निरीक्षण में कई कर्मियों का पता चला। इस उदासीनता को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। कोर्ट कहा कि जब तक बालगृहों के लिए एक मानक नहीं बनाया जाता तब तक इनको ऐसी जगह स्थानांतरित किया जाए, जहां खेल के मैदान समेत बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हों।

**कर्मचारियों की कुशलता पर सवाल**

कोर्ट ने कहा कि बालगृहों में तैनात पर्यवेक्षक या कर्मचारी प्रशिक्षित नहीं हैं। इससे बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। बच्चों के खाद्य पदार्थ सहित अन्य आवश्यकताओं के लिए कई वर्षों से बजट आवंटन में संशोधन नहीं किया गया है।इसका भी बच्चों के विकास पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। साथ ही कोर्ट ने कहा कि बालगृहों में शैक्षिक सुविधाएं बढ़ाई जाएं। व्यावसायिक प्रशिक्षण देने की भी व्यवस्था की जाए। बच्चों को आसपास के स्कूलों में दाखिला कराया जाए।